CMYK

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 11 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 167 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी : अखिलेश पेज 2



पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला लिया वापस खेल टाइम्स



मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका सम्पादकीय



शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री ! पेज 12

## हिमंता शूटिंग वीडियो विवाद में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई है। वीडियो में मुख्यमंत्री मुस्लिम लोगों की ओर राइफल ताने हुए दिखाई दे रहे थे। इस वीडियो के आधार पर वामपंथी नेताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीनियर वकील निजाम पाशा ने मंगलवार को यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत के सामने मेंशन किया। उन्होंने कहा कि असम के मौजूदा मुख्यमंत्री के भाषणों और हाल में सामने आए वीडियो को लेकर सुप्रीम कोर्ट के तत्काल हस्तक्षेप की जरूरत है। निजाम पाशा ने यह भी बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक किसी भी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जस्टिस सूर्यकांत ने यह भी कहा कि कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय करेगा। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं।



■ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के विवादित वीडियो को लेकर सीपीआई-एम व सीपीआई के नेताओं ने याचिका की दायर

### कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा, यही है असली बीजेपी, सामूहिक हत्यारे

कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं? वीडियो वायरल होने के बाद संगठन के प्रभारी कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने इस मुद्दे पर बीजेपी की आलोचना की।

वेणुगोपाल ने एक्स पर कहा कि एक आधिकारिक बीजेपी हैंडल ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अल्पसंख्यकों की टारगेटेड, प्वाइंट-ब्लैंक हत्या दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यह नरसंहार का आह्वान करने के अलावा और कुछ नहीं है। एक ऐसा सपना जिसे यह फासीवादी शासन दशकों से पाले हुए है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 27 जनवरी को कहा था कि राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में 4 से 5 लाख मियां मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि हिमंता बिस्व सरमा और भाजपा सीधे तौर पर मियां समुदाय के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों से मियां समुदाय को परेशान करने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम नहीं छोड़ेंगे। मियां बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अपमानजनक शब्द है। असम सीएम के मुताबिक वे मूल निवासियों के संसाधनों, नौकरियों और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। तिनसुकिया जिले के डिगबोई में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से सरमा ने कहा वोट चोरी का मतलब यह है कि हम कुछ मिया वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं। आदर्श रूप से उन्हें असम में वोट डालने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, बल्कि बांग्लादेश में वोट देना चाहिए।

■ यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी

## लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए उनके खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया है। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99 है। विपक्ष के लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध दायर इस अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में लगाए गए आरोपों की जांच होगी। नियमों के अनुसार जांच प्रक्रिया के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्यवाही को लेकर सचिवालय विचार करेगा। सूत्रों के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का यह नोटिस श्री बिरला को पद से हटाने के लिए अनुच्छेद 94(सी) के तहत दिया गया है। उन पर आरोप लगाया गया है कि वह सदन की कार्यवाही पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। नोटिस में कहा गया है कि वह सत्ता पक्ष के सदस्यों को पर्याप्त समय सदन में बोलने का देते हैं, जबकि विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने का मौका तक नहीं दिया जाता है और बार-बार और अनावश्यक रूप से उन्हें रोका तथा टोका जाता है। इसमें दो -शेष पृष्ठ दो पर



नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर, लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों की संख्या 99

प्रस्ताव पर फैसला होने तक सदन में नहीं आएंगे स्पीकर ओम बिरला, नौ मार्च को चर्चा की संभावना

### अविश्वास प्रस्ताव में हुई बड़ी चूक

#### 2026 की जगह लिखा 2025

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्ष की कोशिश उस समय अटक गई, जब प्रस्ताव के नोटिस में तकनीकी खामियां पाई गईं। नोटिस में वर्ष 2026 की जगह बार-बार 2025 लिखा गया था, जिसे गंभीर प्रक्रियागत चूक माना गया। इसके बाद कांग्रेस को संशोधित नोटिस के साथ प्रस्ताव दोबारा जमा करना पड़ा। प्रक्रियागत नियमों के अनुसार, ऐसे किसी भी प्रस्ताव में सभी जानकारियों का सटीक और तथ्यात्मक रूप से सही होना अनिवार्य होता है। साल की गलती सामने आने के बाद नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया, जिससे विपक्ष को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। यह मामला इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि हाल ही में तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए एक प्रस्ताव को भी तकनीकी कारणों से खारिज कर दिया गया था।

## पेंग्विन रैंडम हाउस ने कहा: अभी प्रकाशित नहीं हुई नरवणे की किताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में चल रहे जनरल मनोज नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स टॉफ डेस्टिनी' से जुड़े विवाद के बीच पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि उसके पास इस किताब के प्रकाशन अधिकार हैं और उसने अब तक इसे किसी भी रूप में प्रकाशित नहीं किया है।

प्रकाशक ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल नरवणे का संस्मरण डिजिटल रूप या प्रिंट रूप में न तो जनता के सामने रिलीज़ किया गया है, न बेचा गया है और न ही वितरित किया गया है। पीआरएचआई ने चेतावनी दी कि किताब का प्रिंट या पीडीएफ स्वरूप साझा करना उसके कॉपीराइट का उल्लंघन होगा। प्रकाशक ने कहा कि वह बिना इजाज़त के इस पुस्तक का वितरण करने वालों के खिलाफ़ उचित कानूनी कार्रवाई करेगा। बयान में कहा गया कि अपनी स्थिति साफ करने के लिए स्पष्टीकरण रिकॉर्ड में रखा जा रहा है। यह विवाद पिछले हफ्ते तब शुरू हुआ, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में हिस्सा लेते हुए अपने भाषण के -शेष पृष्ठ दो पर

### किताब पर जनरल नरवणे की पहली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर संसद में गतिरोध जारी है। इसी बीच पूर्व सेना प्रमुख ने विवाद पर विराम लगा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किताब से संबंधित प्रकाशक पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया के आधिकारिक बयान को रीपोस्ट किया। इससे पहले प्रकाशन ने कहा था कि कंपनी द्वारा पुस्तक की कोई भी प्रति मुद्रित या डिजिटल रूप में प्रकाशित, वितरित, बेची या किसी अन्य तरीके से जनता के लिए उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### मुझे लगता है जनरल नरवणे सही बोल रहे हैं : राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की पुस्तक के प्रकाशन को लेकर भ्रम की जो स्थिति सामने आई है उसमें सही वही लगता है जो जनरल नरवणे कह रहे हैं। श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कहते हैं कि किताब छपी है और इसे ऑफलाइन खरीदा जा सकता है जबकि पुस्तक के प्रकाशक पेंग्विन इसके प्रकाशन से इन्कार करता है। दुविधा की इस स्थिति में उन्हें लगा है कि पूर्व सेना प्रमुख सही बोल रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### अब एआई-जनित सामग्री की देनी होगी स्पष्ट जानकारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि ये प्लेटफॉर्म एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट रूप से लेबल (वाटरमार्क) लगाएं। ऐसी सामग्री में पहचान के लिए संकेत जरूर होने चाहिए। सरकार ने कहा कि एक बार एआई लेबल या मेटा डाटा लगाने के बाद उसे हटाया या दबाया नहीं जा सकता। सरकार ने कहा कि अब मानव निर्मित या कृत्रिम रूप से बनाई गई जानकारी को स्पष्ट रूप से पहचान योग्य लेबल के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। इसमें ऑडियो, वीडियो, फोटो या ग्राफिक सहित किसी भी डिजिटल सामग्री को शामिल किया गया है, जिसे कंप्यूटर या किसी संसाधन से बनाया गया, संशोधित किया गया या बदला गया हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी यूजर ऐसी सामग्री का गलत इस्तेमाल न करे। अगर कोई यूजर गैरकानूनी, अश्लील, धोखाधड़ी या बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री बनाए या साझा करे, तो प्लेटफॉर्म्स उसे रोकने के लिए स्वचालित तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

### दिल्ली में एक्यूआई 267 के साथ खराब श्रेणी में पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 267 के साथ 'खराब' श्रेणी में पहुंच गया। राजधानी के कई हिस्सों में मंगलवार सुबह धुंध की एक परत दिखाई दे रही थी, जबकि आनंद विहार, बवाना और नरेला जैसे इलाकों में एक्यूआई 'बहुत खराब' बताया गया, जिससे सेहत को लेकर नई चिंताएं बढ़ गईं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के मुताबिक मंगलवार सुबह एक्यूआई सोमवार की 206 से काफी ज्यादा था। सुबह करीब सात बजे, दिल्ली का औसत एक्यूआई 267 था। सबसे ज्यादा प्रभावित जगहों में, आनंद विहार में एक्यूआई 317 दर्ज किया गया, जबकि बवाना में 333 रिकॉर्ड किया गया और यह राजधानी के सबसे वायु प्रदूषित इलाके हैं।

### मणिपुर के उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी। उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं।

## सम्भल प्रकरण: एएसपी अनुज चौधरी को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की सीजेएम अदालत द्वारा एएसपी अनुज चौधरी समेत पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने तत्कालीन कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी राहत प्रदान की है।

न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने 9 जनवरी को पारित संभल सीजेएम न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता यामीन से दोनों याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई पांच सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत एएसपी अनुज चौधरी सहित 20 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

■ कोतवाली इंस्पेक्टर अनुज तोमर को भी मिली राहत

## असम में फाइनल वोटर लिस्ट प्रकाशित, 2.43 लाख नाम कटे

**गुवाहाटी।** चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को असम में हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) 2026 के तहत फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी।

ईसी के मुताबिक, ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए हैं। अब राज्य में कुल 2,49,58,139 वोटर्स रजिस्टर्ड हैं। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के बाद लिस्ट में 2,43,485 नाम हटाए गए हैं। अब फाइनल लिस्ट में 1,24,82,213 पुरुष, 1,24,75,583 महिलाएं और 343 थर्ड-जेंडर शामिल हैं। स्पेशल रिवीजन की इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 27 दिसम्बर 2025 को पब्लिश हुई थी। इस पर 27 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां करने का समय था। असम की 126 विधानसभा सीटों पर अगले तीन महीनों में चुनाव होने हैं। असमें 22 नवम्बर से 20 दिसम्बर 2025 तक पूरे राज्य में घर-घर (एच2एच) वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया था। इससे पहले चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की टाइमलाइन में बदलाव करते हुए फाइनल पब्लिकेशन की तारीख 14 फरवरी 2026 तक बढ़ा दी थी।

■ राज्य में अब 2.49 करोड़ वोटर्स, असम में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं

## मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोगों की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के महावन क्षेत्र स्थित खप्परपुर गांव में मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर से बरामद होने से सनसनी फैल गई। मृतकों की पहचान किसान मनीष, उनकी पत्नी सीमा और उनके तीन बच्चों के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, सुबह काफी देर तक घर से कोई बाहर नहीं निकला तो मनीष के भाई सुधीर को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर बेड पर मां और दो बच्चों के शव पड़े थे, एक बेटी का शव चारपाई पर मिला, जबकि मनीष का शव फर्श पर पड़ा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा है। पुलिस के अनुसार आशंका है कि मनीष ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर सोते हुए तीनों बच्चों का गला घोंट दिया और अंत में स्वयं करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर खून के निशान भी मिले हैं। पुलिस को घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। कमरे की दीवार पर एक सुसाइड नोट लिखा मिला है, जिसमें मनीष और सीमा द्वारा अपनी मर्जी से जान देने की बात कही गई है और पुलिस से किसी को परेशान न करने का अनुरोध किया गया है। एक कागज पर भी कथित सुसाइड नोट मिला है। इसके अलावा मनीष के मोबाइल फोन से 48 सेकंड का एक वीडियो बरामद हुआ है, जिसमें उसने आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। हालांकि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस अन्य संभावित पहलुओं जैसे आपसी रंजिश या अन्य कारणों की भी गंभीरता से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

■ प्रारंभिक जांच में मामला 'हत्या के बाद आत्महत्या' का प्रतीत हो रहा : एसएसपी

## यूजीसी नियमों ने उलझाई भाजपा की हिंदू एकजुटता की राजनीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा बीते कुछ समय से हिंदू मतदाताओं को धर्म के आधार पर एकजुट करने की रणनीति पर काम कर रही थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक रहेंगे तो नेक रहेंगे जैसे नारों के जरिये पार्टी जातिगत पहचान से ऊपर उठकर हिंदू वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास कर रही थी। हालांकि, केंद्र सरकार के अधीन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 2026 में जारी नए नियमों ने इस रणनीति को झटका दिया है और प्रदेश की राजनीति में नई असहजता पैदा कर दी है। यूजीसी के नए नियमों में उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव रोकने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष सुरक्षा प्रावधान किए गए। लेकिन इन नियमों में फर्जी शिकायतों पर दंड का स्पष्ट प्रावधान न होने से सामान्य वर्ग, खासकर अगड़े समाज में नाराजगी देखने को मिली। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि इन नियमों पर अंतरिम रोक लगा दी है, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि तब तक नुकसान हो चुका है। नियमों को लेकर पैदा हुए असंतोष ने एक बार फिर हिंदू समाज के भीतर जातिगत विभाजन को उजागर कर दिया है। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में भाजपा की चुनावी मजबूती ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ और भूमिहार जैसे वर्गों पर टिकी रही है। इन्हें पार्टी का कोर वोटर माना जाता है।

■ नए नियमों ने रणनीति को झटका दिया, उप्र की राजनीति में नई असहजता पैदा कर दी



## संक्षिप्त समाचार

### देश की हवाई पट्टियों पर निगरानी मजबूत करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने देश की विभिन्न हवाई पट्टियों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया है। पिछले दिनों महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती हवाई पट्टी पर हुए विमान हादसे में मौत के मद्देनजर मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम महत्वपूर्ण है। नायडू ने यहां मंगलवार को नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा, नागर विमानन महानिदेशालय में महा. निदेशक फैज अहमद किदवई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष विपिन कुमार और मंत्रालय तथा डीजीसीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में यह निर्देश दिया।

### सेशेल्स के राष्ट्रपति का आगरा दौरा रद्द

**आगरा।** सेशेल्स गणराज्य के राष्ट्रपति डा. पैट्रिक हर्मिनी का मंगलवार को प्रस्तावित आगरा दौरा रद्द हो गया है। पुरातत्व विभाग के अनुसार राष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ ताजमहल का दीदार करने आगरा आने वाले थे, लेकिन आगमन से ठीक पहले कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं।

### पप्पू को बेल, लेकिन जेल में ही रहेंगे

**पटना।** बिहार के पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने 31 साल पुराने मामले में जमानत दे दी है, लेकिन वे फिलहाल जेल में ही रहेंगे। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना और बुद्धा कॉलोनी थाने से जुड़े मामलों में पप्पू यादव को अभी जमानत नहीं मिली है। इन मामलों में बुधवार को सुनवाई होगी। तब तक पप्पू यादव पटना के बेऊर जेल में ही रहेंगे।

# यूपी में दिव्यांग पेंशन तीन गुना बढ़ी

## पात्र लाभार्थियों को मिलेगा सीधे लाभ: नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधान परिषद में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

विभाग की सभी योजनाएं टॉनलाइन, पारदर्शी और दलाल-मुक्त व्यवस्था के तहत संचालित की जा रही हैं, जिससे पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभ मिल रहा है। नरेंद्र कश्यप ने सदन को बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचा. लित विशेष विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वर्ष 2011 में चयनित जेटीसी ग्रेड शिक्षकों में से एलटी ग्रेड के 9 रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु 16 जुलाई 2025 को तथा एलटी ग्रेड से प्रवक्ता के 28 पदों के लिए 12 दिसम्बर 2022 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अध्याचन भेजा जा चुका है, जिस पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण कार्यक्रमों में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना अनिवार्य है। यदि भविष्य में इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कश्यप ने बताया कि भारत सरकार के स्वावलंबन पोर्टल के माध्यम से यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा रहे हैं। आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में 31 जनवरी 2026 तक 24,414 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 14,356 पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, 153 लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन तथा 321 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का लाभ दिया गया है। 31 दिसम्बर 2025 तक कोई भी पात्र लाभार्थी लंबित नहीं है। वर्ष 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले दिव्यांगजन एकीकृत सामाजिक पेंशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# देश में रहना है, तो कानून का पालन करना सीखें: योगी

**बाराबंकी, वार्ता**



■ बाबरी ढांचा फिर से नहीं बनेगा, कानून तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कयामत की कामना करने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि न तो कोई कयामत आने वाली है और न ही बाबरी ढांचे का निर्माण फिर कभी होगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में रहना है, तो कायदे से रहना सीखना होगा, क्योंकि कानून का पालन करने वाला ही लाभ में रहता है और कानून तोड़ने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री मंगलवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रुकने वाली नहीं है। यह सरकार जितना बोलती है, उतना ही करती है और उतना ही बोलती है जितना करने का संकल्प लेती है। जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वह दिन आने वाला नहीं है। बाबरी मस्जिद अब कभी नहीं बनेगी और सरकार अपनी विरासत को निरंतर सशक्त करती रहेगी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में गौरवपूर्ण क्षण आया। कई सरकारें आईं और गईं, अनेक राजा-महाराजा हुए, लेकिन राम मंदिर का निर्माण नहीं हो सका। आज यह कार्य संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा, ष्राम सबके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग अवसरवादी रवैया अपनाते हुए संकट के समय राम को याद करते हैं और शेष समय उन्हें भूल जाते हैं। ऐसे लोगों को अब आत्मचितन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कयामत की प्रतीक्षा करने के बजाय हिदुस्तान में कानून का पालन करना सीखें। कानून मानेंगे तो लाभ में रहेंगे, अन्यथा कानून तोड़ने वालों का भविष्य अंधकारमय होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतवासी का ध्येय 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' होना चाहिए। देश वैभवशाली और विकसित बने, यही सरकार का लक्ष्य है।

### प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने जमीन से जुड़े और जनजातीय समाज के सशक्त नेताओं को खो दिया है, जिनका जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान रहा। फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हुआ। वे दूसरी बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। योगी ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार स्वभाव के और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे।

## खड़गे ने केंद्र पर संप्रभुता, किसानों एवं उद्योग से विश्वासघात का लगाया आरोप

# किसानों की पीठ में घोपा गया छुरा: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जीएम पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ किसानों और पशु धन को नुकसान होगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिका के साथ हुए समझौते को 'ट्रैप डील' करार दिया और कहा कि इस समझौते की सच्चाई अब धीरे-धीरे सामने आ रही है और यह भारत के रणनीतिक, आर्थिक और कृषि हितों के खिलाफ है।

खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए आरोप लगाया कि रूसी तेल को लेकर भारत की रणनीतिक मामलों से समझौता किया गया है। उन्होंने इसे देश की संप्रभुता पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि किसानों के 'पीठ में छुरा' घोंपा गया है। पहली बार भारतीय कृषि को विदेशी उत्पादों के लिए पूरी तरह खोला गया है। व्हाइट हाउस के नए दस्तावेज में चुपचाप 'दालों' को शामिल किया गया, जो पहले संयुक्त बयान का हिस्सा नहीं थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने डेयरी क्षेत्र को लेकर भी चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिकी आनुवंशिक रूप से परिवर्तित (जीएम) पशु आहार के आयात से देश के दो करोड़ दुग्ध किसानों और देशी पशुधन को नुकसान होगा। उन्होंने परिधान उद्योग पर असर का जिक्र करते हुए कहा कि जहां भारत पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क थोपा गया, वहीं बंगलादेश को शून्य शुल्क का लाभ दिया गया। खड़गे ने सवाल किया कि यह जीत है या फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झूठी लोकप्रियता में लिपटी देशहित की कुर्बानी।

### भाजपा सांसद के 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर भड़के तृणमूल सदस्य

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के कोल. काता बंदरगाह के एक हिस्से पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाते हुए उसे 'मिनी पाकिस्तान' कहने पर विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताई और सदन के बीचों-बीच आकर नारेबाजी की। प्रश्नकाल शुरू होते ही भट्टाचार्य ने बालागढ़ लॉजिस्टिक्स परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए अंग्रेजी में अपना पूरक प्रश्न पूछा। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के बंगला भाषा में इसका जवाब देते हुए कहा कि यह परियोजना 900 एकड़ में होगी जिसमें कोलकाता के मौजूदा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह की 300 एकड़ जमीन भी शामिल है।

### विदेशी निर्भरता से किसान बर्बाद, भाजपा किसान विरोधी: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि खेती से जुड़ी हर चीज़ विदेश से आएगी तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा। मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने कहा कि जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा। आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती। भाजपा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने देश के अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है।

# भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नियमों के अनुपालन को लेकर सरकार प्रतिबद्ध: केशव मौर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को विधान परिषद में 2026-27 के बजट सत्र के दौरान स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार सरकारी सेवाओं में आरक्षण संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प पर पूरी तरह दृढ़ है। उन्होंने कहा कि आरक्षण नीति को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं है और सभी भर्तियां नियमों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से की जाएंगी।

उप मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि प्रदेश में सरकारी सेवाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुस. ूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी एक वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है, बल्कि आरक्षित वर्ग का कोई भी पात्र अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में भी चयनित हो सकता है। केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा 30 दिसम्बर 2025 को शासनादेश जारी किया जा चुका है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप हो।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


**सेंसेक्स** 84273.92
**निफ्टी** 25935.15


**सोना** 157550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


**चांदी रु.** 257567
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन रही तेजी

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200 अंक से अधिक के बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 208.17 अंक (0. 25 प्रतिशत) चढ़कर 84,273.92 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 67.85 अंक यानी 0. 26 प्रतिशत ऊपर 25,935.15 अंक पर रहा। यह दोनों का 7 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है।

चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत चढ़ गया। टॉटो, मीडिया, धातु, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा जबकि फार्मा, स्वास्थ्य, रसायन और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में बिकवाली हावी रही। संसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टाटा स्टील में भी करीब तीन फीसदी की तेज रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एलएंडटी, टीसीएस, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में रहे। हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.86 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स और आईटीसी के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# चांदी और सोने की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। सोना 1,525 गिरकर 1,57,550 पर आ गया, चांदी भी 3,129 सस्ती होकर 2,57,567 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है। मंगलवार को खरीदारों और निवेशकों के लिए अच्छी खबर आई।

चांदी 4.20 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 1.63 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो गई है। वहीं सोना 1.94 लाख के ऑल टाइम हाई से अब तक 37,000 रुपये से ज्यादा नीचे जा चुका है। अगर कोई भारतीय नागरिक एक साल से ज्यादा समय विदेश में रहा है, तो वह सीमित मात्रा में सोने के गहने बिना ड्यूटी भारत ला सकता है। पुरुषों के लिए यह सीमा 20 ग्राम और महिलाओं के लिए 40 ग्राम है। यानी पुरुष यात्री 20 ग्राम और महिला यात्री 40 ग्राम तक के सोने के गहने बिना किसी टैक्स यानी ड्यूटी फ्री ला सकते हैं। रीवा के सर्राफा व्यापारी लखनलाल खंडेलवाल कहते हैं कि सिर्फ विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि भारत में शादियां हो या कोई त्योहार हो, एक दूसरे को उपहार दिया ही जाता है। ऐसे मौके पर कई लोग सोना-चांदी जैसे मूल्यवान धातुएं तोहफे में देते हैं, लेकिन इन मेटल्स की कीमत बढ़ने के कारण अब लोग सोना चांदी खरीदने का प्लान कैंसिल करके दूसरे ऑप्शन (हीरा, प्लैटिनम, आभूषणों के अलावा अन्य उपहार) की तलाश कर रहे हैं। सोने चांदी की कीमतें बढ़ने के पीछे भू राजनीतिक तनाव का बढ़ना, फेड रेट कट की बढ़ती उम्मीद और मार्केट में बढ़ रही अनिश्चितताओं की स्थिति है। सोने के दाम बढ़ने के कारण मध्य और गरीब परिवारों के लिए सोना खरी. दना महंगा हो गया है।

# चावल, चीनी, खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और खाद्य तेलों की कीमतों में भी तेजी रही, जबकि गेहूं के भाव गत दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,849 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा चार रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की औसत कीमत 42 रुपये और उड़द दाल की 20 रुपये बढ़ गई। मसूर दाल 12 रुपये और मूंग दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम टॉयल का अप्रैल वायदा 63 रिंगिट टूटकर 4,097 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.49 प्रतिशत फिसलकर 56.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में वनस्पति की औसत कीमत 60 रुपये और मूंगफली तेल की 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम टॉयल 13 रुपये और सोया तेल 10 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल छह रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे, जबकि चीनी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800



Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**लोकसभा अध्यक्ष...**

फरवरी और तीन फरवरी का विवरण दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। विपक्ष के नोटिस में श्री बिरला के उस बयान को भी दिया गया है, जिसमें उन्होंने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नहीं आने का कारण बताया है। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल का है, जबकि दूसरे स्थान पर द्रमुक के टीआर बालू का और फिर समाजवादी पार्टी के धमेंद्र यादव का है। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नैतिक आधार पर फैसला किया है कि वह अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे तक सदन में नहीं जाएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उनका यह कदम कांग्रेस की ओर से मंगलवार से उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के बाद आया। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन के सचिव को निर्देश दिया कि वह उनके खिलाफ अविश्वास नोटिस की समीक्षा करें और उपयुक्त कार्रवाई करें। वहीं, भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि (लोकसभा में विपक्ष के नेता) राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। पात्रा ने कांग्रेस पर तमिलनाडु के जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना का आरोप भी लगाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि मंगलवार को दोपहर 1:14 बजे उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। सूत्रों के अनुसार, कुल 118 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने कहा कि विपक्ष के सां. सदों ने आरोप लगाया कि लोकसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट तौर पर पक्षपाती व्यवहार किया और विपक्ष के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं दी।

**पेंग्विन रैंडम...**

दौरान संस्मरण के कुछ हिस्सों का जिक्र किया, जिसे उन्होंने 'प्रिंट से पहले का' स्वरूप बताया। उनकी बातों का सत्ता पक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध किया, जिससे सदन में बार-बार रुकावट आई। इस मुद्दे पर कई बार रोक लगने के बावजूद, लोकसभा ने आखिरकार विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ध्वनि मत से धन्यवाद प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज़ फ़ोरम पर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की कथित प्रिंट-पूर्व संस्करण की मौजूदगी के बारे में चल रहे दावों पर ध्यान दिया है। विशेष सेल ने एक मामला दर्ज किया है, ताकि 'मंजूरी मिलने से पहले प्रकाशन के कथित वितरण' की जांच की जा सके। पुलिस अधिका. रियों ने पुष्टि की कि इन दावों की असलियत जांच करने और कथित वितरण के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में 17.6 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों और अच्छी फसल के कारण वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 17.61 प्रतिशत बढ़कर 27,22,558 इकाई पर पहुंच गई। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में दुपहिया की बिक्री एक साल पहले के मुकाबले 20.82 फीसदी बढ़कर 18,52,870 इकाई पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 5,13,475 इकाई रही, जो 7.22 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 15.07 प्रतिशत और तिपहिया की 18.80 प्रतिशत बढ़ी। देश में जनवरी में कुल 1,07,486 वाणिज्यिक वाहन और 1,27,134 तिपहिया वाहन बिके। ट्रैक्टरों की बिक्री 22.89 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,14,759 इकाई पर पहुंच गई। निर्माण उपकरणों की बिक्री में 21.09 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 6,834 इकाई दर्ज की गई। बिक्री बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान दुपहिया वाहनों का रहा। दुपहिया वाहनों की 56 प्रतिशत बिक्री ग्रामीण क्षेत्रों में और 44 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में हुई।

# जानबूझकर अस्थिरता व भ्रम का माहौला बना रहा विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी के प्र्वक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार को विशेष गहन पुनीरीक्षण (एसआईआर) पर विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वह संसद और संवैधानिक संस्थानों को लेकर देश में जानबूझकर अस्थिरता और भ्रम का माहौल बना रही है।

पात्रा ने मंगलवार को यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला आज का नहीं है, बल्कि जब से भाजपा-राजग की सरकार बनी है, तब से राहुल गांधी, कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जॉर्ज सोरोस के इशारों पर उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग, लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक संस्थानों पर लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस और अब ममता बनर्जी एसआईआर को फर्जी बताकर भाजपा एवं भारतीय लो. कतंत्र के खिलाफ एक खास नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह प्रचार कर रहा है कि एसआईआर चुनावी सूची की शुचिंता के लिए नहीं, बल्कि भाजपा के राजनी. तिक लाभ के लिए है और यह पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी है। पात्रा ने कहा कि बीते सप्ताह सुश्री ममता ने उच्चतम न्यायालय में दावा किया था कि एसआईआर के माध्यम से पश्चिम बंगाल में अत्याचार हो रहा है और इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया कि एसआईआर को रोका नहीं जाएगा, जिसे उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार के लिए करारा झटका बताया। उन्होंने कहा कि शीर्ष न्यायालय का यह निर्णय लो. कतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को और मजबूत करता है।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की ईपीएफ राशि खातों में जमा कराने की उठी मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने नियम 115 के अंतर्गत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से की जा रही ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) कटौती की राशि कर्मचारियों के खातों में अनिवार्य रूप से जमा कराए जाने की मांग उठाई। उन्होंने इस विषय को लोक महत्व का बताते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि राज्य में आउटसोर्सिंग के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आउटसोर्सिंग सेवा निगम बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी पूरे प्रदेश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का शोषण आम बात थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस दिशा में सकारात्मक पहल की है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के कई हिस्सों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से ईपीएफ की कटौती तो नियमित रूप से की जा रही है, लेकिन संबंधित धनराशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही है। इस स्थिति से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और वे लगातार संबंधित विभागाध्यक्षों से शिकायत कर रहे हैं।

# सीएम ने किया मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से 484 लाभार्थियों को भेजी 3 करोड़ 45 लाख 34,500 रुपए की धनराशि

■ राज्य की लाखों महिलाओं के संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास को मिलेगी नई दिशा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने योजना का शुभारंभ करते हुए प्रथम चरण में जनपद बागेश्वर (42 लाभार्थी), देहरादून (191), नैनीताल (75), पौड़ी (66), टिहरी (23) एवं उधमसिंहनगर (87) के कुल 484 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 3 करोड़ 45 लाख 34,500 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में भेजी। इसके साथ मुख्यमंत्री ने विभागीय कैलेंडर का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी और उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा राज्य की लाखों महिलाओं के संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास को नई दिशा दी जा रही है। महिलाओं के बिना किसी भी राष्ट्र और समाज की उन्नति संभव नहीं है। महिला के सशक्त होने से परिवार के साथ पूरा समाज सशक्त होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत कुल 484 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 3 करोड़ 45 लाख 34,500 की धनराशि दी जा रही है। शेष 7 जनपदों की 540 महिलाओं को भी लगभग 4 करोड़, महीने के अंत तक डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा इस योजना में हमने विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा या किसी भी कारण से अकेले जीवन का भार उठाने वाली महिलाओं के साथ एसिड अटैक, आपराधिक घटना की पीड़िता, ट्रांसजेंडर्स को भी शामिल किया है।

कार्यक्रम में विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंसीलाल राणा, उपनिदेशक विक्रम सिंह, आरती फलोदी, नीतू फुलेरा, मोहित चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित है राज्य सरकार: धामी

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, राज्य की मातृशक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, नौकरियों में प्रदेश की महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, सशक्त बहना उत्सव योजना, मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के माध्यम से राज्य की मातृशक्ति को नए अवसर प्रदान किए जा रहें हैं। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को एक ब्रांड के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### एकल महिलाओं के लिए वरदान बनेगी स्वरोजगार योजना : रेखा आर्या

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह योजना तलाकशुदा, परित्यक्ता, विधवा अथवा अन्य कारणों से एकल हुई महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य महिलाओं को केवल सहायता देना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। रेखा आर्या ने लाभार्थी महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि आज महिलाओं को सिर्फ दिखावटी सम्मान नहीं, बल्कि वास्तविक अवसरों की जरूरत है। उन्हें सहारा नहीं बल्कि सशक्तिकरण, उपकार नहीं बल्कि आत्मविश्वास, और सीमाओं में कैद जीवन नहीं बल्कि तरक्की की ऊँची उड़ान भरने के लिए खुला आसमान चाहिए। यह योजना महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी नई ऊँचाई प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि लाभार्थी महिलाओं से बातचीत के दौरान यह स्पष्ट महसूस हुआ कि यह योजना जरूरतमंद बहनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है और इससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना के तहत बाकी सात जनपद की कुल 540 महिलाओं का चयन हो गया है और उन्हें धनराशि इसी माह के अंत तक वितरित कर दी जाएगी।

### भावुक होकर रो दी कई महिलाएं

इस योजना के तहत जिन महिलाओं को धनराशि दी गई है उन सभी का जीवन बहुत संघर्षमय रहा है। धनराशि वितरण से पहले कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने जब उन महिलाओं से अपने अनुभव बताने को कहा तो कई महिलाएं भावुक हो गई। उनका कहना था कि अपना रोजगार करने के बाद में समाज में सम्मान के साथ अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी।

# बीमार पिता को भरण-पोषण न देने पर 1.50 लाख की आरसी जारी



■ बुजुर्ग माता-पिता की सेवा में कोताही अब भारी पड़ेगी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बुजुर्ग माता-पिता की सेवा में कोताही और अदालती आदेशों की अवहेलना अब भारी पड़ेगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने जनदर्शन में आए एक भावुक मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए, अपने बीमार पिता को प्रताड़ित करने वाले पुत्र के खिलाफ 1.50 लाख रुपये की आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी करने के निर्देश दिए हैं।

जनता दर्शन कार्यक्रम में 68 वर्षीय अशोक धवन ने डीएम को अपनी व्यथा सुनाई। उन्होंने बताया कि गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने के बावजूद उनके पुत्रों द्वारा उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की जा रही है। एसडीएम कोर्ट ने वर्ष 2023 और फिर जुलाई 2025 में पुत्र को भरण-पोषण राशि देने का आदेश दिया था, लेकिन पुत्र ने एक रुपया भी नहीं दिया। उनका पुत्र नितिन धवन प्रतिमाह करीब 6 लाख रुपये वेतन प्राप्त करता है, लेकिन पिता को तय राशि देने से इनकार कर रहा है।सितंबर 2023 में कोर्ट ने 4,000 रुपये प्रतिमाह और जुलाई 2025 में इसे बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रतिमाह किया था। तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पैसे मांगने पर बुजुर्ग को घर से निकालने की धमकी और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही है।मामले की गंभीरता देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल आरसी जारी कर बकाया राशि वसूलने के आदेश दिए।

# एक दर्जन प्राथमिक विद्यालयों का होगा पुनर्निर्माण: डॉ. रावत



■ विद्यालय भवनों के मरम्मत व निर्माण कार्य को 568 लाख की धनरा. शि मंजूर
■ विभागीय अधिकारियों को निर्देश, नियत समय पर पूर्ण हो निर्माण कार्य

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्राथमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत जर्जर हो चुके एक दर्जन से अधिक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का शीघ्र पुनर्निर्माण किया जायेगा। इन विद्यालयों के भवनों के निर्माण व मरम्मत कार्यों के लिये रू0 568.85 लाख की धनराशि मंजूर कर दी है साथ ही उक्त निर्माण कार्यों के लिये कार्यदायी संस्था भी नामित कर दी गई है। शीघ्र ही इस संबंध में शासन स्तर से आदेश जारी कर दिये जायेंगे।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास कर रही है। विद्यालयों में भौतिक संसाधनों, अवसंरचनात्मक कार्यों से लेकर शिक्षकों की तैनाती कर उन्हें सुविधा सम्पन्न बनाया जा रहा है, ताकि प्राथमिक स्तर पर प्रदेश के नौनिहालों को बेहतर शिक्षा मुहैया हो सके। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों रूद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, टिहरी, देहरादून व चमोली में जर्जर व क्षतिग्रस्त हो चुके 16 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के पुनर्निर्माण को रू0 568.85 लाख की धनराशि मंजूर कर दी है। जिसमें रूद्रप्रयाग जनपद के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुराड़ी, छतोड़ा, कमसाल, जसोली, सल्या में विद्यालय भवन के पुनर्निर्माण के लिये 32-32 लाख स्वीकृत किये हैं जबकि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पौड़ीखाल में पुनर्निर्माण के लिये 40.30 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पिथौरागढ़ जनपद में राजकीय प्राथमिक विद्यालय लास्पासांई में भवन पुनर्निमाण के लिये 39 लाख, गैला में कक्षा-कक्ष व प्राधानाध्यापक कक्ष के निर्माण को 20.47 लाख जबकि मल्ला वल्थी के लिये 20.30 लाख की धनराशि मंजूर की गई है। टिहरी जनपद में राजकीय प्राथमिक विद्यालय तिखोन के लिये 34.86, सौन्दकोटी मल्ली 37.36, मंजूरीडागर 39.94 तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय क्यारी-जमुण्डा के पुनर्निर्माण के लिये 29.59 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार जनपद चमोली में राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाषनगर के भवन पुनर्निर्माण को 77.11 लाख जबकि देहरादून जिले में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बद्रीपुर के भवन पुनर्निर्माण को 33.05 लाख तथा प्राथमिक विद्यालय बापूनगर जाखन के पुनर्निर्माण को 36.87 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ इन विद्यालयों में निर्माण कार्य के लिये ग्रामीण निर्माण विभाग के साथ ही पेयजल निगम को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। डा. रावत ने बताया कि इन सभी प्राथमिक विद्यालयों में मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिये विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिये गये हैं।

### जन-जन की सरकार के तहत सात शिविर का आयोजन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान निरंतर जनसेवा, सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इस अभिनव अभियान के माध्यम से शासन को सीधे आम जनता से जोड़ते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत मंगलवार को कुल 7 शिविरों (कैंपों) का आयोजन किया गया, जिनमें 5,507 नागरिकों ने प्रतिभाग कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। यह दर्शाता है कि आमजन का सरकार पर विश्वास निरंतर मजबूत हो रहा है।

# सहस्त्रधारा से पूर्णागिरी के लिए हवाई सेवा शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश

■ उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के सम्बन्ध में बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने आदि कैलाश, नाभिडांग और और जॉलीकाँग को हवाई सेवा से जोड़े जाने के लिए कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहस्त्रधारा से पूर्णागिरी के लिए भी हवाई सेवा शीघ्र शुरू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई सम्पर्क बढ़ाए जाने की सम्भावनाएं तलाशे जाने के लगातार प्रयास किए जाएं। उन्होंने प्रदेश में पर्यटन सर्किट के विकास के ध्यान में रखते हुए हैलीपैड और हैलीपोर्ट सुविधाओं को बढ़ाए जाने पर जोर दिया। सचिव सचिन कुर्वे ने कहा कि प्रदेश में हेलीपैड और हेलीपोर्ट विकसित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नैनीसैनी एयरपोर्ट को एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया को हैंड ओवर किया जाएगा।

इस अवसर पर पर सचिव सचिन कुर्वे एवं अपर सचिव आशीष चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# दोनों मंडलों में होगा उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बहुउद्देशीय भवन/सामुदायिक भवन का निर्माण



■ मुख्यमंत्री ने दी सहमति, उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के दोनों मंडलों में उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण बहुउद्देशीय भवन/सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा इन भवनों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित भवनों में बैंकट हॉल, गेस्ट हाउस, सभागार, प्रशिक्षण कक्ष, बैठक कक्ष एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं प्रशासनिक गति. विधियों का संचालन किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को बहुउद्देशीय भवन की डीपीआर शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओबीसी बाहुल्य क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए तथा नियमित समीक्षा के माध्यम से प्रगति की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, अपर सचिव नवनीत पांडे, अपर सचिव संदीप तिवारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सरकार के ताबूत में आखिरी कील का काम करेगा लोक भवन कूच: प्रीतम

■ 16 फरवरी को लोक भवन घेराव में जनता देगी करारा जवाब: कांग्रेस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, चकराता विधायक, कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष एवं सीईसी सदस्य प्रीतम सिंह ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में 16 फरवरी को प्रस्तावित लोकभवन घेराव को लेकर एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक ली।

बैठक में रायपुर, राजपुर, मसूरी सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत भी शामिल हुए।

प्रीतम सिंह ने कहा कि 16 फरवरी राजभवन कूच ऐतिहासिक होगा जो राज्य की वर्तमान सरकार के ताबूत में आखिरी कील का काम करेगा। प्रीतम सिंह ने कहा कि आज जनता वर्तमान भाजपा सरकार से बहुत अधिक त्रस्त है, ऐसे में मुख्य विपक्षी दल होने के नाते कांग्रेस पार्टी का दायित्व है कि वह आम जनता के मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक सरकार से जवाब देही तय करे। प्रीतम ने कहा कि धामी सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल हो चुकी है। महिला अपराध बेलगाम हैं, बेरोजगार युवा सड़कों पर हैं, विभाग भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, किसान आत्महत्या को मजबूर हैं। इन ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा एक बार फिर 2022 की तरह "धार्मिक ध्रुवीकरण " का झूठा और सां. प्रदायिक राग अलाप रही है। लोकभवन घेराव के माध्यम से धामी सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार और असंवे. दनशीलता के खिलाफ निर्णायक आवाज बुलंद की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से संजय शर्मा लालचंद शर्मा गरिमा मेहरा दसौनी, डॉ जसविंदर सिंह गोगी सूरत सिंह नेगी सुशांत बोरा महेंद्र नेगी नवीन जोशी वीरेंद्र पोखरियाल मदनलाल सोनिया आनंद रावत शिवानी थपलियाल मोहन काला रितेश छेत्री आदि मौजूद रहे ।

### कूच ने उड़ा रखी है सरकार और प्रशासन की नींद: हरक

चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्व का बिना मंत्री डॉ हरक सिंह रावत ने कहा कि वह राज्य सरकार की जन् विरोधी नीतियों,राज्य में व्याप्त अन्याय अराजकता और अत्याचार के खिलाफ पूरे प्रदेश में भ्रमण करके 16 फरवरी को होने वाले राजभवन कूच के लिए जन सहभागिता सुनिश्चित करने का कार्य कर रहे हैं और यह कूच भूतो ना भविष्यति यानि राज्य गठन के बाद सबसे बड़ा ऐतिहासिक कूच होने जा रहा है जिससे राज्य सरकार और प्रशासन की नींद उड़ा रखी हैं।

### भाजपा दे जवाब, जॉर्ज एवरेस्ट की अरबों रुपए की भूमि कौड़ियों के भाव किसे और क्यों दी गई?

प्रीतम सिंह ने भाजपा को करारा जवाब देते हुए कहा कि देशभर में सरकारों द्वारा समय-समय पर शैक्षणिक संस्थानों को भूमि आवंटन की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जवाब देना चाहिए कि जॉर्ज एवरेस्ट, जो उत्तराखंड की अमूल्य धरोहर है, उसकी अरबों रुपये की भूमि कौड़ियों के भाव किसे और क्यों दी गई? डाकपत्थर, ऊधमसिंह नगर सहित प्रदेश की बहुमूल्य भूमि किस प्रकार भू-माफियाओं के हवाले की जा रही है वह किसी से छुपा नहीं है। आज खनन माफिया, शराब माफिया और भू-माफिया राज्य की सरकार चला रहे हैं।

## कपकोट की नई उड़ान: ग्रामीण बागेश्वर बना एडवेंचर टूरिज्म का चमकता सितारा

# पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप ने कपकोट को दिलाई पर्यटन मानचित्र पर खास जगह

■ राष्ट्रीय स्तर के आयोजन से कपकोट में साहसिक पर्यटन को मिला नया प्रोत्साहन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उत्तराखंड में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के विजन के अनुरूप, सुदूर पर्वतीय क्षेत्र कपकोट अब एडवेंचर टूरिज्म के राष्ट्रीय मानचित्र पर मजबूती से उभर रहा है।

फरवरी 5 से प्रारंभ बागेश्वर जनपद में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय एक्युरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता ने इस शांत ग्रामीण अंचल को देशभर के रोमांच प्रेमियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना दिया है।

जालेख की पहाड़ियों से उड़ान भरते रंग-बिरंगे पैराग्लाइडरों से सजा कपकोट का आसमान पूरे आयोजन के दौरान उत्सव का अहसास कराता रहा। देश के विभिन्न राज्यों से आए 92 पायलटों ने इस प्रतियोगिता में पंजीकरण कराया, जिनमें से 78 प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। हजारों स्थानीय दर्शकों और पर्यटकों की उपस्थिति ने यह सिद्ध कर दिया कि कपकोट में साहसिक खेलों के प्रति जबरदस्त उत्साह है। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे और क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने इसे बागेश्वर के लिए ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होती है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं।

पहले दिन से लेकर समापन तक प्रतियोगिता का रोमांच चरम पर रहा। विशेषज्ञों के अनुसार कपकोट का भौगोलिक परिवेश पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग और अन्य साहसिक खेलों के लिए अत्यंत अनुकूल है। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और सुरक्षा संबंधी सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और अधिक पेशेवर बना।

समापन समारोह में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने स्वयं जालेख से उड़ान भरकर इस रोमांच का अनुभव लिया और कहा कि "कपकोटख्रबागेश्वर अब एडवेंचर टूरिज्म के नए गंतव्य के रूप में स्थापित हो चुका है। भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।"

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे मनीष उप्रेती को घ्1,00,000, द्वितीय स्थान पर रहे मनीष भंडारी को घ्50,000 तथा तृतीय स्थान पर पंकज कुमार को घ्30,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। महिला पायलटों को भी विशेष प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता ने स्पष्ट संदेश दिया है, कभी शांत समझा जाने वाला कपकोट अब केवल एक ग्रामीण इलाका नहीं, बल्कि देश का उभरता

### साइबर ठगों से बचना है तो इंटरनेट पर सावधानी ही सुरक्षा का मंत्र: पांडेय

**देहरादून।** 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' के अवसर पर मंगलवार को एनआईसी सभागार में एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकुश पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में सरकारी कार्मिकों और स्कूली बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित व जिम्मेदार उपयोग के गुर सिखाए गए।कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री अंकुश पांडेय ने कहा कि वर्तमान दौर में इंटरनेट और एआई हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। उन्होंने जोर दिया कि इंटरनेट जहाँ सूचनाओं का भंडार है, वहीं असामाजिक तत्व इसका दुरुपयोग कर साइबर फ्रॉड और डेटा चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ष्सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

# फायर स्टेशन का कार्मिक 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार



■ भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के तहत मिली बड़ी सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत सोमवार देर शाम एक और बड़ी सफलता मिली है। फायर स्टेशन कोटद्वार में तैनात लीडिंग फायरमैन रणधीर सिंह को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए फायर स्टेशन के पास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी फायरमैन पर आरोप है कि वह मालिनी वैली कॉलेज ऑफ एजूक. ेशन, कोटद्वार की बिल्डिंग की फायर एनओसी के नवीनीकरण के नाम पर शिकायतकर्ता से अवैध धनराशि की मांग कर रहा था। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता कॉलेज भवन की फायर एनओसी रिन्यूअल प्रक्रिया पूरी कराने के लिए फायर स्टेशन कोटद्वार के चक्कर लगा रहा था। इसी दौरान लीडिंग फायरमैन रणधीर सिंह ने एनओसी नवीनीकरण के बदले 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। आरोपी ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया कि बिना पैसे दिए एनओसी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। भ्रष्टाचार से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की सूचना संबंधित एजेंसी को दी, जिसके बाद एक गोपनीय ट्रैप योजना तैयार की गई। पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत जैसे ही आरोपी ने फायर स्टेशन के पास रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे रंगे हाथ धर दबोचा।

# उदयराज कालेज की फेयरवेल पार्टी में महापौर ने छात्रों को किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज में 12वीं कक्षा की विदाई पार्टी समारोह में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन परम्परा का अनूठा संगम देखने को मिला। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर दीपक बाली ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय में 11वीं के छात्रों द्वारा बुलाई गई आर्केस्ट्रा पार्टी और डीजे पर छात्रों ने जमकर डांस और गीत गाकर आंनद उठाया। वहीं विद्यालय के पूर्व छात्र अज्जू प्रिंस तथा अध्ययनरत छात्र अनस ने खामोशियां एक साज है, संयारा तू तो बदला नहीं है, कैसे हुआ इतना जरूरी कैसे हुआ, वो लम्हें गानों से समूचा प्रांगण मंत्रमुग्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के पूर्व छात्र मुख्य अतिथि महापौर दीपक बाली, प्रदीप कुमार सपरा, डॉ. मनोज मिश्रा, अनुज



भाटिया, डॉ. गौरव गर्ग, पीसी तिवारी को स्मृति चिन्ह् प्रदान कर विद्यालय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर श्री बाली ने छात्रों को जीवन में धैर्य और साहस तथा परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बोर्ड परीक्षार्थियों को सर्वोच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दीं। संचालन पंकज अग्रवाल ने किया। इस दौरान प्रबंध कार्यकारिणी उपमंत्री संजय अग्रवाल, सदस्य मनोज कुमार अग्रवाल, अभिषेक गोयल, कपिल अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता मेजर मुनीशकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्या, मनोज शर्मा, अमित कुमार शर्मा, पंकज अग्रवाल, रणधीर सिंह, कौशलेश गुप्ता, सुनील कुमार उपाध्याय, कपिल भारद्वाज, जयदीप सिंह, अनिल कुमार सिंह, पंकज तिवारी, रमेश कुमार पांडेय, रणधीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मधुबाला गुप्ता, पूनम चंयाल, कल्पना नौडियाल, मनीषा चौहान, रंजना चौहान, नीलम सूंठा, एकता अग्रवाल, नीतू श्रीवास्तव समेत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र मौजूद रहे।

# समर स्टडी में पेरेंटिंग वर्कशॉप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल विद्यालय में वंडर ब्रेन के तत्वावधान में एक पेरेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने सराहा। इन प्रस्तुतियों ने यह दर्शाया कि बच्चों के भावनात्मक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में सकारात्मक मार्गदर्शन कितना आवश्यक है। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह ने वंडर ब्रेन टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के समग्र विकास में विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के डायरेक्टर अनुराग कुमार सिंह ने भी अभिभावकों से संवाद किया तथा उनके द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के सहज और सार्थक उत्तर दिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लेने वाले विद्यार्थियों को वंडर ब्रेन की ओर से मेडल व प्रमाण पत्र भी दिए गए। अंत में प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने वंडर ब्रेन टीम व अभिभावकों को धन्यवाद दिया। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

## एक नजर

### रानीखेत विधायक के छोटे भाई का निधन

**रानीखेत।** भिकियासैंण के ब्लॉक प्रमुख तथा रानीखेत विधायक डा. प्रमोद नैनवाल के छोटे भाई सतीश नैनवाल का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार नई दिल्ली स्थित एम्स में चल रहा था। उपचार के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। जानकारी के अनुसार दिवंगत का अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक क्षेत्र के निकट बेतालघाट में किया जाएगा।



### साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला

**अल्मोड़ा।** कलेक्ट्रेट सभागार में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों और कर्मचारियों को फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सुरक्षा और निजी जानकारी की गोपनीयता के बारे में जानकारी दी गई। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिवा पांडेय ने कार्यशाला का संचालन किया।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**अल्मोड़ा।** मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों और सरकारी प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, तथा स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण की समीक्षा की गई। सीडीओ ने बैंकों को पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से ऋण वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, विभागीय अधिकारियों को सभी प्रक्रियाएं पहले ही संपन्न कराने और लाभार्थियों का मार्गदर्शन करने को कहा गया। बैठक में परियोजना निदेशक केएन तिवारी और एलडीएम अनिरुद्ध शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मादक पदार्थों की रोकथाम को कार्रवाई के निर्देश

**अल्मोड़ा।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में हुई बैठक में मादक द्रव्यों और पूर्वगामी रसायनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त निगरानी और समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बिना लाइसेंस नशीली दवाओं की बिक्री करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही, नशा पीड़ितों के पुनर्वास, नियमित काउंसलिंग और नशा मुक्त व्यक्तियों की मुख्यधारा से जोड़ने पर भी जोर दिया। बैठक में पुलिस और संबंधित विभागों को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, महाविद्यालयों और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसएसपी देवेंद्र पींचा, एसीएमओ डा. योगेश पुरोहित, डीएसडब्ल्यूओ शैलेंद्र पांडे उपस्थित थे।

### जबरन कूड़ा विच्छेदन गृह बनाने पर रोष

**बागेश्वर।** नगर पालिका द्वारा ग्राम पगना में जबरन कूड़ा विच्छेदन गृह बनाए जाने पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। उन्होंने विभाग के इस कार्रवाई का विरोध करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द टेंडर निरस्त नहीं किया गया तो वे आगामी 17 फरवरी से जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर अनशन एवं जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्राम प्रधान बेहर गांव व ग्राम प्रधान पगना के नेतृत्व में मंगलवार को ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में नगर पालिका द्वारा उनके क्षेत्र में बनाए जा रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड को निरस्त किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि बीते सोमवार को नगर पालिका प्रशासन मौके पर चजेसीपी मशीन लेकर पहुंची। जिसका ग्राम सभा बेहरगांव व ग्राम सभा पगना के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से विरोध किया। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से चेतवानी दी कि यदि विभाग द्वारा जबरन कूड़ा विच्छेदन गृह बनाया गया तो वे समस्त ग्रामीण कलेक्ट्रेट में आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान गीताजंली, दिनेश कुमार, मोहन सिंह, हरीश सिंह, दिनेश चंद्र, बालम सिंह आदि मौजूद थे।

### सड़क पर बना पांच फिट गहरा गड्ढा

**काशीपुर।** सड़क किनारे बना करीब पांच फिट का गड्ढा भारी खतरे का सबब बना है। कुंडेश्वरी रोड पर जसपुर खुर्द में वार्ड नंबर-3 अंतर्गत साई धाम कालोनी में विद्युत ट्रांसफार्मर के निकट सड़क किनारे एक करीब पांच फिट का गहरा गड्ढा बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। इस गड्ढे पर किसी तरह का ढक्कन न होने के कारण कई दिनों से यह गड्ढा खुला होने से कई जानवर भी इसमें गिर कर चोटिल हो चुके हैं। छोटे बच्चों का भी इसमें गिरने का खतरा बना हुआ है। दिल्ली जनकपुरी या नोएडा में हुई घटनाओं की तरह रात में यहां भी किसी बड़ी अनहोनी की आशंका के चलते कालौनी वासियों ने नगर निगम महापौर दीपक बाली एवं नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट से आग्रह किया है कि तत्काल ही नगर में ऐसे खुले हुए गड्ढों का स्थलीय निरीक्षण कर इन्हें पाटे जाने की कार्रवाई करें, ताकि किसी भी तरह दुर्घटना से समय रहते बचाव हो सके।

### काबीना मंत्री जोशी ने किया प्रतिष्ठान का शुभारंभ

**काशीपुर।** स्टेडियम तिराहे के पास प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी, दर्जा कैबिनेट मंत्री विनय रोहिला, महापौर दीपक बाली, जिला अध्यक्ष मनोज पाल एवं पीसीयू अध्यक्ष राम मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से नए खुले ओरा डिजाइनर बुटीक का संयुक्त रूप से रिबन काटकर उद्घाटन किया। यह बुटीक जसपुर क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुरताजसिंह भुल्लर की धर्मपत्नी अमनदीप कौर और उनकी बहन सिमरनजीत कौर द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फोर लोकल के सपने को साकार करते हुए खोला है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और क्षेत्र की जनता को शानदार कपड़े भी उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू, मुकेश चावला, राजकुमार गुबर, मनीष चावला, महेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, लियाकत सिंह, सुरेंद्र सिंह, करतार सिंह सहित नगर व क्षेत्र के सैंकड़ों गणमान्य स्त्री पुरुष मौजूद रहे।

### भारी वाहनों पर रोक लगाने हेतु दिया ज्ञापन

**काशीपुर।** कुंडेश्वरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत शिवलालपुर डल्लू के वाशिंदों ने कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत शिवलालपुर झल्लू से एक लिंक रोड कुण्डेश्वरी मार्ग से सरिया फैक्ट्री तक जाती है जिस पर लगातार भारी वाहन की आवाजाही रहती है, जिससे आयेदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्र में भय का माहौल है तथा समीप स्थित मटर प्लांट से निकलने वाले मटर के छिलके भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से पानी निकलने से वाहनों को नुकसान हो रहा है। लिंक रोड पर एक सरकारी स्कूल भी है जिसमें छोटे बच्चे पढ़ते और जितने भी वाहन सड़क से गुजर रहे हैं अधिकतर वाहनों पर न तो नंबर प्लेट लगी है, न ही गाड़ी के पेपर पूरे होते हैं। ज्ञापन में अनुरोध किया गया कि भारी वाहनों की एन्ट्री दिन में बन्द कराई जाए। लवप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, छीला देवी आदि थे।

# कांवड़ियों की दो बसों को झंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने मंगलवार को रामलीला मैदान से कांवरियों के लिए दो बसों को झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों को कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी और कावर यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में रोशनी और सफाई व्यवस्था चाकचौबंद रहेगी। उल्लेखनीय है कि महापौर श्री बाली ने पिछले वर्ष भी कांवरियों की दो बसों को अपने खर्चे से हरिद्वार रवाना किया था। इन बसों को भेजने की व्यवस्था में महापौर प्रतिनिधि समरपाल सिंह चौधरी पिछले कई दिनों से लगे हुए थे। यह दोनों बसें महापौर दीपक बाली द्वारा अपने खर्चे से शिव भक्तों की सेवार्थ भेजी गई हैं। इस अवसर पर ईश्वर चंद्र गुप्ता, मुकेश चावला, राजीव अरोरा बच्चू, जसवीर सिंह सैनी, प्रकाश नेगी, अवनीश चौहान, अभिताभ सक्सेना एडवोकेट मौजूद रहे।

## कार्य बहिष्कार जारी

**बागेश्वर।** दो सूत्रीय मांगों को लेकर लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों का कार्यालय प्रांगण में मंगलवार दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। हड़ताल के कारण लिपिक वर्ग का कार्य प्रभावित हुआ है। कर्मियों ने नारेबाजी करते हुए मांग पूर्ण करने की बात कही। कर्मचारियों ने पारसपरिक स्थानांतण समय पर नहीं होने पर नाराजगी जताई। साथ पदोन्नत सूची जारी नहीं होने पर गुस्से जाहिर किया। कहा कि वह अपनी लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलित हैं। जब तक मांग पूर्ण नहीं होती है वे अपना कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे। जरूरत पड़ने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस मौके पर धरम सिंह, आनंद संह, अनिल जोशी, नवीन जोशी, महिपाल सिंह, राजेंद्र, रेनुका भैसोड़ा, नवीन दानू, हरीश दानू मौजूद रहे।

# डा. एजल पटेल चुने गए अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी के नए अध्यक्ष डा. एजल पटेल चुने गए। जबकि डा. ईश्वर प्रकाश को सचिव चुना गया। आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डा. नीरज कोहली रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी बागेश्वर तथा चिकित्सा अधिकारी संघ की संरक्षक डा. निष्ठा शर्मा कोहली मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया गया तथा वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. दिनेश सिंह का



आयुर्वेद चिकित्साधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

अभिनंदन किया गया। बैठक के दौरान जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में डा. विपिन चंद्रा उपाध्यक्ष, डा. सविता सनवाल महिला उपाध्यक्ष, डा. पंकज मिश्रा उप सचिव, डा. हेमा गोस्वामी आय-व्यय निरीक्षक एवं डा. संजय आगरी को मीडिया प्रभारी निर्वाचित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी को प्रांतीय अध्यक्ष डा. नीरज कोहली ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पदाधिकारियों ने संघ के माध्यम से संवर्ग हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने की बात कही। इस मौके पर अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# खेल महाकुम्भ में पेंचक सिलाट का भव्य आयोजन

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 7 जनपदों के 180 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तराखण्ड के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्राफी खेल महाकुंभ के अंतर्गत 3 फरवरी से 5 फरवरी तक राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के ऊधम सिंह नगर, देहरादून, टिहरी गढ़वाल, उत्तरकाशी, नैनीताल, हरिद्वार एवं पिथौरागढ़ जनपदों से आए लगभग 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता अंडर-14 बालक-बालिका एवं अंडर-19 बालक-बालिका वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें खिलाड़ियों ने पदक जीतने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




प्रतियोगिता के दौरान अंकित सिंह, रितिक कुमार, आयुष चंद्र, पूजा मैहर, सत्यम बडोला, प्रत्यक्ष सिंह मेहरा, मोहम्मद सर्जिल, कार्तिक पटेल एवं यशोधन राणा ने निर्णायक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। समापन समारोह में शक्ति सिंह (उप निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तराखण्ड), राकेश चंद्र जोशी (अपर निदेशक, युवा कल्याण विभाग), प्रमोद पांडेय (जिला युवा कल्याण अधिकारी), आदर्श पंत (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी) एवं बबलू दिवाकर (महासचिव, पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड) ने खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड की खेल मंत्री रेखा आर्या एवं युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तराखण्ड का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके प्रयासों से इस वर्ष पेंचक सिलाट को मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्राफी राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में सम्मिलित किया गया। इससे प्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिला। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऊधम सिंह नगर जनपद ने प्रथम स्थान, नैनीताल ने द्वितीय स्थान तथा देहरादून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**गरुड़।** मेरा युवा भारत बागेश्वर द्वारा प्रायोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य पंकज साह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के चारित्रिक विकास में सहायक तो होते ही है साथ ही उन्हें स्वस्थ रहने को भी मदद करते हैं। उद्घाटन पर आयोजित 800 मीटर दौड़ में प्रफुल्ल देशवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिनी स्टेडियम पुरड़ा में गंगा ज्ञान समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में माही थायत, संगीता बोरा, सोनिया ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में संगीता बोरा, गीतांजली पांडेय, जया गोस्वामी, कबड्डी प्रतियोगिता में इंटर कॉलेज गागरिगोल, बैजनाथ, दिव्य ज्योति पब्लिक स्कूल पुरड़ा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में प्रफुल्ल देशवाल, मनीष जोशी, सुमित गोस्वामी, लंबी कूद बालक वर्ग हिमांशु प्रसाद, भास्कर गोस्वामी, रोहन कुमार ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 150 से अधिक बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक भुवन बोरा, मनोज पांडेय, हेम उपाध्याय, रमेश भट्ट, अंजली खेतवाल, प्रमिला आगरी, पूजा खेतवाल, खष्टी जोशी महेश गोस्वामी, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार आदि थे। कार्यक्रम का संचालन हेम चंद्र उपाध्याय ने किया।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) में सेवारत जूनियर हाई स्कूल शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीआईईटी के प्राचार्य चक्षुष्पति अवस्थी ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में शिक्षकों के लिए आईसीटी का प्रभावी उपयोग अनिवार्य है। कार्यक्रम समन्वयक डा. संदीप कुमार जोशी ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दो चरणों में 150 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें पहला चरण 11 से 15 फरवरी तक चलेगा। इस कार्यक्रम में डा. जोशी, पूजा लोहुमी, ललित मोहन जोशी और हेम चंद्र पांडे संदर्भदाता के रूप में कार्य करेंगे। इस मौके पर डा. उर्मिला बिष्ट, नीरज पंत, पुष्कर सिंह और अन्य 50 प्रतिभागी उपस्थित थे।

# विवि प्रशासन का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर की तमाम समस्याओं के निराकरण को लेकर छात्रसंघ ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को छात्र नेताओं ने विवि और परिसर प्रशासन का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर छात्रसंघ पदाधिकारियों ने कहा कि परिसर में मूलभूत सुविधाओं का लंबे समय से अभाव बना है। परिसर के विभिन्न विभागों में पीने तक को साफ पानी उपलब्ध नहीं है। जबकि शौचालयों की हालत दयनीय बनी हुई है। वहीं, परीक्षाओं के दौरान प्रश्न पत्रों में लगातार गड़बड़ी हो रही है। जिसका असर छात्रों पर पड़ रहा है। छात्रों ने मामले को लेकर कुलपति से मुलाकात कर जल्द समाधान की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द छात्र-छात्राओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो छात्रसंघ विवि और परिसर प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां पुतला फूंकने वालों में छात्रसंघ अध्यक्ष लोकेश सुप्याल, उपाध्यक्ष भूपेश सिंह गैड़ा, महासचिव विशाल सिंह बिष्ट, भास्कर गोस्वामी, निशांत पांडे, रोहित कुमल्टा, हिमांशु ढौंडियाल, अंकित टम्टा, दिव्य बनौला, रक्षित गोयल रहे।



# कुमाऊँ फुटबाल लीग कल से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कुमाऊॅ फुटबॉल प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर मंगलवार को फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष हरीश कनवाल ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान फुटबॉल एसोसिएशन अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन बिठौरिया क्लब हल्द्वानी और फुटबॉल एसोसिएशन अल्मोड़ा की ओर से किया जा रहा है। बताया कि प्रतियोगिता के लीग मुकाबले अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत में खेले जाएगें। जिसका शुभारंभ आगामी 12 फरवरी को हेमवती नंदन



बहुगुणा स्टेडियम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर की छह टीमें हिस्सा ले रही है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी प्रतिभाग करेगें। बताया कि फाइनल प्रतियोगिता 22 फरवरी को हल्द्वानी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके अलावा प्रतियोगिता में विजेता टीम को छह लाख, उपविजेता टीम को तीन लाख रुपये और ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं, उद्घाटन समारोह के दौरान वरिष्ठ और युवा खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में भैरव गोस्वामी, अजय वर्मा, विनीत बिष्ट, सौरभ वर्मा, मनीष कनवाल, देवेंद्र भट्ट, अकरम खान, मोहित मेहता समेत अन्य मौजूद रहे।

# लापरवाह अधिकारी सुधर जाएं: डीएम

## राजस्व संवर्धन की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी की दो-टूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व संवर्धन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व संवर्धन की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व वृद्धि एवं प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने पुराने लंबित वादों को टॉप प्रायोरिटी पर व्यक्तिगत रूप से प्रस्यु करने के साथ ही न्यायालय में अर्जेंसी फाइल करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मामलों में प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए अभियोजन विभाग को पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कार्यशालाएं



आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करने, एंटी ड्रग कमेटी की बैठकें आयोजित करने तथा ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस एवं एआरटीओ के साथ संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी को शत-प्रतिशत राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने तथा बिना फिटनेस वाहन संचालन, बिना हेलमेट एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी को राशन कार्ड सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा गलत तरीके से राशन कार्ड जारी करने वाले अधिकारियों पर 10 दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सस्ता गल्ला गोदामों का नियमित निरीक्षण करने एवं खाद्य सामग्री की सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार गरुड़ को ट्रेंचिंग ग्राउंड हेतु मानकों के अनुरूप भूमि चिन्हित करने तथा उप निबंधक को सप्ताह के अंतिम दो दिन गरुड़ में बैठकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बिना तैयारी के उपस्थित होने पर एआरटीओ का वेतन रोकने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** 27 सूत्रीय मांगों के निदान को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ मुखर हो गया है। मंगलवार को महासंघ से जुड़े अभियंताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने वेतन विसंगतियों को दूर करने, पदोन्नति करने, ओपीएस बहाल करने, उत्तराखंड पेयजल निगम और जल संस्थान का एकीकरण करने, वित्तीय अधिकारी बढ़ाए जाने, पदोन्नति की सीमा 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने समेत 27 सूत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। जनपद अध्यक्ष इं. गोविंद सिंह मेहरा, इं. ललित मोहन बिष्ट, इं. दीपक सिंह मटियानी, इं. अजय टम्टा, इं. हिमांशु जोशी, इं. रिनी पांडे, इं. सूरज सिंह रावत, इं. शेखर पांडे, इं. हितांशी नैलवाल, इं. गिरीश कोटलिया, इं. पंकज जीना, इं. कुंदन बिष्ट, इं. वीरेंद्र सिंह मेहता, इं. कमल पालीवाल, इं. प्रफुल्ल जोशी, इं. दीपक टम्टा आदि मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य जल्द पूरा हों: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह मंगलवार को राजकीय चारा एवं बीज उत्पादन प्रक्षेत्र भैंसवाड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने पशुपालन विभाग की गतिविधियों एवं संचालित गौशाला तथा निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गौशाला निर्माण की धीमी गति के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधितों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की सख्त हिदायत दी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा यहां गौशाला विस्तार को मंजूर किया है, इसलिए अधिकारी इसके प्रति तत्परता दिखाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर रहकर पूरा ड्राईंग तथा कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने



कहा कि गौशाला निर्माण को संवेदनशील होकर बनाएं। केवल अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला न झाड़े अधिकारी। 100 गाय क्षमता की बनने वाली गौशाला के बारे में जिलाधिकारी ने कहा कि इसके बनने से आवारा गोवंश की समस्या का काफी हद तक समाधान किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने इसी क्षेत्र में एक अन्य गौशाला का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश संबंधितों को दिये। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र गौशाला बनाए जाने के काफी अनुकूल है। उन्होंने भैंसवाड़ा फार्म तक आने वाले पहुंच मार्ग का भी संज्ञान लिया तथा इसके निर्माण के लिए भी प्रस्ताव तैयार कर आगणन बनाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यहां पशुपालन विभाग द्वारा संचालित की जा रही अन्य गतिविधियों की भी जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# लोगों को चूना लगाकर सुनार फरार

## एसएसपी से मिले पीड़ित, कप्तान ने स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को सौंपी जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र से एक बड़ी ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक सुनार ने अपने ही ग्राहकों से लाखों रुपये और सोने के गहने ठग लिए। आरोपी सुनार ने आधा दर्जन से ज्यादा ग्राहकों से 228.23 ग्राम सोना और 3.60 लाख रुपये की नगदी जमा की, इसके बाद अचानक अपनी दुकान में ताला लगाकर फरार हो गया। पीड़ितों ने पहले मुखानी थाना में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर वे मंगलवार को एसएसपी के पास पहुंचे। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसओजी और मुखानी थाना पुलिस को आरोपी की तलाश में लगाया है।



जानकारी के अनुसार मंगलवार को कुरिया गांव लामाचौड़ निवासी निर्मला निगलटिया, देवपुर देवका लामाचौड़ निवासी बसंती देवी, कठघरिया खेमपुर निवासी हेमलता दानू, गुजरौड़ा फतेहपुर निवासी पुष्पा कन्याल और घुनी नंबर 2 कठघरिया निवासी पूरन सिंह बोहरा एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के पास पहुंचे और शिकयती पत्र सौंपते हुए कहा कि मुखानी थानाक्षेत्र के लामाचौड़ में मां भगवती ज्वैलर्स है, जिसका मालिक नरेंद्र सिंह रावत और उसकी पत्नी पूजा रावत है। उन्होंने बताया नरेंद्र मूलरूप से मोड़ी ताड़ीखेत अल्मोड़ा का रहने वाला है और पिछले कई वर्षों से कुरिया गांव लामाचौड़ में परिवार के साथ रह रहा था। पीड़ितों ने एसएसपी को बताया कि नरेंद्र ने उनके पुराने गहने रिपेयर कर नया करने के नाम पर उनसे गहने और नगदी ली थी। गहने लेते वक्त उसने तय समय में गहने रिपेयर कर वापस करने का भरोसा दिया था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। 6 फरवरी को नरेंद्र दुकान बंद कर फरार हो गया। जिसके बाद एक-एक पीड़ित मुखानी थाना पहुंचे पुलिस से शिकायत की। आरोप लगाया कि मुखानी पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि सामूहिक धोखाधड़ी के मामले की गंभीरता को गंभीरता से लिया जा रहा है। मामले की जांच और आरोपी की तलाश के लिए एसओजी और थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी को लगाया गया है।

### पति फरार, पत्नी ने गुमशुदगी दर्ज कराई

**हल्द्वानी।** बीते 6 फरवरी को ज्वैलर्स मालिक नरेंद्र रावत लोगों का माल लेकर फरार हो गया। इसके अगले दिन 7 फरवरी को उसकी पत्नी पूजा रावत ने मुखानी थाना में नरेंद्र की गुमशुदगी दर्ज कराई। पूजा ने पुलिस को शिकायत में बताया कि नरेंद्र 6 फरवरी को घर से स्कूटी पर सवार होकर निकला था, और उसकी स्कूटी ऊंचापुल और कुसुमखेड़ा के बीच स्थित एक पेट्रोल पंप पर खड़ी मिली। उसी दिन दोपहर बाद उसका फोन भी बंद हो गया।

# ऑपरेशन स्माइलः जनवरी से अब तक 33 गुमशुदा बच्चे बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन स्माइल के तहत गुमशुदा लोगों की तलाश में जुटी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पिछले 40 दिनों में 33 लापता लोगों को खोजकर उनके परिजनों से मिलाया है। यह अभियान जनवरी में शुरू हुआ था और फरवरी तक जारी रहेगा। मंगलवार को सीओ अमित कुमार सैनी ने ऑपरेशन टीम और विभिन्न स्टेकहोल्डर विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक पुलिस के बहुउद्देशीय भवन में आयोजित की गई, जहां अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए चर्चा की गई। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट सहित कुल 4 टीमें गठित की गई हैं, जिनमें उपनिरीक्षक और आरक्षी शामिल हैं। सीओ ऑपरेशन ने बैठक में सभी टीमों को निर्देश दिए कि गुमशुदा व्यक्तियों की खोज में नेटग्रिड, सर्विलांस और अन्य तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जाए। इसके अलावा, जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों, एनजीओ और चाइल्ड हेल्पलाइन जैसे विभागों के साथ समन्वय स्थापित करके तलाश अभियान को तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन विभाग, बाल आश्रय गृह, चाइल्ड हेल्पलाइन, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, सीडब्ल्यूसी सदस्य, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, डीसीआरबी टेक्निकल टीम और साइबर सेल के अधिकारी मौजूद रहे।



### दुष्कर्मी को 20 साल का कारावास

**हल्द्वानी।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने कठोर कारावास के साथ उस पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है और अगर उसने अर्थदंड जमा न किया तो उसने और 6 माह तक जेल में ही रहना होगा। जानकारी के अनुसार राजपुरा निवासी संदीप शर्मा पर क्षेत्र की एक नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगा था। यह मामला दो जून 2023 का था। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संदीप के खिलाफ पॉक्सो और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। अगले ही दिन पुलिस ने संदीप को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया था। मामला कोर्ट में चला। अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने बताया कि मंगलवार को स्पेशल जज पॉक्सो ने मामले में सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सबूतों व गवाहों के मद्देनजर मनमोहन सिंह की अदालत ने आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा और 20 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया।

# रिश्तेदार की शादी में जा रह युवक बना जहरखुरानी का शिकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली से भीमताल जा रहे एक युवक को जहरखुरानी गिरोह ने अपना शिकार बना दिया। बस से उतरते ही वह बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। बाद में जब उसे होश आया, तो पता चला कि उसका मोबाइल फोन, नगदी और एटीएम कार्ड गायब हैं। इसके बाद कुछ ही देर में उसके खाते से एक लाख रुपये भी निकाल लिए गए। काठगोदाम पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गंगोली पिथौरागढ़ निवासी पंकज पांडे दिल्ली में एक आईटी कंपनी में काम करते हैं। पंकज के जीजा हिमांशु पांडे के अनुसार जब पंकज को एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए भीमताल जाना था। इसके लिए वह सोमवार रात आनंद बिहार, दिल्ली से बस में सवार हुआ। सुबह करीब 5 बजे बस ने उसे शीशमहल में उतार दिया। जैसे ही पंकज बस से उतरा, वह अचानक बेहोश हो गया और सड़क किनारे गिर गया। मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने पंकज को देखा और सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। होश में आने पर पंकज ने बताया कि उसकी नगदी, मोबाइल फोन और एटीएम गायब हैं, और खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। पंकज ने यह भी बताया कि रास्ते में किसी ने उसे चाय पिलाई थी, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# आकस्मिक स्थिति के लिए रहें तैयार

## बनभूलपुरा थाने वार्षिक निरीक्षण में पुलिसकर्मियों को एसपी के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा कोतवाली के वार्षिक निरीक्षण के दौरान मंगलवार को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने पुलिसकर्मियों को विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने गार्द सलामी के दौरान पैरों की सही स्थिति के बारे में सिपाहियों को बताया और उन्हें शस्त्राभ्यास करने के साथ ही आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहने की सलाह दी। कोतवाली के निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी दिनेश सिंह फर्त्याल ने एसपी को कोतवाली के सभी भवन, बैरक और मालखाने की स्थिति से अवगत कराया। एसपी ने कोतवाली



कार्यालय, परिसर और भोजनालय को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने पुलिस कर्मियों को शस्त्र ड्रिल भी कराई। साथ ही थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए कर्मियों का शस्त्राभ्यास निरंतर कराया जाए। बनभूलपुरा कोतवाली को संवेदनशील क्षेत्र मानते हुए एसपी ने पुलिस कर्मियों से दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास भी कराया। महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। एसपी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से व्यक्तिगत संवाद भी किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने क्षेत्र में पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाने, सतर्कता और सक्रियता से ड्यूटी करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान सीओ सिटी अमित कुमार और कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल मौजूद रहे।

# क्रियाशाला समिति ने कराया खिचड़ी भोज, विधायक भी पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रियाशाला समिति के संचालक मंडल की ओर से मंगलवार को माघ माह के अवसर पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और खिचड़ी भोग का आनंद लिया। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि वर्तमान संचालक मंडल द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं, उन्होंने समिति की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की भी प्रशंसा की। संचालक मंडल के सदस्य बिपिन चंद्र बिष्ट ने बताया कि खिचड़ी भोग की यह परंपरा समिति द्वारा कई वर्षों से निभाई जा रही है और भविष्य में भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में आनंद सिंह ठठोला, एनसी पंत, गीता बेलवाल, हेमा जोशी, तनुजा टकवाल, सुशील अग्रवाल, पंकज कंसल, प्रदीप खंडेलवाल, दिनेश पंतोला, पीडी पांडे सहित हर सिंह मेहता, पूर्व पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, शोभा बिष्ट, नरेश अग्रवाल, विजय तिवारी, एलपी पंत, बीएस मटियानी आदि मौजूद थे।



# साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति ने स्कूल में भेंट की 50 कुर्सी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी साथी हाथ बढ़ाना सेवा समिति द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा कार्य किया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नारायण नगर की प्रधानाचार्या बसंती छवाण के विशेष आग्रह पर संस्था द्वारा अग्रवाल ऑटोज़ोन के सौजन्य से विद्यालय के विद्यार्थियों को 50 कुर्सियाँ एवं 50 मेज वितरित की गईं।

इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष दया बिनवाल एवं सचिव हेमा मेलकानी द्वारा बच्चों के लिए जनरल नॉलेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।



साथ ही सभी बच्चों को मिठाई भी वितरित की गई।

संस्था अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि विद्यालय को भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर संस्था सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कालाढूंगी रोड में 5 चटाइयाँ एवं फल भी वितरित किए गए। इस मौके पर पार्षद दीपक बिष्ट, अध्यापिका मंजू मिश्रा, सहित संस्था की ओर से गीता कार्की, लीला मनराल, रमेश चंद्र, हेमा चिलवाल, कंचन शर्मा, रीता पांडे, ममता जोशी आदि मौजूद रहे।

# पदोन्नति पर पुलिस बहुउद्देशीय भवन में पीपिंग सेरेमनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने के अवसर पर मंगलवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन नैनीताल में तैनात उप निरीक्षक रमेश सिंह नेगी को निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर यह स मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने पदोन्नत निरीक्षक रमेश सिंह नेगी के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। एसएसपी ने उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए भविष्य में और अधिक जि मेदारी से कार्य करने की अपेक्षा जताई। पीपिंग सेरेमनी में एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्र, सीओ अमित कुमार सैनी, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन हरकेश सिंह, उप निरीक्षक अर्जुन गिरी आदि मौजूद रहे।

# तीसरे दिन भी डटे रहे रोडवेज कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ट्रैफिक के तत्वावधान में वेतन भुगतान न होने के विरोध में कर्मचारियों का धरना मंगलवार तीसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने सरकार के प्रति रोष जताते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगे। रोडवेज स्टेशन में हुए धरनास्थल पर संबोधित करते हुए रोडवेज कर्मचारियों ने जब तक रोडवेज कर्मचारियों को दो माह का भुगतान नहीं मिल जाता उनका धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दिसंबर व जनवरी माह बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों को वेतन भुगतान नहीं हुआ जिससे कर्मचारियों में आर्थिक संकट गहराने लगा है। धरने के दौरान संगठन के शीर्ष नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें सांत्वना दी तथा एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। इसके साथ ही कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे धरने को अन्य कर्मचारी संगठन ने भी अपना समर्थन दिया। धरना प्रदर्शन में पूर्व क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी, क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश कांडपाल, क्षेत्रीय मंत्री उमेश चंद्र जोशी, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, मंत्री कौशल जोशी, शाखा मंत्री गोविंद बल्लभ जोशी सहित भारतीय मजदूर संघ से जुड़े राजेश पांडेय, महेश दफोटी, भास्कर चंद, राकेश कुमार, चंद्रशेखर, प्रकाश चंद्र, रमेश बहुगुणा, शबाब अली, भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार सिंह, केएन तिवारी, मलकीत सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

## नैनीताल जनपद के विभिन्न विद्यालयों में 1600 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देववाणी परोपकार मिशन के तत्वावधान में मंगलवार को उत्तराखंड एवं भारत की संस्कृति, इतिहास, राजनीति एवं सामाजिक विषयों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 1600 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम संयोजक एवं मिशन अध्यक्ष ईश्वर सुयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नैनीताल जनपद में यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का 11वां आयोजन है। इस बार प्रतियोगिता में



हल्द्वानी ब्लॉक के अंतर्गत गोलापार-चोरगलिया क्षेत्र के इंपिरियम पब्लिक स्कूल, इलियट पब्लिक स्कूल, हीरापुर पब्लिक स्कूल, पूरन सिंह मोहन सिंह इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया, जीडीजेएम पब्लिक स्कूल, हेरिटेज पब्लिक स्कूल, प्रभात तारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज लखन मंडी सहित अनेक विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को 1 से 50 प्रश्न, जबकि कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को 1 से 70 प्रश्न हल करने को दिए गए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रत्येक विद्यालय से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में चेतना जागृत होती है और उन्हें समाज व विश्व के प्रति बेहतर समझ विकसित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया पूरन सिंह मोहन सिंह इंटर कॉलेज की प्रवक्ता डा. ममता पाठक ने कहा कि सामान्य ज्ञान आज के छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा ऐसी प्रतियोगिताओं से उनकी छुपी प्रतिभा सामने आती है। इस मौके पर ममता सुयाल, हिमानी पोखरिया, शिखा यादव, कविता पोखरिया, कविता जोशी, उमा बिष्ट, रश्मि पांडे, लता मालदा, लोकेश परगई, मोहित सुयाल, डा. प्रकाश परगई, दीपक पांडे, करण गंगोला, उमेश चुफाल, प्रीति जोशी मौजूद रहे।

# मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बने कुंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन सिंह मंडलोई द्वारा उत्तराखंड प्रदेश के मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा का विस्तार करते हुए कुंदन सिंह बोहरा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री बोहरा को संगठन ने उनके समर्पण, नेतृत्व और भारत के पुनर्निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण यह जिम्मेदारी सौंपी है। मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन सिंह मंडलोई ने आशा व्यक्त की गई कि कुंदन सिंह बोहरा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ ही संगठन के उद्देश्यों को पारदर्शिता और प्रमाणिकता के साथ आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कहा कि श्री बोहरा के नेतृत्व में प्रदेश में मिशन न्यू इंडिया युवा मोर्चा की गतिविधियां और प्रभाव और अधिक व्यापक होंगे, और उनका योगदान भारत के सप्नपरम वैभव को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



श्री बोहरा के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर मिशन न्यू इंडिया राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य, प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार थपलियाल, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रतूड़ी, बलकार सिंह मनीष सिंह दरम्वाल, प्रदीप सिंह व पूर्व प्रधान कुसुम बोहरा ने बधाई दी।

### हड़ताल को समर्थन

**हल्द्वानी।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों और एसोसिएशनों के संयुक्त मंच द्वारा आहूत 12 फरवरी को होने जा राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा माले ने सक्रिय समर्थन देने की घोषणा करते हुए सफल बनाने की अपील की। अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी और भाकपा माले के नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों के विरोध में 12 फरवरी को औद्योगिक क्षेत्रों, ग्रामीण और शहरी भारत में राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल और बड़े पैमाने पर लामबंदी करने के आह्वान का हम समर्थन करते हैं। इस हड़ताल को संयुक्त किसान मोर्चा ने भी अपनी मांगों पर और ट्रेड यूनियनों की मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन और लामबंदी में शामिल होंगे।

# आयुक्त के जनता दरबार में समस्याओं का समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को कुमाऊं आयुक्त कैम्प कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, धोखाधड़ी, अवैध निर्माण, पारिवारिक विवाद, पेयजल, रोडवेज स्टेशन पर अनावश्यक बसों के खड़े होने जैसी समस्याएं उठाई गई। जिस पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने जनता द्वारा उठाए गए विभिन्न गंभीर मामलों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



जनता दरबार में काशीपुर से आई एक शिकायत पर गंभीर प्रतिक्रिया दी, जिसमें आरोप था कि पुरानी फर्म के आधार पर कई कंपनियां पंजीकृत कर भू-कानून का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से भूमि क्रय की जा रही है और उसके दस्तावेजों पर स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। आयुक्त दीपक रावत ने इस मामले में जांच करने के बाद आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डे और कालूसिद्ध मंदिर के पास वाहनों और ठेले-रेहड़ी लगाने से उत्पन्न हो रही जाम की समस्या को लेकर शिकायत की गई थी। इस पर आयुक्त ने पुलिस महकमे को निर्देश दिए कि वे नियमित चेकिंग करें और सुनिश्चित करें कि मुख्य मार्ग पर कोई भी बस यात्रियों को न बिठाए। इसके अलावा, कालूसिद्ध मन्दिर के आसपास ठेले-रेहड़ी हटाने के निर्देश भी दिए गए ताकि जाम की स्थिति से निजात मिल सके। रामनगर के मालचौधचौड क्षेत्र में लोनिवि द्वारा किए जा रहे इंटरलाकिंग टाइल्स कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी एक शिकायत आई। जिस पर आयुक्त ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता को इस मामले की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र के निवासियों ने इन्द्रानगर, किदवई नगर, उजाला नगर और अन्य क्षेत्रों में नालियों में जाली लगवाने, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और विद्युत समस्याओं को उठाया। आयुक्त ने संबंधित विभागों को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, गांधीनगर क्षेत्र में पैदल मार्ग और ड्रेनेज सिस्टम की समस्या, काठगोदाम क्षेत्र में भूमि विवाद और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर भी शिकायतें आईं। जिसपर आयुक्त ने राजस्व विभाग को सरकारी भूमि चिह्नित करने और सीमांकन करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कई लोगों ने भूमि क्रय और धनराशि से संबंधित मामलों में अपनी धनराशि वापस मिलने और चेक मिलने पर आयुक्त का आभार व्यक्त किया।

# युओयू में विद्यालय सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और डा. आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार से विद्यालय सुरक्षा और विद्यालय आपदा प्रबंधन योजना की तैयारी पर प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हो गया है। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और प्रशासकों को आपदा के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम समन्वयक डा. एचसी जोशी और कार्यक्रम निदेशक डा. ओम प्रकाश के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण शिक्षकों को संभावित खतरों की पहचान करने, संवेदनशीलता का वैज्ञानिक आकलन करने और आपातकालीन स्थितियों के लिए प्रभावी व त्वरित प्रतिक्रिया योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाएगा। कुलपति प्रो. लोहनी ने उत्तरकाशी और चमोली जैसे भूकंपों से सीख लेने और फायर से टी व पूर्व-तैयारी के माध्यम से जोखिम को कम करने पर बल दिया। सीका के निदेशक प्रो. गिरजा पांडे ने आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक पक्षों पर जोर दिया। तकनीकी सत्र में देहरादून के पूर्व अधिशासी निदेशक प्रो. आरके पांडे ने बताया कि आपदा प्रबंधन अब केवल राहत कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य केंद्र जोखिम प्रबंधन बन गया है। कार्यक्रम का संचालन वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. प्रीति पंत ने किया। इस दौरान प्रो. कमल देवलाल, डा. कृष्ण कुमार टम्टा, डा. बीना तिवारी, डा. मीनाक्षी राणा, डा. राजेश मठपाल, डा. दीप्ति नेगी, डा. नेहा तिवारी, डा. खष्टी डसीला, डा. निर्मला तड़ागी, डा. प्रदीप कुमार पंत आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चोरगलिया थानाक्षेत्र में पैदल चल रही महिला को टक्कर मारने वाले अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार किशनपुर चोरगलिया निवासी पूजा ने बताया कि 8 नवंबर को उनकी माता संगीता, जो जसपुर खोलिया से दूध देने डेयरी जा रही थीं, सड़क किनारे पैदल चल रही थीं। इस दौरान तेज रफ्तार वाहन ने संगीता को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गईं। गंभीर हालत में उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल से निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चालक की तलाश शुरू कर दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ओवरलोडिंग के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई: डीएम

**स्कूल जाने टाइम तथा छुट्टी टाइम शहरों, कस्बों में भारी अथवा नन वाहनों संचालन पर पूर्ण प्रतिबंधित**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सड़क सुरक्षा व सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अभियान चलाकर ओवरलोडिंग व भारीवाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी श्री भदौरिया कहा कि सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, एआरटीओ सड़क महकमे के अधिकारी भारीवाहनों, खनन वाहनों हेतु दो दिन में रूट निर्धारित कर संचालित कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा प्रातः स्कूल जाने टाईम तथा छुट्टी टाईम शहरों, कस्बों में भारी वाहन अथवा खनन वाहनों संचालन पूर्ण प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने भारी व खनन वाहनो के संचालन हेतु वैकल्पिक रूट निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जो वाहन निर्धारित समय व रूट के इतर चलते पाए जाते हैं उन्हें सीज करने के निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि स्टोन क्रेसरो से ओवर लोड खनिज वाहन निकलने पर सम्बन्धित क्रेसर संचालक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए सभी क्रेसर संचालक निर्धारित खनिज भार पर ही खनन वाहनों की निकासी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने खनन क्षेत्रों से भी ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रतिबन्ध लगाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा खनिज लाने वाले वाहनो को ढक कर लाने के निर्देश दिये ताकि सड़कों में रेता, बजरी न गिरने पाये। उन्होने कहा मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वालों की सख्ती से जांच की जाए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने आज से ही ओवरलोडिंग व ओवर स्पीड के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने भारी वाहनों का रूट निर्धारित करते हुए शहर, कस्बों व हाईवे से मिलने वाले सड़को को चिन्हित करते हुए वैरियर लगाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट व एक्सिडेंटन जोन भी चिन्हित किए जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों में निराश्रित पशुओं के कारण भी दुर्घटनाएं होते है, इसलिए निराश्रित पशुओं को निकाय अधिकारी सेल्टर में भेजने के निर्देश भी दिये।

बैठक में पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी डा. अमृता शर्मा, अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती, अधिशासी अभियंता गजेन्द्र सिंह, एआरटीओ मोहित कोठारी, जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार आदि मौजूद थे व सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधिक्षक, अधिशासी अभियंता लोनिवि व थाना प्रभारी वर्चुल माध्यम से जुड़े थे।

# शिवलिंग स्थापना को लेकर उमड़ा आस्था का सैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** भव्य कलश यात्रा से गूंजा क्षेत्र ग्राम सभा नमूना के ग्राम दूधिया कॉलोनी में मंगलवार को शिवलिंग स्थापना के पावन उपलक्ष्य में भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा और उत्साह से परिपूर्ण यह कलश यात्रा दूधिया कॉलोनी से प्रारंभ होकर भटपुरी व भूड़ी गांव से होती हुई पुनः दूधिया कॉलोनी पहुंचकर विधिवत रूप से सम्पन्न हुई।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की, वहीं सैकड़ों श्रद्धालु भक्तजन हर-हर महादेव के जयकारों के साथ पूरे मार्ग में चलते रहे।

पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और शिव भक्ति की गूंज से गांव-गांव गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह सैनी राज, हीरा लाल सैनी, बलवंत सिंह, रामगोपाल, अमर सिंह, सुरेश सैनी, किशन, अजय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आयोजकों ने शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

# अविनाश शर्मा बने इण्टर कॉलेज बाजपुर के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** इण्टर मीडिएट कॉलेज बाजपुर की प्रबन्ध समिति का चुनाव मंगलवार को सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। जिसमें पं.अविनाश शर्मा अध्यक्ष, नीरज सोनी उपाध्यक्ष, एडवोकेट सुरेन्द्र शर्मा प्रबंधक, अर्जित उपाध्याय उप प्रबंधक, भोजराज गर्ग



कोषाध्यक्ष व सुभाष शर्मा, हर्ष डोगरा, बहादुर भण्डारी कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। सभी पदाधिकारियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

इण्टर मीडिएट कॉलेज बाजपुर की प्रबन्ध समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष पं. अविनाश शर्मा ने कहा कि खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रबंध समिति निरन्तर प्रयासरत है। गांव चकरपुर में इण्टर कॉलेज की भूमि पर जल्द बीएड कॉलेज बनाया जाएगा। खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए आईपीएल की तर्ज पर इंटर कॉलेज में प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट कराया जाएगा। साथ ही कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रबंध समिति द्वारा शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य पं. जितेन्द्र शर्मा 'सोनू', पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजकुमार, अनिल वाल्मीकि, मनदीप नरवाल, विराट देवगन, बबलू नामधारी, बब्बू सैफी, गुरपेज सिंह आदि थे।

# पुलिस ने आपके द्वार जागरुकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** पुलिस आपके द्वार जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोतवाली प्रभारी ने प्रदेश के डीजीपी के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को चलाये जा रहे घ्जागरुकता अभियान के तहत स्कूल में जाकर स्कूल की बालिकाओं व शिक्षिकाओ को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया।



मंगलवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मंजू पाण्डे ने नगर के नोजगे स्कूल में जाकर पुलिस घ्आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विधालय की छात्र व छात्राओं एवं शिक्षिकाओ को महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत जागरूक किया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण कोघ आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में साइबर संबंधी अपराध, नशा मुक्ति, डायल 112, व महिला अपराध इमरजेंसी नंबरों व गौरा शक्ति एप के बारे में जागरूक किया। बताया कि महिलाओं, एवं स्कूली छात्राओ की सुरक्षा के लिए सरकार एवं प्रशासन द्वारा सहायता नम्बर उपलब्ध कराये गये हैं, कठिन परिस्थितियों में सहायता नम्बरो पर शिकायत व सचूना देने पर सहायता उपलब्ध होगी। यहा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मंजू पाण्डे, मुख्य आरक्षी काली सैलाल, महिला सिपाही विधा रानी शामिल हैं।

# लोकल ट्रांसपोर्टरों ने तहसीलदार व एसएसआई को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** हाथी कुण्डा ट्रक ऑनर्स वेलफेयर सोसाईटी से जुड़े ट्रांसपोर्टरों ने सोसाईटी अध्यक्ष करमजीत सिंह की अगुवाई में मंगलवार को तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान व एसएसआई विक्रम धामी को ज्ञापन सौंपकर स्टोन क्रेशरों द्वारा स्टॉक से क्रय किये जाने वाले खनन माल को बंद कर

**सरकार से स्वीकृत खनन पट्टों से कराया जाए खनन चुगान**

सरकार से स्वीकृत खनन पट्टों से खनन चुगान कराये जाने की मांग की।

ग्राम प्रधान एवं खनन ट्रांसपोर्टर रघुवीर सिंह रिक्की ने कहा ग्राम जोगीपुरा, इटव्वा, गोबरा व अन्य इलाकों के प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा वन विभाग की भूमि से अवैध रूप से खनन चुगान कर स्टॉक लगा रखे है, जिन्हें रात्रि में स्टोन क्रेशरों में शिफ्ट कर दिया जाता है। सरकार द्वारा ई टेन्डरिंग व प्राईवेट पट्टे खनन चुगान के लिये जारी किये गये है, जिनका खनन माल स्टोन क्रेशरों द्वारा नहीं खरीदा जा रहा है। जिससे लोकल ट्रासपोर्टर व सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है। लोकल ट्रासपोर्टर भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके हैं। इस मौके पर रघुवीर सिंह 'रिक्की', बंटी, श्याम लाल, राजवीर चीमा, पिन्दरपाल सिंह, शीतल सिंह, जगराज सिंह, गुरदीप सिंह, हरविन्दर सिंह, रमनदीप सिंह, मन्नू सिंह, सन्नी दिओल, तुषार शर्मा, गुरप्रीत सिंह, हरदयाल सिंह, मनप्रीत सिंह, अरविन्द विनायक आदि थे।

# साइबर सुरक्षा के प्रति हुई कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सूचना एवं विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया साथ ही जनपद के समस्त तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों के स्वान केन्द्रों में भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यशाला में इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताये गए एवं लोगों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश से बचें और अपनी व्यक्तिगत जानकारियों को सुरक्षित रखें। साथ ही इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और आम जानमानस को इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड रखने, अपनी निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत शिक्षक या अभिभावक एवं नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर हेल्पलाइन 1930 को देने की सलाह दी गई एवं साइबर पोर्टल https:// www.cyber-crime.gov.in के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कर सकते है। कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का संदेश दिया गया। कार्यशाला के अंत में छात्र-छात्राओं से इंटरनेट एवं साइबर अपराध के बारे में संवाद भी किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमन्त मौर्य, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान के निर्देशन में संपन्न हुआ तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व अभिभावक उपस्थित थे।

# चोरों ने घर के आंगन में लगी सरकारी सोलर लाइट की चोरी

**गृह स्वामी ने कोतवाली पुलिस को सौंपी चोरी की तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के लोगों की गैर मौजूदगी के चलते चोरों ने चार दिवारी फादकर आंगन में लगी सरकारी सोलर लाइट को मय खम्भे के चोरी कर लिया, घर लौट घर स्वामी ने सोलर लाइट चोरी हो जाने की कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट सौंपी है। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एचता निवासी खेमकरन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया हैं की वह अपने परिवार के साथ लखनऊ गया था, तभी घर के लोगों की गैर मौजूदगी के चलते चोरों ने चार दिवारी फादकर आंगन में लगी सरकारी सोलर लाइट को मय खम्भे के चोरी कर लिया।गृह स्वामी ने कोतवाली पुलिस को दी चोरी की तहरीर पर कारवाई की मांग की है।

# केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व फेडरेशनों के आहूत एक दिवसीय हड़ताल का समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और फेडरेशनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत एक दिवसीय अखिल भारतीय आम हड़ताल को आशा वर्कर्स उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने समर्थन की घोषणा की है। यह संगठन एक दिवसीय हड़ताल में रहते हुए धरना प्रदर्शन करेंगी। इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी उधम सिंह नगर को दी जा चुकी है। सीएमओ को सीएमएस केसी पंत के माध्यम से प्रेषित सूचना में उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष केशरी देवी सहित अन्य पदाधिकारी ने पुराने 44 श्रम कानूनो की बहाली, चार श्रम संहिताओं की वापसी, आशा समेत सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम वेतन 35 हजार रुपए करने व आशाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा व पेंशन की मांग की है। पत्र में आशाओं के शोषण पर रोक और सम्मान का मुद्दा सम्मिलित है। ज्ञापन में अनीता बिष्ट कोषाध्यक्ष, जानकी अधिकारी, आशा देवी, मीरा देवी, पदमा देवी, निर्मला, इन्द्रा महर, हीरा बिष्ट, ज्योति भट्ट, रेनू सिंह, विमल जोशी, लक्ष्मी जोशी आदि सम्मिलित हैं।

# दो कारों की टक्कर, सभी लोग बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैंनी बनखंडी मंदिर के समीप मंगलवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां आमने-सामने से आ रही दो कारों की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कारों में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए।




मंगलवार को हरिपुरा निवासी शंकर नाथ अपनी कार से प्राचीन बनखंडी मंदिर में आयोजित भागवत कथा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बाजपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक स्कॉर्पियो कार से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। स्कॉर्पियो कार चालक उमर ने बताया कि वह अपनी फैमिली के साथ नैनीताल घूमने के लिए जा रहा था। अचानक मंदिर के पास दोनों वाहन आमने-सामने आ गए, जिससे यह दुर्घटना हो गई।

हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों वाहनों को सड़क किनारे कराया गया, जिससे यातायात सुचारु हो सका। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

# पांच कुंतल प्रतिबंधित गोमांस के साथ दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मुखबिर की सूचना पर देर रात्रि ग्राम हरलालपुर में गोवंश संरक्षण स्क्वाड टीम एवं स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए पांच कुंतल प्रतिबंधित गौमांस बरामद किया गया। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मारुति वैन व गौकशी में प्रयुक्त उपकरण भी जब्त किए गए।

दोराहा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरलालपुर में गौकशी की सूचना मिलने पर गोवंश संरक्षण स्क्वाड टीम प्रभारी पंकज बेलवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान अभियुक्त फईम पुत्र हफीज एवं सद्दाम पुत्र बदलू को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली बाजपुर में गौवंश संरक्षण अधिनियम की धारा 3/5/11(1) एवं पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश



किया गया, जहां से उन्हें उपकारागार हल्द्वानी भेज दिया गया। इस कार्रवाई में गोवंश संरक्षण स्क्वाड टीम प्रभारी उ0नि0 पंकज बेलवाल, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल पुष्कर सिंह राठौर, दोराहा चौकी इंचार्ज जगदीश चंद तिवारी, अपर उ0नि0 सुनील कुमार, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# वैवाहिक समारोह करने के नाम लिए जा रहे शुल्क का किया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका परिषद रामनगर के क्षेत्र में शामिल हुए कानिया पंचायत घर और रामलीला मैदान में वैवाहिक समारोह करने के नाम पर नगर पालिका द्वारा लिए जा रहे 5000 शुल्क का स्थानीय निवासियों ने विरोध किया। शुल्क कम करने को लेकर लोगों ने नगर पालिका का अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम का घेराव करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

दिए गए ज्ञापन में लोगो ने कहा कि कानिया और उसके आसपास के लोग अपने वैवाहिक व अन्य कार्यक्रमों के लिए इसी मैदान पर करते हैं। पूर्व में ग्राम सभा होने पर यहां कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, जो शुल्क अगर होता भी था तो वह नाममात्र का था, लेकिन नगर पालिका द्वारा 5000 शुल्क लिया जा रहा है जो कि अनुचित है। नगर पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने कहा कि शुल्क राशि कम ली जाएगी, जिस पर यह सहमति बनी की पालिका 2500 शुल्क लेगी, जिसमें बिजली पानी साफ सफाई भी सम्मिलित होगी। इस दौरान आनंद रावत, प्रमोद उप्रेती, राजू, सत्येंद्र चौहान, सारिका जोशी, कपिल रावत, गणेश दत्त जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा का बजट संवाद

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बजट 2026-27 को बताया मील का पत्थर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में जिला स्तरीय बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रवि पाल, जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी, कुमाऊं संयोजक श्रीकांत राठौर एवं जिला प्रभारी अमित पांडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदेमातरम के साथ किया गया। जिसमें केन्द्र सरकार के बजट 2026-27 पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला महामंत्री संतोष चंद ने किया। मुख्य



वक्ता प्रदेश महामंत्री रवि पाल ने बजट को युवाओं और देश के तकनीकी भविष्य के लिए समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सुधार आधारित विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। और सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, जैव-औषधि शक्ति योजना और सेमीकंडक्टर मिशन से देश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और भारत तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रवि रस्तोगी ने कहा कि यह बजट गरीब, किसान और ओबीसी समाज की अपेक्षाओं को पूरा करता है। नया आयकर कानून करदाताओं को राहत देगा। विश्वविद्यालय टाउनशिप और छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधाएं शिक्षा को सशक्त बनाएंगी। कुमाऊं संयोजक श्रीकांत राठौर ने कहा कि नए माल परिवहन गलियारे और जलमार्गों के निर्माण से परिवहन लागत कम होगी तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इससे क्षेत्रीय उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जिला प्रभारी अमित पांडे ने कहा कि कृषि आधारित योजनाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। महिला समूह अब उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनिल चंद, पूर्व जिला महामंत्री सतीश गोयल, सचिन रस्तोगी, दिनेश गिरी, अंजू देवी, रोहन चंद, मुकेश राठौर, प्रवीण तोमर, अजीत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, हीरा चंद, रामदत्त भट्ट, कमल सिंह, सुनील कुमार, बलवीर कंबोज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पलिका परिषद किच्छा ( ऊधमसिंहनगर )**

सर्वसाधारण को सचित किया जाता है कि इस निकाय के भवन संख्या बी-125 वार्ड नं. 4 /10 आवास विकास किच्छा के पंचवर्षीय गृहकर के 2016 -21 के कमांक (267) में स्थित भवन, पर पूर्व से श्रीमती सुदेश कुमार पत्नी श्री त्रिलोक सिंह के नाम गृहकर दर्ज अभिलेख है, जिसकी चौहदी पूरब में- भवन सं0 बी-126, पश्चिम में-भवन सं0 बी0-124, उत्तर में-भवन सं0 बी 122 एवं दक्षिण में-रास्ता 6. 00 मीटर चौड़ा स्थित है। भवन स्वामी द्वारा रजिस्ट्री बैनामा के फलस्वरुप केता द्वारा उक्त भवन का गृहकर अपने नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत रजिस्ट्री बैनामा दि. 08.04.2021, दा.खा. आदेश दि. 24.11.2025, आवेदक का आधारकार्ड (सं0-3075 90543066), गृहकर रसीद की छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र मय प्रार्थना पत्र दि0 07.01.2026 के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है, के आधार पर उक्त भवन का गृहकर नामान्तरण/संसोधन दर्ज करने बावत 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के उददेश्य से विज्ञप्ति सूचना प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों से, पूर्व भवन स्वामी श्रीमती सुदेश कुमार पत्नी श्री त्रिलोक सिंह का नाम खारिज कर वित्तीय वर्ष 2025-26 से आवेदक श्रीमती संगीता रानी पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण के नाम नामान्तरण / संसोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई छल कपट अथवा मिथ्या वर्णन पाये जाने, वाद विवाद होने पर आवेदक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# पुलिस व परिवहन विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जनपद ऊधम सिंह नगर में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आगामी कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को बाजपुर पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-74 पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने ऑनलाइन वाहनों के 30 चालान भी काटे।



इसी क्रम में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने ब्रह्मनगर लिंक रोड/ढकिया रोड स्थित दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसएसपी मणिकांत मिश्रा द्वारा दिए गए प्रमुख निर्देश कांवड़ यात्रा हेतु विशेष प्रबंधन कांवड़ मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन को कड़ाई से लागू किया जाएगा। ब्ब्ज्ट से निगरानी व्यवस्था दुर्घटना संभावित एवं संवेदनशील मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कंट्रोल रूम से निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण जनपद में चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों का नियमित निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी खामियों को दूर किया जाएगा। इस मौके पर सीओ विभव सैनी, कोतवाल नरेश चौहान,एसएसआई विक्रम सिंह धामी, एसआई धीरेन्द्र परिहार, एसआई,दीपक बिष्ट, दोराहा चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी, एसआई सुनील कुमार, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल, कांस्टेबल नरेंद्र बिष्ट, विजय बिष्ट समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# करणी सेना ने की बच्चों के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** करणी सेना ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंजरपड़ाव रामनगर में बच्चों के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा है।

भेजे गए ज्ञापन में करणी सेना ने कहा कि रामनगर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय कंजरपडाव में खुले टीनशैड के नीचे बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं, यहां मंदिर समिति के लिए विधायक निधि से दो कमरे बने हैं, लेकिन बच्चों के क्लासरूम बनाने के लिए शिक्षा विभाग या अन्य किसी के पास बजट नहीं है। यहां बच्चे बहुत होनहार है, लेकिन सिस्टम की उदासीनता बच्चों की मेहनत पर भारी है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को इस और ध्यान देकर स्कूली बच्चों के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री हरीश प्रकाश, किशोर शर्मा, हृदेश शर्मा, प्रशांत तिवारी, सुभाष,लिखन, शंकर आदि मौजूद रहे।

# डंपर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा

■ महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एनएच 74 पर इनटॉर्च के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल सवार दंपति को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दिनेश वैद्य अपनी पत्नी कविता निवासी जोशी कॉलोनी, न्यूरिया, पीलीभीत के साथ दिनेशपुर में अपनी रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे एनएच 74 पर इनटॉर्च के समीप पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को अपने वाहन से सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद कविता को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल दिनेश का उपचार शुरू किया गया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही किच्छा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना करने वाले डंपर को जब्त कर लिया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

# डिप्लोमा इंजीनियरों ने मांगों को लेकर दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** 27 सूत्रीय समस्याओं की समस्याओं के समाधान हेतु घोषित संघर्ष कार्यक्रम के द्वितीय चरण में उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ द्वारा एक दिवसीय बैठक कर सिंचाई खंड रुद्रपुर परिसर में धरना दिया गया। बैठक में महासंघ व समस्त घटक संघों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सभी सदस्य इस बात पर रोषित थे कि लगातार आश्वासन दिए गए व संघर्ष प्रारम्भ होने के के बावजूद सरकार द्वारा महासंघ की मांगों के समाधान हेतु कोई भी सकारात्मक कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री द्वारा सकारात्मक रुख अपनाये जाने के बावजूद शासन की हठधर्मिता प्रदर्शित करता है। बैठक में संकल्प व्यक्त किया गया कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जनपद स्तर से संघर्ष किया जायेगा और प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा अगले चरण में अगर हड़ताल आदि कार्यक्रम घोषित किया जाता है तो सदस्यों द्वारा कराए जा रहे समस्त विकास कार्यों को रोक दिया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

बैठक मे ज्योति रावत, मनमोहन सिंह, आर एस मेहरा,हरीश बसेड़ा, भरत सिंह डांगी, विनोद सनवाल, आनंद सिंह नेगी, इ.भुवन जोशी, इ. सुभाष भट्ट, अजेंद्र जोशी, ख्र विजयपाल सिंह, केशव सिंह, सत्यपाल सिंह, इं- इंद्र सिंह चिलवाल, गौरव मेहरा, मुनीष तिवारी, राजू कुमार, यशपाल सिंह, योगेश ततराड़ी, गोविन्द भट्ट, शालाखा पंत, प्रियंका पुंडीर, इ- रीना सिंह, पूजा मेहता, गीता गंगवार, नरेंद्र आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### जवान की हृदय गति रुकने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** अवकाश पर घर आए गोदमी ग्राम निवासी 35 वर्षीय सेना के जवान हरीश चंद्र पुत्र भारत चंद की हृदय गति रुकने से आकस्मिक मृत्यु हो गई, जिसे परिजनों और ग्रामीणों मे शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक 12 कुमाऊं रेजीमेंट में सेवारत था और कुछ दिनों पूर्व ही अवकाश पर घर आया था। मृतक जवान का शारदा घाट पर सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि कर दी गई। इस अवसर पर 12 कुमाऊं के सूबेदार हर सिंह एसएसबी के कंपनी कमांडर जसवंत सेनापति, तहसीलदार जगदीश नेगी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, 26 राजपूत के सूबेदार जय सिंह, बनबसा थाने के सब इंस्पेक्टर देवेंद्र और काफी संख्या में सैनिक और पुलिस के जवान शामिल थे। मृतक जवान को पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मृतक जवान को परिजनों खेमचंद और चाचा हर्षवर्धन ने मुखाग्नि दी ।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 15 फरवरी से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** धनुष पुल स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आगामी 15 फरवरी से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन समिति के संयोजक सुरेश उप्रेती ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 फरवरी से विधि विधान के साथ श्रीमद् भागवत कथा का श्री गणेश किया जाएगा। 15 फरवरी को प्रात: 8:30 बजे पूजा पाठ हवन और कलश यात्रा निकल जाएगी। इसके उपरांत विधिवत रूप से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि व्यास गद्दी पर बैठकर प्रसिद्ध कथा वाचक हिमांशु भट्ट श्रीमद् भागवत कथा सुनाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में धनुष पुल स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने और पूर्ण अर्जित करने का आग्रह किया है।

इससे पूर्व श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्रक वीडियो की एक बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें भागवत कथा आयोजन की रूपरेखा तय करने के साथ ही आयोजन समिति का गठन भी किया गया। आयोजन समिति के लिए दीपक प्रकाश, चंद्रशेखर जोशी, केसर सिंह खोलिया, हेमचंद्र जोशी, चंचल सिंह, नंदा वल्लभ, भास्कर भट्ट, प्रेम बल्लभ भट्ट, राकेश, दिनेश चंद्र, धन बहादुर चंद, योगेश उप्रेती, गौरव जोशी, खेमानंद भट्ट , कृष्ण गुरु, हिमांशु भट्ट, उज्जवल जोशी, कृष्ण भट्ट, मनीष जोशी, शंकर लाल, दीवान सिंह मेहता, दीपक पांडे, ललित कॉलोनी, प्रियांशु, गंगा सिंह, कुणाल भट्ट , गंगा सिंह सामंत, संजय उप्रेती और चामू चांद को आयोजन समिति का सदस्य बनाया गया। आयोजन समिति का संयोजक सुरेश उप्रेती को बनाया गया।

# डीएम ने शिविर में सुनीं जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत काण्डे, विकास खण्ड सभागार बेरीनाग, विकास खण्ड बेरीनाग में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता आशीष कुमार भटगांई, जिलाधिकारी द्वारा की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा मुख्य रूप से पेयजल, सड़क, विद्युत लाइन, स्मार्ट मीटर, ऑगनबाड़ी केंद्र निर्माण, पंचायत घर निर्माण, जंगली जानवरों के आतंक, जल जीवन मिशन के अंतर्गत घटिया नलों की जांच, खेल मैदान एवं संपर्क मार्गों की खस्ताहाली, नगरपालिका डम्पिंग जोन से हो रही समस्याओं सहित विभिन्न विषयों को रखा गया। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह डांगी, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश रावत, ग्राम प्रधानों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बेरीनाग, चौकोडी, उडियारी, देवीनगर, पौषा, शाहगराऊं, हलियाजोब, जगथली सहित विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को प्रस्तुत किया गया।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम व जिला योजना में लापरवाही पर प्रशासन सख्त

■ 10 दिवस में रेटिंग सुधारने एवं 92 प्रतिशत बजट व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश

■ निर्धारित लक्ष्य न पाने वाले विभागों पर होगी कड़ी कार्रवाई: सीडीओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में विकास कार्यों की प्रगति को लेकर प्रशासन ने सखह्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में विगत देर सायं मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी की अध्यक्षता में बीस सूत्रीय कार्यक्रम एवं जिला योजना के अंतर्गत बजट व्यय की प्रगति को लेकर एक सघन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत बी एवं सी ग्रुप में सम्मिलित सभी विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ विभागों की रेटिंग एवं कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित सभी विभागों को 10 दिवस के भीतर अपनी रेटिंग में सुधार सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्धारित समयावधि में अपेक्षित सुधार न होने की स्थिति में संबंधित विभागों से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा तथा उत्तर से संतुष्ट न होने पर नियमानुसार कड़ी विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके पश्चात जिला योजना के अंतर्गत बजट व्यय की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों द्वारा अब तक अपने आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग नहीं किया गया है, वे दिनांक 20 फरवरी 2026 तक न्यूनतम 92 प्रतिशत बजट व्यय अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त उन्होंने कम धनराशि व्यय करने वाले विभागों को कारण स्पष्ट करते हुए शीघ्र स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी जारी किए। बैठक में परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी निरंजन प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 1032 लोगों ने जन जन की सरकार जन के द्वार कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

■ कुल 80 शिकायतें दर्ज, 22 का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के क्रम में मंगलवार को जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत सनातन धर्म शाला में उपजिलाधिकारी तुषार सैनी की अध्यक्षता में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1032 लोगों ने प्रतिभाग किया गया। शिविर मे प्राप्त 80 प्रार्थना पत्रों में से 22 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित किया गया। अन्य के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाऐं चलाई जा रही हैं इसलिए अधिकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देना सुनिश्चित करें। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 236 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाई वितरित की गयी। आयुष्मान कार्ड, 02 दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं 03 महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना से लाभान्वित किया गया। होम्योपैथिक विभाग द्वारा 105 लोगों की जांच तथा आयुष विभाग द्वारा 98 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निशुल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, विनीता सक्सेना, रणदीप पोखरिया, मनोज शाही, अमित पाण्डे, रेनू भंडारी, विक्की रस्तोगी, सहित जनपद व तहसील स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सुरक्षित इंटरनेट एवं जिम्मेदार एआई उपयोग पर कार्यशाला

■ सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026: छात्रों के साथ जागरूकता कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कलेक्ट्रेट सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर Safe Internet and Responsible Use of AI विषय पर एक जनपदीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी द्वारा की गई। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारीगण, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में इंटरनेट के सुरक्षित, सकारात्मक एवं उत्तरदायी उपयोग के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के विवेकपूर्ण एवं नैतिक उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं, ऐसे में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं पासवर्ड की सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने अपील की कि छात्र-छात्राएं स्वयं डिजिटल रूप से सजग बनें तथा अपने परिवारजनों, सगे-संबंधियों एवं आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यशाला के दौरान उप निदेशक, एनआईसी गौरव कुमार द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई।

### फायर कर्मियों ने राष्ट्रीय खेल सम्मेलन में जीते स्वर्ण व कांस्य पदक, एसपी ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना के तहत विकसित हो रहे मॉडल जिला चंपावत ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। जिले के फायर सर्विस कर्मियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चंपावत का नाम रोशन किया है।

राजस्थान के उदयपुर में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित अखिल भारतीय अग्निशमन सेवा खेल सम्मेलन-2026 में जनपद चंपावत में तैनात फायरमैन महेंद्र सिंह रावत ने आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के 90 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं फायर सर्विस चालक नीरज जोशी ने 68 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय मंच पर दोनों कर्मियों की इस उपलब्धि से जनपद चंपावत और उत्तराखंड पुलिस का गौरव बढ़ा है। पदक जीतकर चंपावत पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने दोनों फायर कर्मियों को सम्मानित करते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चेकिंग अभियान में 10 वाहनों का चालान, दो वाहन सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** जिलाधिकारीके निर्देश के क्रम में गदरपुर पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह और कोतवाल संजय पाठक अपनी टीम के साथ हाईवे पर मौजूद रहे तथा ओवरलोड वाहनों सहित अन्य संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की गई।

चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों के समस्त प्रपत्रों की जांच, गति सीमा का पालन, हेलमेट के उपयोग तथा यातायात नियमों के अनुपालन को विशेष रूप से परखा गया। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कुल 10 वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज करने की कार्रवाई भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। प्रशासन ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की।

### वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के जनक एफ.डब्लयू. चैम्पियन को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में उत्तराखंड के एक गर्वित हरित नायक भारतीय वन्यजीव फोटोग्राफी के जनक एफ.डब्लयू. चैम्पियन की स्मृति में विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके पोते जेम्स चैम्पियन द्वारा एक इंटरैक्टिव सत्र में एफ. डब्ल्यू. चैम्पियन के जीवन, कार्य और उनके फोटोग्राफिक योगदान पर प्रकाश डाला गया। भारतीय वन्यजीव फोटोग्राफी के जनक एफ. डब्ल्यू. चैम्पियन भारत के प्रारंभिक वन अधिकारियों में से एक थे, जो यह मानते थे कि वन्यजीवों को शिकार के माध्यम से नहीं, बल्कि अवलोकन और फोटोग्राफी के जरिये समझा और संरक्षित किया जाना चाहिए। 1920-30 के दशक में उन्होंने भारत में नैतिक वन्यजीव फोटोग्राफी की शुरुआत की और प्रारंभिक कैमरा-ट्रैप तकनीकों का उपयोग किया, वह भी बिना किसी प्रकार की बाधा पहुंचाए, उनकी सोच अपने समय से कहीं आगे थी। उन्होंने यह सिद्ध किया कि फोटोग्राफी केवल दस्तावेजीकरण का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूकता और संरक्षण का एक सशक्त साधन हो सकती है। प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे ने मुख्य अतिथि जेम्स चैम्पियन सहित अन्य लोगों का स्वागत किया। मंच का संचालन डॉक्टर डीएन जोशी ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रो.जी.सी.पन्त, डॉ.प्रियदर्शन बेलवाल, पूर्व मंत्री धनेश्वरी घिल्डियाल, गणेश रावत,सुमन्ता घोष, इमरान खान, संजय छिम्वाल, हरिशंकर, सुरेश सिंह, ख्याली दत्त करगेती, गौरव करगेती, उमाशंकर बिष्ट, मोहन सिंह, नन्दन सिंह नेगी, रवि देशवाल, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# रुद्रपुर के मोहित चोपड़ा ने पेश की भाईचारे की मिसाल

■ गदरपुर के युवाओं ने किया सम्मान, हिंदू-मुस्लिम एकता का दिया संदेश

■ नफरत के माहौल में इंसानियत की आवाज बनी उम्मीद: फैजान खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** समाज में बढ़ती दूरियों और नफरत भरे माहौल के बीच उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी मोहित चोपड़ा ने इंसानियत और भाईचारे की ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने लोगों के दिलों में नई उम्मीद जगाई है। हिंदू-मुस्लिम एकता और मानवीय मूल्यों के समर्थन में उनकी निडर आवाज को सम्मान देते हुए गदरपुर के युवा समाजसेवियों सलीम बाबा, शाकिर अली और फैजान खान ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया।

इस दौरान गदरपुर के फैजान खान ने कहा कि आज समाज को ऐसे लोगों की सबसे ज्यादा जरूरत है, जो धर्म और जाति से ऊपर उठकर इंसानियत की बात करें। उन्होंने कहा कि मोहित चोपड़ा का संदेश युवाओं को सकारात्मक दिशा देता है और समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करता है। वहीं शाकिर अली ने अपने संबोधन में कहा कि नफरत फैलाना आसान है, लेकिन मोहब्बत और भाईचारे का रास्ता चुनना साहस का काम है। उन्होंने कहा कि मोहित चोपड़ा ने अपने कार्यों और विचारों से यह साबित किया है कि सच्ची ताकत इंसानियत में होती है, न कि विभाजन में। सलीम बाबा ने कहा कि हमारा क्षेत्र हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है और इस परंपरा को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज को जोड़ते हैं और आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा देते हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद मोहित चोपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा और एकता का संदेश फैलाना ही उनका उद्देश्य है और वे आगे भी इसी दिशा में कार्य करते रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने आपसी सौहार्द बनाए रखने और समाज में सकारात्मक माहौल बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान सय्यद बिलाल अली, फहीम इदरीसी, नूर हसन, जविंदर सिंह मौजूद रहे।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स



# जब अवसर मिला, तो चमक उठी प्रतिभा

■ ग्रामीण बच्चों ने ज्ञान, तर्क और तत्परता की प्रतियोगिता में किया कमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** डायट लोहाघाट में आयोजित जनपद स्तरीय ज्ञान, बुद्धि, तत्परता एवं समसामयिक विषयों आधारित प्रतियोगिताओं ने इस बार शिक्षा जगत में एक नई मिसाल कायम कर दी। यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और बौद्धिक क्षमता का सशक्त प्रदर्शन बन कर उभरा। मंच मिला तो बच्चों ने अपनी ऊर्जा, दृष्टि और तर्कशक्ति से उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्रभारी प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल, कार्यक्रम समन्वयक कृष्ण सिंह ऐरी और संचालक शिवराज सिंह तड़ागी द्वारा किया गया।

इसके उपरांत सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी स्तर के छात्रों ने क्विज, भाषण तथा वादख्रविवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेकर ज्ञान, भाषा-कौशल, तर्क क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल और शिक्षकों की सराहना पूरे समय छात्रों के उत्साह को और बढ़ाती रही। समापन सत्र में विजेता छात्रों को आकर्षक पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में निर्णायक मंडल एवं व्यवस्थाओं से जुड़े शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इनमें प्रमुख रूप से डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. अवनीश शर्मा, डॉ. पारुल शर्मा, डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव, शिवराज सिंह तड़ागी, डॉ. लता आर्या, राम बालक मिश्रा, नवीन उपाध्याय, डॉ. कमल गहतोड़ी, मार्गदर्शक शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, रवीश पचौली राखी गहतोड़ी, सुनीता देवी, नवीन राम एवं मनोज नाथ महंत का उल्लेखनीय योगदान रहा। माध्यमिक स्तर में वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में चन्द्रकला जोशी,एकता,पवन सिंह, विपक्ष में सपना जोशी,सरिता,नीरज जोशी,भाषण प्रतियोगिता में माध्यमिक अंकित जोशी, पूजा भट्ट , अंशिका अधिकारी, क्विज में राहुल तथा चंचल, खुशी, ज्योति तथा दीपांशु सिंह ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार उच्च माध्यमिक वाद विवाद प्रतियोगिता में पक्ष मेंआरती जोशी, रिया बोहरा, खुशी राय, विपक्ष में नैन सिंह यादव, नेहा जोशी, वैष्णवी, भाषण प्रतियोगिता में शगुन, अंकिता, विनीता, क्विज प्रतियोगिता में संदीप तथा वरदा, कुलदीप तथा भूमिका, गोपाल तथा अर्जुन ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेताओं को सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट एवं डायट प्राचार्य मान सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लोहाघाट-पिथौरागढ़ हाईवे पर दो वाहन भिड़े, सात घायल, दो की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** लोहाघाट-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर सिंगदा के पास बड़ा सड़क हादसा हो गया। धारचूला से सितारगंज की ओर जा रही एक स्कार्पियो और टनकपुर से पिथौरागढ़ की ओर जा रही एसयूवी 700 के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राजस्व उप निरीक्षक नीरज कुमार मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को तत्काल लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विराज राठी के नेतृत्व में घायलों का उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दुर्घटना में घायल महिला पार्वती देवी (55) की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि भागीरथी देवी का हाथ फैक्चर हो गया है। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद पिथौरागढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर चीता पुलिस के हेड कांस्टेबल सुनील कुमार और अशोक वर्मा भी अस्पताल पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। दुर्घटना में घायल हुए लोगों में भागीरथी एतवाल (42) निवासी नेपाल, पार्वती देवी (55) निवासी नेपाल, नरेश जोशी निवासी महेंद्र नगर, लक्ष्मी निवासी महेंद्र नगर, बिसनी देवी (48) निवासी सितारगंज और 8 वर्षीय वैष्णवी शामिल हैं। सभी का उपचार जारी है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विराज राठी ने बताया कि फिलहाल सभी घायल खतरे से बाहर हैं और अस्पताल में उनका समुचित इलाज किया जा रहा है।

# मातृ सदन की जनहित याचिका पर सुनवाई

## मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामला दूसरी खण्डपीठ को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर व कुंभ मेला क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन के खिलाफ मातृ सदन हरिद्वार की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई हेतु पूर्व में निर्धारित पीठ न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ती पंकज पुरोहित की खंडपीठ को सुनने के लिए भेज दिया। अब मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होगी। बता दें पूर्व में न्यायमूर्ति मैठाणी की पीठ ने पूर्व के आदेशों का अनुपालन नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की थी। कोर्ट ने कहा था कि पूर्व के आदेशों का अनुपालन न करना



और स्टोन क्रेशरों का संचालन करना कानून का उल्लंघन है।

पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने हरिद्वार में संचालित 48 स्टोन क्रेशरों को तत्काल बंद करने व उनकी बिजली पानी के कनेशन काटने के आदेश जिलाधिकारी हरिद्वार व एसएसपी हरिद्वार को दिए थे। साथ में कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को भी कहा था लेकिन मंगलवार को मामला नॉमिनेट बेंच में लिस्ट न होकर मुख्य न्यायाधीश की बेंच में लिस्ट हुआ जिसपर सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश की कोर्ट ने मामले को नॉमिनेट बैंच को सुनवाई हेतु भेज दिया है क्योंकि इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मैठाणी व पुरोहित की बेंच कर रही है। मामले के अनुसार हरिद्वार मातृ सदन ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हरिद्वार में रायवाला से भोगपुर के बीच गंगा नदी में नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है जिससे गंगा नदी के अस्तित्व को खतरा पैदा हो गया है। गंगा नदी में खनन करने वाले नेशनल मिशन क्लीन गंगा को पलीता लगा रहे हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि गंगा नदी में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाई जाए ताकि गंगा नदी के अस्तित्व को बचाया जा सके। अब खनन कुंभ क्षेत्र में भी किया जा रहा है। याचिकर्ता का यह भी कहना है कि केंद्र सरकार ने गंगा नदी को बचाने के लिए एनएमसीजी बोर्ड गठित किया है। जिसका उद्देश्य गंगा को साफ करना व उसके अस्तित्व को बचाए रखना है। एनएमसीजी द्वारा राज्य सरकार को बार बार आदेश दिए गए कि यहां खनन कार्य नहीं किया जाय। उसके बाद में सरकार ने यहां खनन कार्य करवाया जा रहा है। यूएन ने भी भारत सरकार को निर्देश दिए थे कि गंगा को बचाने के लिए कौन कदम उठाए जा रहे? उसके बाद भी सरकार द्वारा गंगा के अस्तित्व को समाप्त किया जा रहा है।

## यूजीसी को हाईकोर्ट ने दी तीन सप्ताह की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति की नियुक्ति को निरस्त (क्वैश) करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने यूजीसी से तीन सप्ताह में अपना जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट ने 11 मार्च 2026 बुधवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार प्रो. नवीन प्रकाश नौटियाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि कुलपति की नियुक्ति केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम-2009 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों तथा अन्य अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण के उपाय) विनियम 2018 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के खिलाफ हुई है। कहा है कि यूजीसी विनियमों तथा विज्ञापन में निर्धारित स्वयं की पात्रता शर्तों के उल्लंघन में प्रो. प्रकाश सिंह की कुलपति के रूप में निरंतर बनी हुई जिनकी नियुक्ति मनमानी एवं अवैध है। यह मेरिट आधारित नियुक्तियों की पवित्रता को क्षति पहुँचाती है तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 का उल्लंघन करती है। उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत याचिकाकर्ता के पास इस न्यायालय के समक्ष भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत वर्तमान याचिका प्रस्तुत करने के अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक, प्रभावी एवं पर्याप्त उपाय उपलबध नहीं है कयोंकि कुलपति की नियुक्ति यूजीसी विनियम 2018 की विनियम 7.3 के प्रतिकूल है जिसमें विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्षों के अनुभव की अनिवार्यता निर्धारित की गई है। कहा कि क्योंकि प्रो. सिंह का भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में चेयर प्रोफेसर के रूप में अनुभव को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के समकक्ष नहीं माना जा सकता कयोंकि भारतीय लोक प्रशासन संस्थान न तो कोई विश्वविद्यालय है और न ही यूजीसी मानदंडों द्वारा शासित संस्था है, क्योंकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञापन में पात्रता को स्पष्ट रूप से विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में 10 वर्ष तक सीमित किया गया थाए जिससे किसी भी प्रकार की समकक्षता या प्रतिस्थापन की कोई गुंजाइश नहीं रहती। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न निर्णयों में यह बार-बार प्रतिपादित किया गया है कि चयन समिति चयन प्रक्रिया के मध्य में किसी सार्वजनिक पद हेतु नियुक्ति की पात्रता शर्तों को परिवर्तित/शिथिल नहीं कर सकती कयोंकि ऐसी मनमानी नियुक्तियाँ शैक्षणिक संस्थानों की निष्पक्षता एवं अखंडता में जनविश्वास को क्षीण करती हैं तथा संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत समानता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती हैं। यह स्थापित विधि है कि किसी सार्वजनिक पद पर नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप ही की जानी चाहिए तथा संपूर्ण प्रक्रिया में कोई भी मनमानी नहीं होनी चाहिए।

## याचिकाकर्ता सरकार के जवाब पर प्रति शपथ पत्र पेश करें

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नेशनल हॉकर फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा बिना सर्वे किए स्ट्रीट बेंडरों को हटाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं से सरकार के जवाब पर अपना प्रति शपथ पत्र पेश करने को कहा। दूसरी ओर अब हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार नेशनल हॉकर फैडरेशन सहित अन्य के द्वारा जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि उत्तराखंड में लगभग 10187 स्ट्रीट बेंडर हैं। सरकार ने स्ट्रीट बेंडर एक्ट-2014 का पालन अभी तक नहीं किया है जिसमें कहा गया है कि स्ट्रीट बेंडरों के लिए एक निर्धारत जगह होगी, उसे संबन्धित कॉर्पोरेशन द्वारा लाइसेंस दिया जाएगा, उनको हटाने से पूर्व समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी करनी होगी, जिस जगह पर स्ट्रीट बेंडरों के लिए जगह निर्धारित होगी वहां पर ये लोग अपने पास लाइसेंस तथा आधारकार्ड और राशनकार्ड रखेंगे जिससे इनकी आसानी से पहचान हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में एक निर्णय देकर कहा था कि सभी राज्य अपने वहां सभी स्ट्रीट बेंडरों का चार माह के भीतर सर्वे कर एक स्ट्रीट टाउन बेंडर कमेटी का गठन करें जिसमें संबन्धित कार्पोरेशन,पुलिस प्रसासन तथा व्यापार मंडल समेत जानकार लोग होंगे लेकिन अभी तक न तो उत्तराखण्ड में इनका सर्वे हुआ न बेन्डिंग जोन घोषित हुआ न ही कमेटी का गठन हुआ, जिसका नतीजा आये दिन इन लोगो का सामना जबत किया जाता आ रहा है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि सामान जब्त करने व उसे तोड़ने का अधिकार इनको नहीं है जबकि जब्त खाने का सामना एक दिन में और अन्य सामान तीन दिन के भीतर वापस करने का भी प्रावधान है। समान उसी दिन वापस कराया जाय या फिर उनको इसका मुआवजा दिया जाए।

## तस्करी के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल प्रशान्त जोशी ने मंगलवार को गुलदार की खाल व हड्डी को बेचने वाले तस्कर/आरोपी अभियुक्त महेश कपकोटी की जमानत खारिज कर दी। अभियोजन तथ्यों के अनुसार 9 जनवरी 2026 शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल के पास वन विभाग की टीम ने महेश कपकोटी निवासी कपकोट बागेश्वर को दो गुलदार की खालों व 4.350 किलोग्राम गुलदार की हड्डियों के साथ गिरफ्तार किया था जिसकी जमानत अर्जी सुनवाई के लिये जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश हुए थी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी नैनीताल सुशील कुमार शर्मा ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क रखा कि अभियुक्त के पास दो गुलदार की खालें व 4 किलो से अधिक हड्डियां बरामद हुई हैं, अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि वह कपकोट से भुवन चन्द्र जोशी से ये खालें व हड्डियां लेकर यहाँ बेचने आया था। बताया कि वन्य जीव जन्तु संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत गुलदार शेडयूल एक का दुलर्भ प्राणी है। बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 30 से 35 लाख रूपये है। न्यायालय द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त महेश सिंह कपकोटी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी उल्लिखित किया है कि अभियुक्त से गुलदार की खाल व हड्डियां वन विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अपने वैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान बरामद की हैं और आरोपी का अपराध वन्य जीव संरक्षण अधि. की अनुसूची एक में शामिल एक संरक्षित वन्य जीव से संबंधित है जिसे विधि में संरक्षण प्राप्त है। अभियुक्त द्वारा किया गया अपराध अत्यन्त गंभीर प्रकृति का है जिसका सीधा प्रभाव वन्य जीव संरक्षण एवं परिस्थितिक सन्तुलन पर पड़ता है। इसके अलावा अभियुक्त से बरामद खालों व हड्डियों का मूल्य अपराध की व्यावसायिकता एवं संगठित प्रकृति को दर्शाता है।

## एक नजर....

### विधायक ने पुतला दहन को निंदनीय बताया

**नैनीताल।** विधायक सरिता आर्या ने मंगलवार को भवाली में भाजपा कार्यकर्ताओं के पुतले व व्यक्तिगत टिप्पणी किए जाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यकर्ता पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त योग्य नहीं है। यह पूर्णतय: गलत और निंदनीय कृत्य है।

### व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निसुरक्षा की जांच

**नैनीताल।** नैनीताल में अग्निकांडों की घटनाओं को देखते हुए दमकल की टीम की ओर से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तथा पेट्रोल पंप व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामियों व संचालकों को जरूरी निर्देश दिए। बता दें मंगलवार को अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने नैनीताल क्षेत्र के अंतर्गत व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, पेट्रोल पंपों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में का अग्निसुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया। इस दौरान अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। साथ ही उपस्थित स्टाफ को फायर एसटिंग्यूशर द्वारा आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। नेगी ने बताया कि प्रतिष्ठान स्वामियों उओ अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियों को दुरुस्त करने के सुझाव व नोटिस निर्गत किए गए हैं।

### तल्लीताल चौराहे के पास रैलिंग टूटी

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल चौराहे पर गांधी प्रतिमा और गांधीजी के बंदरों के समीप सुरक्षा के लिए लगाई गई रेलिंग टूटने लगी है। टूटी हुई रेलिंगों के चोरी होने का भी भय बना हुआ है। बता दें कि कुछ ही महिनों पूर्व लानिवि की ओर से तल्लीताल में चौराहे का चौड़ीकरण करने के साथ ही गांधी जी और उनके बंदरों की प्रतिमा स्थापित की थी। जिनकी सुरक्षा के लिए चारों ओर एंगिलों से रैलिंग की गई थी। लेकिन कुछ ही दिनों में लोगों की ओर से यहां बैठने व फोटो खिंचाने के चलते एंगिल निकलना शुरू हो गया है। सोमवार को एंगिल टूटने के बाद वहीं गिरी हुई है। लोगों का कहना है कि यूंही एंगिल टूटते रहे तो चोरी हो सकते हैं। म्मामले में लोनिवि के जेई विवेक धर्मशत्तू ने बताया कि पर्यटकों के फोटो खिंचाने के दौरान एंगिल निकले हुए हैं। जल्द ही एंगिलों में वेल्डिंग कर जोड़ दिया जाएगा।

### अक्टूबर तक कैंची धाम बाइपास हो जाएगा पूरा

**नैनीताल।** पवित्र कैंची धाम क्षेत्र में यात्रियों और श्रद्धालुओं को जाम से निजात दिलाने के लिए दूनीखाल से रातीघाट बाईपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। कटिंग का कार्य पूरा हो चुका है। मामले में लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि सेनिटोरियम से रातीघाट तक 19 किमी बाईपास का निर्माण किया जाना है। बताया कि 5 करोड़ पांच लाख की लागत से कटान किया गया। वहीं दूसरी किस्त में 9 करोड़ की लागत से कलमठ तथा दीवार और नाली का कार्य किया जा रहा है। बताया कि तीसरी किश्त 9 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जाना है। बताया कि अक्टूबर तक कार्य पूरा कर दिया जाएगा। जिससे कैंची धाम में जाम की समस्या दूर हो जाएगी। इसका सबसे अधिक लाभ अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, पिथौरागढ़, धारचूला और हल्द्वानी के यात्रियों के साथ सैलानियों को होगा।

### प्रतिभागियों ने देखा एरीज

**नैनीताल।** मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा हार्मिटेज (यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र) नैनीताल में पांच दिनी अंतर राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। बता दें कार्यक्रम में अतिथि राज्य बिहार के



मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पटना, वैशाली एवं बेगूसराय से 35 युवा एवं 2 ग्रुप लीडर मुजफ्फरपुर के चंदन एवं वैशाली से श्वेता मिलाकर कुल 37 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। द्वितीय दिन की शुरुआत योग से हुई। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने कैंची धाम, हनुमानगढ़ी एवं आर्यभट्ट अनुसंधान संस्थान प्रेक्षणीय विज्ञान (एरीज) का भ्रमण किया। एरीज से पब्लिक आउटरीच प्रोग्राम के सदस्य कमल सिंह एवं मोहित सिंह पवार द्वारा विस्तार में एरीज के बारे में बताया वही वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. वीरेंद्र यादव द्वारा 1.04 मीटर संपूर्णानंद टेलीस्कोप के बारे में बताया। सभी प्रतिभागियों ने यह स्तर में रुचि दिखाई। मेरा युवा भारती नैनीताल की उप निदेशक डौल्वी तेवतिया द्वारा सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद दिया। सायं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी जिलों के युवाओं ने प्रतिभाग किया और एक दूसरे के राज्यों के संस्कृति को जाना। कार्यक्रम में पुष्कर दानू एवं अजय कोहली का विशेष सहयोग रहा।

### मार्ग डामरीकरण के लिए 7 करोड़ स्वीकृत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि भीमताल विधानसभा के रामगढ़ विकास खंड के झूतिया से कोल कांडा- कुना तक मोटर मार्ग के सुधारीकरण व डामरीकरण करने के लिए 7 करोड़ 15 लाख स्वीकृति हो गये हैं। उन्होंने बताया कि शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अब टैण्डर प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्दी ही मोटर मार्ग पर सुधारीकरण व डामरीकरण कार्य किया जायेगा।

# दुराचार पीड़िता के परिवार से मिलीं विधायक सरिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** विधायक सरिता आर्या ने मंगलवार को पीड़ित नाबालिग के परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार से बातचीत कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार करने वाले दोषी को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए ताकि यह समाज के लिए एक सबक बने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ है। पीड़ित परिवार को यदि कोई डराता या धमकाता है तो उसके ऊपर उचित कार्यवाही की जाएगी। विधायक ने पुलिस अधिकारियों से पीड़ित व उसके परिवार के सुरक्षा की बात कही इस दौरान भाजपा नेता भावना मेहरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भवाली: नजूल के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

## नगर पालिका के आदेश के खिलाफ आक्रोश, भाजपा नेता निशाने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में बीते दिनों नाबालिग बालिका के साथ हुए दुराचार के मामले ने अब जोर पकड़ना शुरु कर दिया है। मामले को लेकर जहां एक ओर नगर पालि. का के नजूल भूमि के आदेश के खिलाफ कई लोगों ने प्रदर्शन किया वहीं मामले में चार भाजपा नेताओं के पुतले भी जलाए।

दूसरी ओर मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा जबकि विधायक सरिता आर्या ने पीड़ित नाबालिग के परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। बता दें नगर पालिका की नजूल भूमि पर बसे लोगों को चिन्हीकरण कर कार्रवाई



करने के आदेश के विरोध में भवाली शहर में लोगों का विशाल हुजूम सड़कों पर उतर आया। बीच चौराहे पर भाजपा के चार नेताओं के पुतले जलाए गए जिसके बाद मुरदाबाद के नारे लोगों ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व से इन नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। गुस्साए लोगों ने आरोप लगाया कि ये नेता शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। बाहर भीमताल क्षेत्र के लोगों को बुलाकर नजूल में बसे लोगों को उजाड़ने के लिए हंगामा मचा रहे हैं। गुस्साए लोगों ने चेतावनी दी कि अगर ये हमारे क्षेत्र में दोबारा आए तो इन्हें जूतों की माला पहनाई जाएगी। उन्होंने मांग की कि सरकार नजूल में बसे लोगों को फ्रीहोल्ड देकर वैध बनाए या नियमितीकरण करे। समाजसेवी शीलू कुमार और व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे के नेतृत्व में शहर के लोग प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे। शहर के कई वार्ड मेंबरों ने अपने लेटरहेड पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कई संगठनों ने उनका साथ दिया। प्रदर्शन में शीलू कुमार, नरेश पांडेय, किशन अधिक. ारी, पवन रावत, सुमित सिंह, प्रदीप अर्या, कबीर साह, फरदीन अंसारी, दीपक अर्या, रहमान कुरेशी, इदरीस खान, जावेद, बिलाल, यश, मनीष, आर्मान, सूरज, अमील, आदिल तथा समीत समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डेमोग्राफी: डीएम को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भवाली नगर की डेमोग्राफी व जनसांख्यिकी बदलाव को लेकर भाजपाईयों ने मंगलवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले दिनों समुदाय विशेष के एक व्यक्ति द्वारा अनुसूचित वर्ग की नाबा. लिग बच्ची से दुराचार की घटना सामने आई जिससे वह गर्भवती हो गई। इस घटना को गंभीर बताते हुए उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में तेजी से हो रहे डेमोग्राफी व जनसांख्यिकी बदलाव के कारण आपराधिक प्रवृति के लोग ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोगों को नगरपालिका की ओर से सरकारी भूमि पर निर्माण कार्यों के बाद बिजली-पानी के लिए एनओसी भी जारी की जा रही है कार्यकर्ताओं ने



मांग की कि सेनिटोरियम क्षेत्र में बनी मस्जिद की भूमि की वास्तविक स्वीकृति की जांच कराई जाए और बची हुई भूमि का उपयोग जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्टांप पर बेची जा रही नजूल व सरकारी भूमि की खरीद फरोख्त पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की। इस दौरान जिला मंत्री मनोज भट्ट, निवर्तमान महामंत्री भावना मेहरा, जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया, मंडी परिषद सलाहकार मनोज जोशी, सभासद पूरन सिंह बिष्ट, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, अधिवक्ता शिवांशु जोशी समेत कमल चिलवाल, कमल सुयाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ग्राफिक एरा में एडब्लूएस जेएएम 2026 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल कैंपस द्वारा अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) के सहयोग से मंगलवार को एडब्लूएस जेएएम-2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस गेम-आधारित क्लाउड कंप्यूटिंग प्रतियोगिता में देशभर से 480 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भीमताल कैंपस में आयोजित होने वाला पहला एडब्लूएस जेएएम था, जिसने विश्व विद्यालय की उद्योग-केंद्रित तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूती दी।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राफिक एरा ग्रुप अक्क इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डा. कमल घनशाला के



नेतृत्व में हुआ, जो अकादमिक और उद्योग-समन्वय के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की लगातार प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भीमताल कैंपस के निदेशक ने एडब्लूएस के ग्लोबल डिलीवरी रेडीनेस तकनीकी लीड रोहित शर्मा और सॉल्यूशन आर्किटेक्ट अर्पित चौधरी का स्वागत किया और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस संकाय सदस्य एवं इंडस्ट्री-अकादमिया लीड तेजस्वी घनशाला ने की। अपने संबा. ेधन में रोहित शर्मा ने विद्यार्थियों को तकनीकी और सीखने के अवसरों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रोजगार के लिए प्रमाणपत्रों और व्यावहारिक कौशल के महत्व को रेखांकित किया और एडब्लूएस स्किल बिल्डर प्लेटफ़ॉर्म की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एडब्लूएस जेएएम, प्ले, लर्न और वैलिडेट की अवधारणा पर आधारित है, जिससे छात्र प्रतिस्पर्धी और ओपन-बुक वातावरण में वास्तविक अनुभव प्राप्त करते हैं। साथ ही, उन्होंने डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता की बढ़ती मांग पर भी ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने एडब्लूएस ग्राहकों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविक समस्याओं को हल किया। प्रतियोगिता के दौरान, छात्र लाइव लीडरबोर्ड पर अपनी प्रगति को ट्रैक करते रहे। यह प्रतिस्पर्धा बेहद रोमांचक रही, जहां प्रतिभागियों ने कम समय में सटीक समाधान प्रस्तुत करने की रणनीतियाँ अपनाईं। पूरे आयोजन के दौरान एडब्लूएस के मेंटर्स ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता के अंत में, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष दस प्रतिभागियों को कुल 50,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि और सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर, भीमताल कैंपस के निदेशक ने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी विजेता हैं, क्योंकि उन्होंने व्यावहारिक अनुभव और उद्योग-स्तरीय ज्ञान अर्जित किया है।

# जिला अस्पताल हुए एक साल में 489 सुरक्षित प्रसव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल ।** नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में बीते एक साल में 489 सुरक्षित प्रसव कराए गए हैं जिसमें डाकटरों ने 337 प्रसव सामान्य जबकि 152 सिजेरियन प्रसव कराए हैं। अस्पताल के दो गाइनोकोलॉजिस्ट की तैनाती में प्रसव बढ़ रहे हैं। बता दें कि नैनीताल के जिला अस्पताल में नैनीताल,भवाली, भीमताल, खुर्पाताल व पंगोट क्षेत्र से तक गर्भवती महिलाएं उपचार और प्रसव कराने के लिए पहुंचती हैं, जिनके उपचार व देखरेख और प्रसव के लिए अस्पताल में तीन गाइनो कोलॉजिस्ट के पद स्वीकृत हैंजिसमें वर्तमान में दो गाइनोकोलॉजिस्ट तैनात हैं जो गर्भवती महिलाओं की जांच, देखरेख और उपचार के साथ प्रसव कराती हैं। बीते एक साल में दो गाइनोकोलॉजिस्ट डा. द्रौपदी गर्बियाल व डा. प्रेमा फर्त्याल ने अस्पताल में 489 सुरक्षित प्रसव कराए हैं जिसमें 337 प्रसव सामान्य व 152 सिजेरियन प्रसव किए हैं। जिसमें अस्पताल में 254 बालकों व 235 बालिकाओं ने जन्म लिया है।

मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डा.तरुण कुमार टमटा ने बताया कि जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को विशेष सुविधा दी जाती है। अल्ट्रासाउंड के लिए भी उनको प्राथमिकता दी जाती है। जिसके चलते प्रतिमाह अस्पताल में लगभग 40 सुरक्षित प्रसव कराए जाते हैं वहीं प्रसव के बाद जच्चा बच्चा को अस्पताल से हर सरकारी सुविधा दी जाती है। साथ ही एक वर्ष तक कोई दिक्कत होने पर बच्चे को नि:शुल्क उपचार दिया जाता है।

# ज़मीन नहीं, लटका एसटीपी का कार्य

## 96.15 करोड़ की योजना अधर में, कार्यदायी संस्था का भी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल नगर की सीवर समस्या के समाधान के लिए समीपवर्ती रूसी गांव में निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट के लिए जमीन तय नहीं हो पाई है। जिसके चलते 96.15 करोड़ की योजना अधर में लटकी हुई है। बता दें कि नैनीताल में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी 9615. करोड़ की लागत से नई सीवर लाईन बिछाने व रूसी बाईपास में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का कार्य कर रही है। इसके तहत नैनीताल से रूसी बाईपास तक सीवर लाइन बिछाने का काम किया जा चुका है साथ ही रूसी बाईपास में स्टाफ क्वाटर और सीवर प्लांट के टैंक बनाने का काम हुआ था लेकिन बारिश में बरसाती नाले में पानी का बहाव तेज होने से सीवर प्लांट की तलहटी पर भू कटाव होने से प्लांट में रखी लाखों रुपये की निर्माण सामग्री बरसाती नाले में पहुंच गई थी, साथ ही करोड़ों का प्लांट खतरे की जद में आ गया था।

इस कारण कार्यदायी संस्था को अगस्त 2023 में एसटीपी का कार्य रोकना पड़ा था। कार्यदायी संस्था की ओर से तलहटी पर सुरक्षा कार्य किए और एसटीपी के लिए पांच एकड़ भूमि पटवाडांगर में चिंहित कर ली गई थी। शासन की ओर से सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद रूसी में प्लांट का कार्य बंद कर कार्यदायी संस्था पटवाडांगर में एसटीपी बनाने की तैयारियों में जुट गई। सर्वे के बाद भूगर्भीय सर्वेक्षण के लिए क्षेत्र तक बोरिंग मशीन पहुंचाने के लिए समतलीकरण का कार्य भी किया गया। लेकिन सर्वेक्षण के लिए आईआई रूड़की की टीम पहुंचने से पहले ही शासन की ओर से पटवाडांगर में एसटीपी प्लांट बनाने पर रोक लगा दी थी। शासन की ओर से कहा गया था कि पटवाडांगर नैनीताल जैव प्रौद्योगिकी परिषद् स्थित भूमि पर पूर्व में यूआईआईडीबी और उच्च शिक्षा विभाग को भूमि हस्तांतरण की अनुशंसा की जा चुकी है। इस भूमि के एक भाग पर शहरी विकास विभाग की ओर से एटीपी का निर्माण प्रस्तावित किया जा रहा है। यूआईआईडीबी के सेक्टर की परियोजनाओं के दृष्टिगत एसटीपी का निर्माण विपरीत प्रभाव डालेगा। कहा था कि नैनीताल नगर के समीप स्थित वन भूमि पर एसटीपी निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए लेकिन उसके बाद भी कार्यदायी संस्था को एसटीपी के लिए कोई जमीन नहीं मिली लेकिन शासन की ओर से दोबारा प्रशासन, कार्यदायी संस्था यूआईआईडीबी, कुविवि, जल संस्थान, वन विभाग की कमेटी बनाकर जमीन का फिर मुल्यांकन कराया गया था लेकिन अभी तक एसटीपी के लिए अब तक कोई जमीन तय नहीं हो पाई है। जिसके चलते एसटीपी का कार्य लटका हुआ है। मामले में एसडीएम नवा. जिश खलिक ने बताया कि पटवाडांगर में विभिन्न विभागों की टीम की ओर से निरीक्षण के बाद मूल्यांकन रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। शासन से स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू किया जा सकेगा।

# विकास भवन भीमताल में कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सेफर इंटरनेट डे के उपलक्ष्य में स्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेंस एसप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ एआई विषय के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन भीमताल में जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र नैनीताल द्वारा एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे द्वारा भी इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग हेतु प्रमुख साइबर खतरों और निवारण तकनीकों के बारे में उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करने और नागरिकों के बीच एआई के सुरक्षित और जिमेदार उपयोग करने के बारे में बताया गया। कार्यशाला में अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नैनीताल तिलोत्मा यादव द्वारा बताया कि विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए इंटरनेट और एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति संवे. दनशील बनाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस स्मार्ट तकनीक सुरक्षित विकल्प एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग थीम के तहत मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टमटा, जिला पंचायत राज अधिक. ारी सुरेश कुमार बैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

खेल विशेष

## लखनऊ प्रीमियर लीग में मिलेगी स्थानीय खिलाड़ियों को प्राथमिकता

**लखनऊ, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित लखनऊ प्रीमियर लीग अब उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप आयोजित की जाएगी। नए प्रारूप के तहत प्रत्येक फ्रेंचाइजी की 20 सदस्यीय टीम में अधिकतम 18 खिलाड़ी लखनऊ के या लखनऊ में पंजीकृत होकर ट्रायल देने वाले होंगे, जबकि केवल दो खिलाड़ी बाहर के शामिल किए जा सकेंगे। लीग अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सात मार्च से शुरू होगी। बीबीडी बैडमिंटन अकादमी स्थित सीएएल मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सीएएल अध्यक्ष ने की। इस दौरान लीग कमिश्नर एसपी मिश्रा, सीएएल सचिव केएम खान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉ- सहगल ने बताया कि यूपीसीए द्वारा यूपीटी-20 लीग के लिए जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर ही एलपीएल का संचालन होगा और टीम चयन प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्व में हुई खिलाड़ियों की नीलामी के आधार पर गठित टीमों में संशोधन किया जाएगा। लखनऊ से बाहर के खिलाड़ियों में से प्रत्येक फ्रेंचाइजी केवल दो खिलाड़ियों को ही रख सकेगी। शेष स्थानों पर पूर्व सूची में शामिल स्थानीय खिलाड़ियों को अवसर दिया जाएगा। जो खिलाड़ी लखनऊ में पंजीकरण कर विभिन्न प्रतियोगिताओं के ट्रायल देते हैं, उन्हें स्थानीय माना जाएगा, जबकि स्थानीय खिलाड़ी यदि अन्य जिले से पंजीकृत हैं तो उन्हें लखनऊ का खिलाड़ी नहीं माना जाएगा। एलपीएल की संचालन समिति और फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ बुधवार को बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में बैठक होगी, जिसमें नए प्रारूप की जानकारी दी जाएगी।

# पाक ने भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार का फैसला वापस लिया



- **पाक सरकार ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए उन्होंने पाक टीम को भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति दी**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सरकार ने 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच में उनकी टीम के बहिष्कार के फैसले को वापस ले लिया है। पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि मित्र देशों के अनुरोध को देखते हुए, उन्होंने पाकिस्तान टीम को भारत के खिलाफ मैच खेलने की अनुमति दे दी है। पाकिस्तान सरकार के भारत के खिलाफ मैच के बहिषकार के फैसले को वापस लेने को लेकर पिछले कुछ दिनों में पीसीबी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड(बीसीबी) और अंतर्राष्टीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बीच बैठकों का सिलसिला जारी था। आर्थिक नजरिए से यह इस विश्व कप का सबसे अधिक आर्थिक रूप से लाभकारी मैच है। सोमवार शाम को पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान के मैच पर फ़ैसला अगले 24-48 घंटों में आ सकता है। इससे कुछ मिनट पहले आईसीसी ने भी एक बयान जारी किया, जिसमें उसने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख नरम अख्तियार करते हुए कहा कि बांग्लादेश टीम पर टी-20 विश्वकप के लिए भारत की यात्रा से इनकार करने पर कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा, उन्हें 2028-2031 चरण में एक अतिरिक्त आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार भी दिए गए।

## आईसीसी के दखल से पाकिस्तान का भारत के साथ खेलना सुनिश्चित हुआ: राजीव शुक्ला



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मंगलवार को भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के हिस्सा लेने से जुड़े मसलों को सुलझाने में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए इसे एक ष्बड़ी कामयाबीष और सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए फायदे का सौदा बताया। लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के साथ आईसीसी के प्रतिनिधियों की बातचीत के नतीजे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्ला ने कहा कि क्रिकेट के खेल को प्राथमिकता देकर एक दोस्ताना हल निकाल लिया गया है। शुक्ला ने कहा कि मैं आईसीसी के प्रतिनिधियों द्वारा शुरू की गई बातचीत का नतीजा देखकर बहुत खुश हूं, जो लाहौर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बात करने गए थे। यह एक अच्छा हल है, एक दोस्ताना हल है जो क्रिकेट को प्राथमिकता और खेल को अहमियत देने के लिए निकाला गया है। उन्होंने पहल करने और सभी पार्टियों को कामयाबी से बातचीत की टेबल पर लाने के लिए आईसीसी की तारीफ करते हुए कहा कि यह पहल करने, इस मुद्दे को सुलझाने और क्रिकेट को फिर से सबसे आगे लाने के लिए आईसीसी को बहुत-बहुत बधाई। यह एक बड़ी कामयाबी है। उन्होंने कहा यह हम सभी के लिए अच्छी खबर है।

## भारत-पाक मैच सुनिश्चित करने के लिए शहबाज को दिया धन्यवाद



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व में हाई-वोल्टेज इंडिया-पाक मैच को सुनिश्चित करने के पाकिस्तान के फैसले का स्वागत करते पीएम शहबाज शरीफ को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में, दिसानायके ने टूर्नामेंट को जारी रखने की उनकी कोशिशों के लिए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और दूसरी संबंधित अथॉरिटीज का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री शहबाज, आपका धन्यवाद कि आपने यह सुश्निचित किया कि जिस खेल से हम सभी प्यार करते हैं, वह चलता रहे। खुशी है कि कोलंबो में चल रहे टी-20 क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाक का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा मैच तय समय पर होगा। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के को-होस्ट के तौर पर, श्रीलंका आईसीसी और सभी संबंधित लोगों को उनकी कोशिशों के लिए धन्यवाद देता है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा द. अफ्रीका

### अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए मैच जीतना चाहेगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा। वहीं अफगानिस्तान सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिदा रखने के लिए यह मैच जीतना चाहेगा।

दक्षिण अफ्रीका कनाडा पर बड़ी जीत के बाद अंक तालिका में अभी बेहतर नेट रन रेट के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड से हार के बाद स्टैंडिंग में चौथे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीदों को ज़िदा रखने के लिए जीतना जरूरी है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जबरदस्त फ़ॉर्म में है। सलामी बल्लेबाज क्विटन डी कॉक ने पिछली तीन पारियों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 56 की एवरेज से रन बनाए हैं। कप्तान एडन मारक्रम भी शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मध्यमक्रम और डेथ ओवरों में फिनिशिग क्षमता रखते है। कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मार्को यानसन की पेस तिकड़ी दक्षिण अफ्रीकी टीम को मजबूती देती है, हालांकि रबाडा हाल के मैचों में काफी महंगे रहे हैं।

वहीं अफगानिस्तान अपनी स्पिन जोड़ी राशिद खान और मुजीब उर रहमान पर भरोसा करेगा ताकि दक्षिण अफ्रीका की आक्रामक बल्लेबाजी को रोका जा सके। मुजीब ने पिछले चार मैचों में 12 के स्ट्राइक रेट से आठ विकेट लिए हैं, जबकि राशिद बीच के ओवरों में अहम गेंदबाज बने हुए हैं। हालांकि, अफगानिस्तान की डेथ बॉलिग को लेकर चिंता बनी हुई है, जिसकी वजह से हाल के मैचों में उन्हें जरूरी रन गंवाने पड़े हैं। अनुभवी टॉलराउंडर गुलबदीन नायब ने अफगानिस्तान के पिछले मैच में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। रहमानुल्लाह गुरबाज पर टॉप पर अच्छी शुरुआत देने का दबाव होगा।

# नीदरलैंड ने नामीबिया को हराया

**नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रना बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** बास डलीडे ( दो विकेट और नाबाद 72 ) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने मंगलवार को टी-20 विश्वकप के 10वें मुकाबले में नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसका पहला विकेट तीसरे ओवर में मैक्स ओ' डाउड (सात) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बास डलीडे ने माइकल लेविट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 30 रन जोड़े। छठें ओवर में बर्नार्ड शोल्ज ने माइकल लेविट को आउटकर नीदरलैंड्स को दूसरा झटका दिया। लेविट ने 15 गेंदों में तीन छक्के एक चौका लगाते हुए 28 रनों की पारी खेली। कॉलिन ऐकरमैन (32) रन 14वें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। नीदरलैंड्स ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। बास डलीडे ने 48 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 72 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नौ गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 18 रन बनाए। नामीबिया के लिए बर्नार्ड शोल्ज, रुबेन ट्रम्पलमन और निकोल लॉफ्टी-ईटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) और यान फ्रायलिक (30) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर नामीबिया ने नीदरलैंड्स के खिलाफ आठ विकेट पर 156 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।नीलदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में लॉरेन स्टीनकैंप (छह) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए निकोल लॉफ्टी-ईटन ने यान फ्रायलिक के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। 10वें ओवर में लोगन वैन बीक ने 26 गेंदों में 30 रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 13वें ओवर में बास डलीडे ने कप्तान एरार्ड इरास्मस नौ गेंदों में 18 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

## आकृति दहिया ने निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की आकृति दहिया ने मंगलवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की व्यक्तिगत 50मी राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। यहां डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में मुकाबला करते हुए, 24 साल की निशानेबाज ने नीलिग, प्रोन और स्टैंडिग राउंड के बाद कुल 354-2 का स्कोर किया। कजाकिस्तान की सिर्फ 18 साल की सोफिया शुलजेन्को ने 358-2 के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दो बार की ओलंपियन भारत की अंजुम मौदगिल ने 340-4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। एक और भारतीय निशानेबाज, आशी चौकसे, पोडियम फिनिश से चूक गईं, कुल 330-9 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले, मौदगिल, चौकसे और दहिया ने मिलकर टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1756 (86) स्कोर किया। कजाकिस्तान 1760 (90) के साथ टीम स्टैंडिग में टॉप पर रहा, जबकि जापान ने 1730 (69) के साथ कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन राउंड में, विदरसा विनोद 590 (35) के साथ स्टैंडिंग में टॉप पर रहे, लेकिन केवल रैंकिंग पॉइंट्स के लिए मुकाबला कर रहे थे। अंजुम 587 (30) के साथ तीसरे, आशी चौकसे 586 (32) के साथ पांचवें और आकृति दहिया 583 (24) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। आयुषी पोद्दार 582 (20) के साथ नौवें स्थान पर रहीं, उन्होंने भी आरपीओ के लिए निशानेबाजी की। आज के जीते पदकों के साथ, चैंपियनशिप में भारत के मेडल की संख्या 18 हो गई है।



# इंग्लैंड को चुनौती देने को तैयार विंडीज



- **यह केवल एक मैच नहीं, बल्कि हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवे के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि विंडीज हमेशा क्रिकेट की धड़कन क्यों रही**

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज की टीम बुधवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में इंग्लैंड की मजबूत टीम को चुनौती देने के लिए तैयार है। इंग्लैंड कागज पर भले ही पसंदीदा टीम हो, इस साल चार मैचों में हारा नहीं है और कैरिबियन पर हाल ही में जीत का इतिहास रहा है, लेकिन टी-20 क्रिकेट में और खासकर जब वेस्टइंडीज अपने सबसे अच्छे फॉर्म में हो, तो कुछ भी हो सकता है। यह केवल एक मैच नहीं है, यह शिमरोन हेटमायर, शाई होप और रोवमैन पॉवेल के लिए दुनिया को यह याद दिलाने का मौका है कि वेस्टइंडीज हमेशा से क्रिकेट की धड़कन क्यों रही है। बल्लेबाजी की बात की जाए तो हेटमायर और शाई होप लगातार अच्छा खेल रहे हैं। शाई होप ने इस सीजन में दस पारियों में 264 रन बनाए हैं, और बड़े हिटर्स के आने से पहले शांति से पारी को आगे बढ़ा रहे हैं। रोवमैन पॉवेल और शेरफेन रदरफोर्ड बीच के ओवर्स में जबरदस्त फॉर्म में हैं, जो कुछ ही गेंदों में मैच का पासा पलट सकते हैं और निचले क्रम में जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को कम मत समझिए। वे एक ही ओवर में जबरदस्त प्रदर्शन करके हार के मुंह से जीत छीन सकते हैं। वेस्टइंडीज की गेंदबाजी भी उतनी ही खतरनाक है। स्कॉटलैंड के खिलाफ शेफर्ड के पांच विकेट और होल्डर की आईपीएल में भारतीय विकेटों पर पक्की स्किल्स उन्हें असली खतरा बनाती हैं, जबकि स्पिनर अकील होसेन और गुडाकेश मोती ऐसी चालाकी और स्पिन लाते हैं जो इंग्लैंड के बड़े खिलाड़ियों को भी चकमा दे सकती है। कल रात की हर गेंद खतरनाक होगी। इंग्लैंड इस मैच में नेपाल को एक बहुत करीबी ओपनर में हराने के बाद उतरेगा। उनके बैटिग लाइनअप में फिलिप सॉल्ट और जोस बटलर है। सॉल्ट के अटैकिग स्ट्रोकप्ले और बटलर की किसी भी सिचुएशन में तेजी लाने की काबिलियत ने इंग्लैंड को लगातार तेज शुरुआत दी है, जिससे मध्यमक्रम को फायदा उठाने का मौका मिला है। जैकब बेथेल और हैरी ब्रूक बीच के ओवरों में मजबूती देते हैं और अच्छा स्कोरिग रेट बनाए रखते हैं, जिससे यह पक्का होता है कि इंग्लैंड कभी भी बढ़त न खोए। बेथेल ने पहले मैच में 35 गेंदों पर 55 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, जबरदस्त फॉर्म में हैं, और टाइमिग और पावर को मिलाकर गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ब्रूक का निडर अप्रोच, जो अपने पिछले मैच में 165-62 की स्ट्राइक रेट से खेले, इंग्लैंड की अग्रेसिव सोच को पूरा करता है, जबकि टॉम बैंटन अपनी मर्ज़ी से बाउंड्री पार करने की काबिलियत से एक्स्ट्रा फायरपावर देते हैं। सैम करन और विल जैक्स की आखिरी गेंद पर जोड़ी गहराई और तेजी लाती है, जो पहले से ही मुश्किल स्कोर को एक मुश्किल लक्ष्य में बदल सकती है।

**कल्याणी, वार्ता।** शाहबाज अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगाल ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश पर 90 रनों से जीत दर्ज करते हुए रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइल में 19वीं बार जगह बना ली है।

# न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से रौंदा

**टी-20 विश्व कप के 11वें मैच में यूएई को 28 गेंदें शेष रहते बिना कोई विकेट गवाएं जीते कीवी**

**चेन्नई, वार्ता।** टिम साइफर्ट (नाबाद 89 ) और फिन ऐलन (नाबाद 84) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 28 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से रौंद दिया। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने यूएई के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 15-2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 175 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। फिन ऐलन और साइफर्ट के बीच 175 रनों की अविजित साझेदारी हुई। फिन ऐलन ने 50 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नबाद 84 रन बनाये। इससे पहले कप्तान मुहम्मद वसीम (नाबाद 66) और आलीशान शराफु (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 173 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यूएई की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आर्यंष शर्मा (आठ) का विकेट गंवा दिये।

इसके बाद मुहम्मद वसीम और आलीशान शराफु की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। 15वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने आलीशान शराफु को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 55 रनों की पारी खेली। मयंक कुमार 13 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुये। इसके अलावा हर्षित कौशिक (दो), सोहैब खान (सात) और मुहम्मद इरफान (शून्य) पर आउट हुये। यूएई ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन बनाये। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने दो विकेट लिए। जेकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**उत्तराखण्ड पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**
कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर
दूरभाष 05949-282200 कार्पोरेट आई.डी. संख्या U40109UR2001SGC025867
Email [illegible] Website: www.upcl.org
पत्रांक 1147 [illegible] **निविदा सूचना** दिनांक 10.02.2026
विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर के अंतर्गत [illegible] कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | सामग्री/कार्य का नाम | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 40/ 2025-26 | विद्युत वितरण खण्ड बाजपुर के कार्यालय कार्य हेतु कार्मिकों को कार्योजित किये जाने का कार्य। | 1180/- | 37,900/- | 12.63/- | 05.03. 2026 (11.00 बजे तक) | 05.03. 2026 (12.00 बजे से) |
| 2. | 41/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र [illegible] के विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोलों को स्थापित करने का कार्य। | 1180/- | 44,800/- | 14.91/- | | |
| 3. | 42/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र [illegible] के विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोलों को स्थापित करने का कार्य। | 1180/- | 44,600/- | 14.85/- | | |
| 4. | 43/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र फौजी कालोनी के विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोलों को स्थापित करने का कार्य। | 1180/- | 44,200/- | 14.73/- | | |
| 5. | 44/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र [illegible] के विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोलों को स्थापित करने का कार्य। | 1180/- | 44,300/- | 14.75/- | | |
| 6. | 45/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र [illegible] के विभिन्न स्थानों पर विद्युत पोलों को स्थापित करने का कार्य। | 1180/- | 44,900/- | 14.96/- | | |
| 7. | 46/ 2025-26 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र फौजी कालोनी से पोषित होने वाले 11 के0वी0 [illegible] पोषक को विभक्त करने का कार्य। | 590/- | 17,800/- | 5.92/- | | |
| 8. | 47/ 2025-26 | 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र [illegible] से पोषित होने वाले 33 के0वी0 [illegible] पोषक पर पुराने [illegible] के स्थान पर नया [illegible] स्थापित करने का कार्य। | 590/- | 18,800/- | 6.27/- | | |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साइट www.uktenders.gov.in पर अवलोकित किया जा सकता है। "राष्ट्रहित में विद्युत बचायें", विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।
Customer Toll Free No. 18004190405
अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड, बाजपुर

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका परिषद जसपुर जिला उधम सिंह नगर के कर विभाग में अभिलेखों में नामान्तरण/दाखिल खारिज हेतु आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं-सूची निम्नवत् है।

| क्र. सं. | आवेदन का दिनांक | मौहल्ला/डिमाण्ड रजि. संख्या | वर्तमान अभिलेखों में दर्ज नाम व पता | नामान्तरण होने वाले का नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 06.02.2026 | बाजार | श्री हरविन्दर सिंह, अवतार सिंह पुत्र श्री प्यारा सिंह | श्री विशाल कुमार पुत्र श्री गुलशन कुमार | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 2. | 30.01.2026 | पट्टी चौहान | श्री नरेन्द्र, सतेन्द्र, दुष्यन्त व सूरज पुत्र श्री नन्द किशोर | श्री सत्यपाल जोशी पुत्र श्री रामभरोसे लाल | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 3. | 30.01.2026 | नई बस्ती | श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री जगतार सिंह, त्रिलोचन सिंह पुत्र गुरचेतन सिंह | श्री त्रिलोचन सिंह पुत्र गुरचेतन सिंह | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 4. | 30.01.2026 | नई बस्ती | श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री जगतार सिंह, त्रिलोचन सिंह पुत्र गुरचेतन सिंह | श्रीमती देवेन्द्र कौर पत्नी श्री त्रिलोचन सिंह | रजिस्टर्ड बैनामा |

जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामान्तरण/दाखिल-खारिज किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह एक माह (30 दिन) के अन्दर लिखित रूप से सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्त होने पर नामान्तरण/दाखिल-खारिज कर दिया जायेगा तथा समयावधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका जसपुर (उधम सिंह नगर)

## नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह ने संभाला रुड़की सर्किल का चार्ज

# पीड़ितों को इंसाफ व यातायात सुधार प्राथमिकता : नताशा

## गुनहगारों को सजा दिलाने के लिए किया जाएगा ईमानदारी व जिम्मेदारी से काम

**सुरेंद्र वर्मा**

**रुड़की।** प्रांतीय पुलिस सेवा की 2019 बैच की तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी नताशा सिंह ने रुड़की पुलिस उपाधीक्षक रुड़की सर्कल का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। मूल रूप से देहरादून निवासी नताशा सिंह इससे पूर्व हरिद्वार ट्रैफिक पुलिस तथा लक्सर क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य कर एक अलग पहचान बनाई है।



रुड़की डिप्टी एसपी का चार्ज लेने के बाद मीडिया से बातचीत में नताशा सिंह ने साफ तौर पर कहा कि पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना व अपराधियों पर शिकंजा कसना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर मामले की गहन जांच कर दोषियों को कानून के शिकंजा कसा जायेगा। नताशा सिंह ने कहा कि आम जनता को सड़क हादसों से राहत दिलाना व यातायात व्यवस्था को सुधारना व मजलूमो को इंसाफ दिलाना उनकी वर्क प्लान का अहम हिस्सा होगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा और कानूनी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बेहद खुश मिजाज, नर्म दिल, शालीन बर्ताव की मालिक नताशा सिंह जनता से सहज संवाद करने वाली अधिकारी के रूप में जानी जाती हैं। उनका मानना है कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराधियों पर लगाम लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रुड़की सर्कल क्षेत्र में होने वाले हर एक अपराध की गहराई से समीक्षा की जाएगी और किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना उनका पहला मकशद है। बतौर रुड़की सर्कल के डिप्टी एसपी का चार्ज संभालते ही नताशा सिंह ने अपने अधीनस्थों को भी साफ तौर पर हिदायत दी है कि वह आमजन से बेहतर तालमेल बनाये और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से हल करना अपनी प्राथमिकता में शामिल करें। और साथ ही लंबित विवेचनाओं को भी ईमानदारी-जिम्मेदारी से वक्त पर पूरा करने के साथ अपराधियों को सजा दिलाने का काम करें। लापरवाही किसी भी कीमत का बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

> ❖बाल व महिला अपराध पर भी रखी जाएगी विशेष नजर व अपराधियों को भेजा जाएगा जेल

# 139 अवैध नशीले कैप्सूल के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 139 अवैध नशीले कैप्सूल बरामद हुए हैं। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार प्रवीण कोश्यारी कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद को नशा मुक्त करने नशा स्मैक चरस गांजा व अवैध शराब आदि तस्करों के विरुद्ध प्रभावित कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 9 फरवरी 2026 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 139 अवैध नशिले कैप्सूल बरामद हुए पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अकरम पुत्र एहसान निवासी पटवारी मोहल्ला नगर पंचायत सुल्तानपुर उम्र 24 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशीष भट्ट हेड कांस्टेबल विनोद कुमार कांस्टेबल संदीप जगत सिंह कपिल देव अरुण कुमार शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक गम्भीर, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कस्बे में एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक पर सवार दो युवकों टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और उनकी बाइक बुरी तरफ से क्षतिग्रस्त हो गई. हादसे के बाद लोगों ने डंपर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी. जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. इसी के साथ पुलिस ने राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया.

जानकारी के मुताबिक भगवानपुर थाना क्षेत्र के सिकरोढ़ा गांव निवासी इंतजार और दिल्लू अपनी बाइक पर सवार होकर पेंट के काम से भगवानपुर गए थे, जैसे ही दोनों भगवानपुर मार्किट पर घूम पर पहुंचे तो हाइवे से तेज गति से आ रहे एक डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों ही युवक बाइक समेत सड़क पर जा गिरे और डंपर की चपेट में आ गए, बताया जा रहा है कि इतने में कोई कुछ समझ पाता तो तेज रफ्तार डंपर दोनों युवकों के पैरों पर चढ़ चुका था और दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर ही तड़पने लगे। इसी बीच घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और भीड़ ने डंपर चालक को मौके पर ही पकड़ लिया, जिसके बाद उसकी लात-घूसों और डंडे से जमकर धुनाई की. इसी बीच भीड़ में शामिल किसी शख्स द्वारा हादसे की जानकारी पुलिस दी गई, सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया. वहीं पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां से अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी हालत को गंभीर मानते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी है, बताया गया है कि इस सड़क हादसे में दोनों युवकों की एक-एक टांग बुरी तरह जख्मी हो गई है और बाइक के भी परखच्चे उड़ गए हैं, भगवानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथाण ने बताया कि टक्कर मारने वाले डंपर को कब्जे में ले लिया गया है, डंपर चालक भी पुलिस हिरासत में है, तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## भगवानपुर में हत्या के बाद प्रशासन की सख्ती

# पुलिस-पीएसी ने गांव में किया फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनारसी में हुई हत्या की घटना के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार 10 फरवरी 2026 को थाना भगवानपुर पुलिस ने पीएसी के जवानों के साथ ग्राम बनारसी में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने क्षेत्र में शांति का संदेश दिया और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर आपसी सौहार्द बनाए रखने, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उल्लेखनीय है कि 01 फरवरी 2026 को ग्राम बनारसी में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान हत्या की घटना सामने आई थी। इस घटना के बाद शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों पक्षों के कुल 118 लोगों के विरुद्ध धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इस संबंध में रिपोर्ट उप जिला मजिस्ट्रेट, भगवानपुर को भेज दी गई है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी प्रकार की शांति भंग करने वाली गतिविधि पर तुरंत सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

> ❖ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन अलर्ट, 118 लोगों पर हुई निरोधात्मक कार्रवाई



# लंढौरा में झपट्टा मारकर मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** लंढौरा में बाइक सवार बदमाश फैक्ट्री कर्मचारी का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

यूपी के जिला सुल्तानपुर निवासी नौशाद लंढौरा क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार देर शाम वह बाइक से लंढौरा में दवाई लेने आया था। जब वह वापस फैक्ट्री लौट रहा था तभी चलते हुए फोन पर बात करने लगा। इसी दौरान रुड़की लक्सर मार्ग पर पीछे से आ रहे बाइक सवार दो लोग झपट्टा मार कर मोबाइल छीन कर फरार हो गए। दो दिन पहले लंढौरा में दुकान के गल्ले से 15 हजार रुपये चोरी कर लिए गए थे। आठ दिन पहले लिब्बारहेड़ी निवासी युवक बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान नगला इमरती के पास दो लोग झपट्टा मार कर मोबाइल छीन कर फरार हो गए थे। एक सप्ताह के भीतर तीन घटना होने से लोग सकते में नजर आ रहे है। दारोगा बलवंत पंवार का कहना है कि मोबाइल छीनने और नकदी चोरी के मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# लंढौरा में ट्रक पलटा, हादसा होने से बचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** मंगलवार को लंढौरा में ईंटों से भरा ट्रक नाले में पहिया गिरने से पलट गया। ट्रक पलटने से पास में ही खड़े विद्युत पोल गिरने से ट्रांसफार्मर भी नीचे गिर गया। घटना में बड़ा हादसा होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार लंढौरा निवासी जावेद ट्रक से ईंट ढुलाई का कार्य करता है। मंगलवार शाम करीब चार बजे ईंटे भर कर वह मंगलौर मार्ग पर लोड से भरे ट्रक को साइड में लगा रहा था। इसदौरान सड़क किनारे बने नाले पहिया गिरने से ट्रक पलट गया। लोड से भरा ट्रक पास में ही खड़े विद्युत पोलो पर गिरने से दोनों पोल टूटने से ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया। आसपास के लोगों का कहना है कि घटना के समय बिजली भी आ रही थी लेकिन गनीमत यह रही कि आसपास कोई न होने की वजह से किसी को जानी नुकसान नहीं हुआ। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि पोल और ट्रांसफार्मर क्षति ग्रस्त होने से 15 घरों की बिजली सप्लाई भी बंद हो गई है।



# 5 लीटर अवैध शराब के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है।

प्रवीण कोश्यारी कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 9 फरवरी 2026 को चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम नीटू पुत्र अतर सिंह निवासी पीतपुर थाना कोतवाली लक्सर उम्र 45 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल रविंद्र चौहान अक्षय तोमर शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# प्रसाद की दुकान में चोरी पीड़ित ने दी तहरीर

**पिरान कलियर।** दरगाह पीर गैब के पास स्थित एक प्रसाद की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। चोरी की यह वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महमूदपुर निवासी अलीशान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दरगाह पीर गैब के पास उसकी प्रसाद की दुकान है। रविवार की रात वह दुकान बंद कर अपने चचेरे भाई की शादी में चला गया था। सोमवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान का गल्ला खुला हुआ था और सामान बिखरा पड़ा था। चोर गल्ले में रखे पांच हजार नौ सौ रुपये नकद तथा मन्नत चढ़ाने के लिए रखे गए चांदी के पत्र, रसोली, मोती और चादरें चोरी कर ले गए। दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दो युवक दुकान में घुसते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित दुकानदार ने आरोपियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## रुड़की पुलिस की तत्परता से मोबाइल स्नैचिंग का खुलासा

# दो आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में मोबाइल स्नैचिंग की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए कोतवाली रुड़की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 08 फरवरी 2026 को अरविंद कुमार पुत्र स्वर्गीय बलजीत सिंह, निवासी ग्राम मटका, कोतवाली रुड़की ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन छीन लिया गया है। तहरीर के आधार पर कोतवाली रुड़की में मुकदमा अपराध संख्या 34/26, धारा 304(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और गहन पतारसी-सुरागरसी की। लगातार प्रयासों के बाद दिनांक 10 फरवरी 2026 को नगर निगम चौराहे से आगे रुड़की क्षेत्र से साहिल पुत्र इनाम एवं सुहेल पुत्र स्वर्गीय तालिब को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन, एक ओप्पो 1-15 और एक रियलमी मोबाइल, बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों में साहिल पुत्र इनाम निवासी बदा रोड माहीग्रान, कोतवाली रुड़की तथा सुहेल पुत्र स्वर्गीय तालिब निवासी उपरोक्त शामिल हैं। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चंद्र मोहन सिंह, हेड कांस्टेबल यूनुस बाग, कांस्टेबल राजेश देवरानी, कानि. वीरेंद्र, कानि. शूरवीर सिंह एवं कांस्टेबल चालक मुकेश शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आमजन में विश्वास और मजबूत हुआ है।



# पुलिस ने छात्रों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना ध्यक्ष अजय शाह ने कहा कि वर्तमान में तकनीकी युग में साइबर सेफ्टी महत्वपूर्ण है। साइबर क्राइम के मामलों में आम आदमी को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उसे जाल में फसाया जाता है।उस समय आदमी मानसिक दबाव में आ जाता है । ऐसी स्थिति में आदमी को घबराना नहीं चाहिए।उसी समय संबंधित थाने में सूचना देनी चाहिए ।जिससे समय रहते पुलिस सहायता प्राप्त हो सके।

ग्राम लाठरदेवा हुण स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में थानाध्यक्ष अजय शाह वहाँ उपस्थित कॉलेज स्टाफ व छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है ।साइबर क्राइम को सुप्रीम कोर्ट ने भी डकैती के समान माना है। थानाध्यक्ष द्वारा इससे बचने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ महिला संबंधी अपराध छेड़छाड़ के मामले पोक्सो अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई ।महिलाओं को उनके वैधानिक अधिकारों के संबंध में भी बताया गया ।उन्होंने कहा कि हर समय उपलब्ध 112 नंबर डायल कर पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है ।इस अवसर एस आई राजेंद्र सिंह विजय कुमार कांस्टेबल वसंत कुमार रीना देवी सैयोगिता कालेज प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह आलोक द्विवेदी संदीप वर्मा बीना देवी जितेंद्र पवार सुशील चौधरी राजेंद्र सिंह उस्मान अहमद तथा अलका रानी उपस्थित रहे।

## रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में दवा कंपनी के कर्मचारी की संदिग्ध मौत

# परिजनों का हंगामा, कंपनी पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रामनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक दवा कंपनी में काम करने वाले 19 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मौत से आक्रोशित परिजनों और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर युवक से लगातार तीन दिन तक जबरन काम कराने और करंट लगने से मौत होने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

रुड़की सजानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गदरजुड़ा निवासी 19 वर्षीय आदर्श रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एंजिया आरएस नामक दवा कंपनी में कार्यरत था। परिजनों का आरोप है कि कंपनी अधिकारियों ने बीते तीन दिनों से आदर्श को घर नहीं जाने दिया और काम का टारगेट पूरा करने के दबाव में उससे लगातार ड्यूटी कराई गई।

सोमवार शाम काम के दौरान ही आदर्श की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि आदर्श की मौत करंट लगने से हुई, लेकिन घटना के करीब 12 घंटे बाद मंगलवार सुबह परिवार को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद परिजन और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता कंपनी के बाहर धरने पर बैठ गए और मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है और प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है।



# दरगाह प्रशासन ने क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** तहसीलदार के निर्देश पर दरगाह प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से दरगाह क्षेत्र में फैले अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया, जबकि कुछ अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई।

मंगलवार को तहसीलदार विकास अवस्थी के निर्देश पर दरगाह प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने दरगाह पहाड़ी गेट, तालाब किनारे, हज हाउस रोड, टिन शेड सहित आसपास के क्षेत्रों में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा।दरगाह प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।तहसीलदार विकास अवस्थी ने बताया कि दरगाह क्षेत्र में जहां भी अवैध अतिक्रमण पाया जाएगा उसे हटाया जाएगा और यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।इस दौरान दरगाह सुपरवाइजर इंतखाब आलम, सारिक नियाजी, अलसम कुरैशी, हारून, अफजाल अहमद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं पुलिस बल की ओर से हैड कांस्टेबल रविंद्र बालियान, अंकित, प्रदीप समेत अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 11 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में अविश्वास प्रस्ताव

यह देखना बेहद दुखद है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद में टकराव बढ़ता जा रहा है और अब यह टकराव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला को पद से हटाने तक पहुंच गया है। कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा। कांग्रेस सूत्रों की मानें, तो नोटिस लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि 1:15 मिनट पर उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। नोटिस के प्रस्ताव पर कुल 118 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। जबकि अविश्वास प्रस्ताव के लिए केवल 50 की जरूरत होती है। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध नोटिस पर उसमें लगाए गए आरोपों की जांच होगी और नियमानुसार जांच के बाद इस नोटिस पर आगे की कार्रवाई को लेकर सचिवालय विचार करेगा। नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला सदन की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। सत्ता पक्ष के सदस्यों को सदन में पर्याप्त समय बोलने का दिया जाता है जबकि विपक्षों को बार-बार अनावश्यक रूप से रोका टोका जाता है। नोटिस में 2 फरवरी के दिन का भी जिक्र किया गया है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। नोटिस में इस बात को उठाया गया है कि किस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री के न आने का कारण बताया गया था। तीन पेज के इस नोटिस में पहला हस्ताक्षर केसी वेणुगोपाल का है जबकि दूसरे पर द्रमुक के टीआर बालू का और तीसरे नंबर पर समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव हैं। नोटिस की प्रतिक्रिया में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने अविश्वास प्रस्ताव के निपटारे पर सदन में नहीं आने की बात कही है। जहां विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष को उनकी कार्यप्रणाली को लेकर कटघरे में खड़ा कर रहा है, वहीं भाजपा उनके साथ पूरी तरह खड़ी दिखाई दे रही है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया है। यह आरोप-प्रत्यारोप तो चलते रहेंगे, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि संसद का नजारा आजकल जिस तरह देखने में आता है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और हमारे लोकतंत्र को बुरी तरह प्रभावित करने वाला है। हमारे माननीयों को लगता है कि अब किसी बात की चिंता नहीं रह गई है और वह अपने हितों को ही सर्वोपरि मानकर आगे बढ़ रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो संसद सुचारू रूप से चले, इसका इंतजाम अब तक हो चुका होता। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी संसद न चलने को समान रूप से जिम्मेदार हैं, लेकिन यहां यह कहना जरूरी है कि संसद सुचारू रूप से चले इसकी सबसे जिम्मेदार सरकार की होती है।

## किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा



खेती से जुड़ी हर चीज विदेश से आएगी, तो देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा, ऐसी स्थिति में किसान क्या उगाएगा, क्या बेचेगा और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार कैसे चलाएगा, जब किसान को उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिलेगा, तो वह बच्चों की पढ़ाई, घर के बुजुर्गों का इलाज और बेटियों की शादी जैसे सामाजिक दायित्व कैसे निभा पाएगा, आज का पेट भरना मुश्किल होगा, तो कल के लिए बचत की उम्मीद करना बेमानी है, किसानों को नुकसान पहुंचाकर कोई भी सरकार लंबे समय तक देश नहीं चला सकती, सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर वह विदेशी ताकतों के सामने अन्नदाता के हितों का समर्पण क्यों कर रही है, कभी भूमि अधिग्रहण के नाम पर खेती छीनने की साजिश रची जाती है, कभी काले कानूनों के जरिए किसानों को संकट में धकेला जाता है। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# तोड़ डाले 1.5 लाख आशियाने और टियर्स टूरिज्म




एक घर था, पांव फैलाने लायक, कब्र जितनी जगह थी, 70 से 100 साल पुराना मोहल्ला कालोनी थी। मलिन ही सही। एक बस्ती, बसती थी। फिर हुकूमत बदली। अच्छे दिन आएी लोगों को तालियां बजाकर भजन गाने में लगा दिया गया। इसी बीच गिद्धों के साथ लोमड़ियों और भेड़ियों (नेता, लालफीता कौम व धन्नासेठों) की बैठकें हुईं। फिर न उनको इंसान दिखा, न आशियां दिखा और कुछ ही सालों में 1 लाख 50 हजार बस्तियां जमींदोज कर दी गईं। बेजान बुतों को विशालकाय आशियाना देने के नाम पर। इंसानी बस्तियों को नादिरशाही अंदाज में रौंद कर पार्क बनाने के नाम पर और कहीं किसी पूंजीपति के लिए आलीशान अट्टालिकाएं बनाने के नाम पर। बस्तियां टूटती रहीं, लोग बिलखते रहे, बच्चे अपनी बिखरी किताबों और टूटे स्कूल बैग को समेटते रहे, खाए-पिए-अभागे लोग उल्टा ठीकरा बस्तियों पर ही फोड़ते रहे और गुलाम मीडिया कातिल को ही रहनुमा व मुंसिफ बताता रहा। कुछ ही सालों में 7 लाख 40 हजार लोग खुले आसमां के तले आ गए।

हाउसिंग एंड लैंड राइट्स नेटवर्क यानी की रिपोर्ट बताती है कि देश में वर्ष, 2022- 2023 के मध्य करीब 1 लाख 50 हजार बस्तियां तोड़ दी गईं। देखते-देखते 7 लाख 40 हजार से अधिक लोग बेघर हो गए। सबसे बड़ी बात तो यह है कि विध्वंस की 95 प्रतिशत यह कार्रवाई गोबर पट्टी राज्यों में हुई। बस एक नोटिस। न कोर्ट, न डेट्स, न जज, न वकील, न तकरीर। एक फरमान। बुल्डोजर और हथियार बंद सिपाही। अंग्रेजी हुकूमत में भी फांसी पर चढ़ने वालों को न्यायालय की दहलीज तक का सफर तय करने का मौका मिलता था, लेकिन उनके मुखबिरों ने यह सुविधा तक छीन ली। अतिक्रमण हटाने व तथाकथित विकास योजनाओं के नाम पर आशियाने उजाड़ दिए गए। लोगों ने रील्स बनाईं। विध्वंस इन्ज्वाय किया। गरीबों के आंसुओं का टियर्स टूरिज्म जैसा आनंद लिया और बात खत्म हुई।

लखनऊ से किस्सागोई करते हैं। एक था अकबर नगर। इसका नाम ही इसका काल बना। वरना जो अकबर नगर बस्ती मुख्य रूप से 1970 से बसनी शुरू हुई थी, उस वक्त लखनऊ विकास प्राधिकरण का गर्भकाल भी आरंभ नहीं हुआ था। लखनऊ विकास प्राधिकरण 1974 में बना और तब तक कुकरैल नदी के किनारे इस तथाकथित अवैध बस्ती का जन्म हो चुका था। बस्ती तथाकथित अवैध थी, लेकिन राशनकार्ड वैध थे। सांसद, विधायक निधि से अंदर बनाई गई नालियां व गलियां वैध थीं। बिजली के कनेक्शन वैध थे। हाऊस टैक्स वैध था और बिजली विभाग के खंभे वैध थे, लेकिन बस्ती अवैध थी। इस बस्ती में ग्रेड थर्ड और ग्रेड-टू के तथाकथित हिन्दुओं की, मुस्लिमों के साथ मिश्रित आबादी थी। आशियाने पर, नाम अकबर भारी पड़ गया और घरों पर पार्क तामीर करवा दिया गया। 1 हजार 800 घर मटियामेट कर दिए गए। लेकिन वहीं पंत नगर बख्श दिया गया। वैसे लोग कहते हैं नाम में क्या रखा है। तोड़ने ही थे आशियाने तो पहले गरीबों का बंदोबस्त कर देते। शहर से दूर ले जाकर कूड़े-कचरे की तरह फेंक दिए गए। कहने को कुछ लाख का आवास दे दिया गया, लेकिन वह भी मुफ्त नहीं। पैसा भरना होगा। बस्ती बसने क्यों दी। किसने बसाई। कौन जिम्मेदार है। बुल्डोजर ने कुछ नहीं देखा। त्वरित न्याय। इसके बाद लखनऊ के सैरपुर पलहरी गांव, मोहन रोड कलिया खेड़ा, अमौसी और काकोरी में विकास का बुलडोजर आया, बिजनौर, सोनई कंजेरा, कल्ली पश्चिम, और भरवारा सहित कई अन्य इलाकों में भी 12 से अधिक अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चल गया। सवाल वही कि इतना ईमानदार प्रशासन ने ऐसे प्लाटों व मकानों की रजिस्ट्री कैसे होने दी गई। राजस्व विभाग हर साल गरीब जनता की करोड़ों की स्टांप ड्यूटी कैसे चबा जाता है? रजिस्ट्री ही न होने पाए ऐसी गलती के लिए आम आदमी क्यों भुगते। खैर एक बड़ा तबका खुश हुआ, जिसे विध्वंस पर, लाशों पर, तबाही पर, नफरत पर, हत्याओं पर। खुश होने के लिए इतने सालों में तैयार किया गया था। लेकिन इस खुश तबके के घर और दुकानें भी अब जद में आ चुकी हैं, क्योंकि गिद्धों को नोचना आता है। अब गिद्धों-लोमडियों-भेड़ियों की तिकड़ी आप के घरों और दुकानों की ओर है। बनारस की दाल मंडी और अयोध्या का सौंदईकरण, मेरठ के बाजार और दिल्ली की बस्तियां। यहीं पर वसीम बरेलवी साहेब का शेर याद आता है-

जलते घर को देखने वालों फूस का छप्पर आपका है

आपके पीछे तेज हवा है आगे मुकद्दर आपका है।

उस के कत्ल पे मैं भी चुप था मेरा नम्बर अब आया।

मेरे कत्ल पे आप भी चुप है अगला नम्बर आपका है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने भी विगत तीन वर्षों में 5,000 से अधिक घर तोड़ डाले और एक विध्वंस की कालिख पर लिखा-अतिक्रमण व अवैध बैनर टांगा-विकास परियोजनाएं। बनारस में मंदिर, सुंदरीकरण व कॉरिडोर निर्माण काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मणिकर्णिका घाट पुनर्विकास के दौरान कई प्राचीन छोटे मंदिर, चबूतरे और रिहायशी इमारतें वैसे ही उड़ा दी गईं जैसे गाजा में इजरायल ने उड़ा दीं हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018-2021 के बीच कॉरिडोर परियोजना के तहत 300 से पुराने मंदिर व घरों के भीतर बने मंदिर तक तोड़ दिए गए। मंदिर छोटे थे इसलिए उनके भीतर बने ईश्वर शायद Below Poverty Line के थे, इसलिए न रोक सके। अब मणिकर्णिका घाट का नंबर लग चुका है और प्रसिद्ध प्राचीन व्यापारिक दाल मंडी टूट रही है। अयोध्या में वर्ष, 2022-2024 के बीच कई पुराने मकानों, दुकानों और छोटे मंदिरों को तहस-नहस कर दिया गया। कभी समय मिले तो आस-पास के दुकानदारों व 100 स्क्वायर फीट के बचे घरों में रहने वालों से मुआवजे का सच पूछिएगा।

वह रो देगा। जो मुआवजा मिला उससे एक कमरा ही बन सकता था। तमाम वीडियो यूट्यूब पर हैं देखिए और अपनी भावना के हिसाब से द्रवित होइए या तालियां बजाइए, यह आपका अपना विवेकाधिकार है। एक रिपोर्टों के अनुसार करीब 4 हजार से अधिक दुकानें और घर नष्ट हुए। अयोध्या में राम पथ यानी नगर चौराहा से सहादतगंज बीच के निर्माण करीब 200 साल पुराने थे। उधर, गिद्धों-लोमड़ियों-भेड़ियों की नजर अब काशी द्वार के नाम पर बनारस के पिंडरा ब्लाक पर पड़ गई है। गिद्ध-लोमडियां-भेड़ियां मिलकर अब करीब 15 गांवों को पूरी तरह से खाली करा रहे हैं। इन गांव के सभी लोगों को हटाकर यहां होटल, रेस्तरां, रिजॉर्ट, विदेशों और देश के अन्य राज्यों से आने वालों के लिए ठहरने के अड्डे बनाए जाएंगे। रखो अपनी खसरा-खतौनी, रजिस्ट्री, पुश्तैनी जमीन। जो जूठन मुआवजे के नाम पर है रखो और चलते बनो। प्रभावित सभी गांव के लोग विगत कई महीनों से तहसील पिंडरा पर प्रदर्शन कर रहे थे पर गिद्ध-लोमडियां व भेड़िए सुनने को तैयार नहीं हैं। दिनांक 6 फरवरी, 2026 को चुनौली गांव में संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष समिति के बैनर तले एक सभा आयोजित की गई। लोगों ने खाने की व्यवस्था की लेकिन प्रशासन द्वारा खाने में मिट्टी, राख मिलाकर भोजन खराब कर दिया गया। कुछ गांव वालों के अनुसार जहर डाल दिया गया। ऐसा बताया गया और खबरें आईं। सभा वाले दिन की पूर्व रात्रि को पूरे गांव को पुलिस व सीआरपीएफ ने घेर लिया। चुनौती गांव, छावनी में बदल दिया गया। सुरक्षाबलों ने गांव में घुसकर लोगों के साथ बदतमीजी की, रात में सोए हुए लोगों के दरवाजे जबरिया खुलवाए, गुड़ बनाने वाली भट्टियां तोड़ दी गईं और महिलाओं व पुरुषों के साथ गाली-गलौज हुई। अगले दिन जब लोग सभा में जाने के लिए अपने घरों से निकले तो लाठीचार्ज कर दिया गया। सरकार पूंजीपतियों के लिए जमीन की दलाली पर उतर चुकी है। अभी बनारस में ही रहिए आगे का किस्सा पढ़िए- आईडीएच-कज्जाकपुरा, जिला- बनारस, यहां है नगर निगम का आदमपुर जोन का दफ्तर और यहीं है एक विशाल कूड़ाघर।

विशाल डंपिंग यार्ड। इसी कूड़ेघर के पीछे गन्दगी में सफाई कर्मचारियों की वह बस्ती थी जो शहर को साफ रखती थी। यहां 250 से अधिक हेला यानी दलित समुदाय के यह लोग रहते थे। किसी से कोई शिकायत नहीं। शहर को साफ करते और खुद नर्क में रहते थे। वाराणसी नगर निगम ने खुद इस बस्ती को 2005 में दया के आधार पर बसाया था और अब उसी नगर निगम ने इसे अवैध घोषित कर दिया है। बस्ती पर बेदखली का नोटिस चस्पा कर दिया गया और 17 जनवरी 2025 को बुलडोजर न्याय हो गया। तत्कालीन नगर आयुक्त पुष्पपति सक्सेना जी की मानवीय सोच को निपटा दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मूलभूत विज्ञान की सबसे बड़ी भूमिका

**संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्य निर्धारित किए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि मूलभूत विज्ञानों के इनपुट के बिना इन लक्ष्यों को पाना संभव नहीं है। खाद्य, ऊर्जा, स्वास्थ्य और संचार जैसी बड़ी चुनौतियों का समाधान मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों की बदौलत ही प्राप्त हो सकेगा। यही नहीं मूलभूत विज्ञानों से पृथ्वी पर निवास कर रही लगभग आठ अरब जनसंख्या के विभिन्न अच्छे-बुरे प्रभावों को समझने और किसी-न-किसी तरीके से समाधान खोजने में सहायता मिलेगी।**

कोरोना वायरस की सूक्ष्म, गहन और संपूर्ण संरचना को समझने और उससे फैली महामारी का सामना करने के लिए टीका बनाने में मूलभूत यानी बेसिक विज्ञान की अहम भूमिका रही है। महत्वाकांक्षी मानव जीनोम परियोजना को पूरा करने में बुनियादी विज्ञानों का बहुत बड़ा हाथ है। आज हम इंटरनेट पर जिस वर्ल्ड वाइड वेब का उपयोग कर रहे हैं। वह मूलभूत विज्ञान की ही देन है। दरअसल यूरोपीय प्रयोगशाला सर्न में बुनियादी भौतिकी प्रयोगों में वैश्विक सहयोग के दौरान इसका आविष्कार हुआ था। अंतरिक्ष जगत में मिली तमाम छोटी-बड़ी सफलताओं का आधार मूलभूत विज्ञानों में दीर्घकालीन अनुसंधान है। साल 2022 को निर्वहनीय विकास के लिए मूलभूत विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके लिए चुनी गई थीम में जिन मुद्दों को सम्मिलित किया गया है, उनमें अंतर्राष्ट्रीय संवाद और शांति के लिए मूलभूत विज्ञानों की भूमिका, विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ाना, नवाचार और आर्थिक विकास, वैश्विक चुनौतियों का समाधान और शिक्षा तथा मानव विकास प्रमुख हैं। वर्ष 2022 इंटरनेशनल यूनियन ऑफ प्योर एंड एप्लाइड फिजिक्स और इंटरनेशनल मैथेमेटिकल यूनियन (आएमयू) का शताब्दी वर्ष भी है। अत: IYBSSD के माध्यम से विज्ञान जगत में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के विस्तार में एक और नया अध्याय जोड़ने में मदद मिलेगी। संस्था की वेबसाइट में बताया गया है कि कोई भी वैज्ञानिक संस्थान और विश्वविद्यालय IYBSSD-2022 के लिए गतिविधियां भेज सकता है। 2017 में माइकल स्पाइरो ने यूनेस्को द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बोर्ड की बैठक में 2022 को



अंतर्राष्ट्रीय मूलभूत विज्ञान वर्ष के रूप में मनाने का विचार रखा था। उन्होंने बैठक में 2005-2015 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाए गए विज्ञान वर्षों का जिक्र करते हुए इस मुद्दे पर विचार मंथन और समीक्षा का विचार भी रखा था। हम लोग वर्ष 2005 में भौतिकी, 2008 में पृथ्वी ग्रह, 2009 में खगोल विज्ञान, 2011 में रसायन विज्ञान, 2014 में क्रिस्टलोग्रॉफी और वर्ष 2015 में प्रकाश एवं प्रकाश आधारित प्रौद्योगिकी थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वर्ष मना चुके हैं। स्पाइरो ने बैठक में एक अहम विचार यह रखा था कि मूलभूत विज्ञानों के सभी विषयों के वैज्ञानिकों को एक साथ लाने की आवश्यकता है, ताकि वैज्ञानिकों के अनुसंधानों का उपयोग टिकाऊ विकास के 17 लक्ष्यों को पूरा करने में किया जा सकेगा। स्पाइरो फ्रांस के विख्यात भौतिकीविद हैं और पार्टिकल फिजिक्स की सर्न प्रयोगशाला से जुड़े हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्रसंघ की आम सभा के 76 वें सत्र (2 दिसंबर 2021) में साल 2022 को IYBSSD-2022 के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। घोषणा में कहा गया है कि मूलभूत विज्ञान की चिकित्सा, उद्योग, कृषि, जल संसाधन, ऊर्जा नियोजन, पर्यावरण, संचार और संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान, ये चारों विषय मूलभूत विज्ञान के दायरे में आते हैं, जो प्राकृतिक और ब्रह्मांडीय घटनाओं की व्याख्या और गहन समझ बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इतना ही नहीं, इन्हीं विषयों की बदौलत प्राकृतिक संसाधनों के रूपांतरण में भी मदद मिली है। विज्ञान को मोटे तौर पर मूलभूत और प्रयुक्त विज्ञानों में बांटा गया है। मूलभूत विज्ञान की कोख से ही प्रयुक्त विज्ञान का उद्गम होता है। प्रयुक्त विज्ञान में अनुसंधान से प्रौद्योगिकी और नवाचारों का विस्तार हुआ है। समाज में प्रौद्योगिकी की चकाचौंध, वर्चस्व और विस्तार से मूलभूत विज्ञान की उपेक्षा हुई है। बीते दशकों में विश्वविद्यालयों में मूलभूत विज्ञान में विद्यार्थियों की दिलचस्पी घटी है। विज्ञान संस्थानों में समाज और बाजार की जरूरतों पर आधारित अनुसंधान पर जोर है। विश्व के अधिकांश देशों में सरकारों ने मूलभूत विज्ञानों में शोध-बजट में बढ़ोतरी को आवश्यक नहीं समझा है। इसके कारण हैं। पहला, मूलभूत विज्ञानों का समाज से सीधा सरोकार नहीं है। दूसरा, तत्काल लाभ नहीं मिलता। एक और कारण है कि इसकी बाजार को प्रतिस्पर्धी बनाने में भूमिका दिखाई नहीं देती। IYBSSD-2022 एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब आर्थिक और राजनैतिक नेतृत्व और सभी देशों के नागरिकों को इस बात के लिए राजी करने का प्रयास किया जा रहा है कि पृथ्वी ग्रह का संतुलित, टिकाऊ और समावेशी विकास मूलभूत विज्ञानों में अनुसंधानों पर निर्भर है।

**...स्रोत फीचर्स**

# गार्टर सांप दोस्तियां करते हैं

**वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है।**



सांपों के बारे में प्राय: माना जाता है कि वे समूह में नहीं रहते वरन अकेले यहां-वहां सरसराते रहते हैं, लेकिन हाल ही में बिहेवियोरल इकॉलॉजी में प्रकाशित अध्ययन इस मान्यता का खंडन करता है और बताता है कि गार्टर सांप Thamnophis butleri समूह बनाते हैं। इस समूह में वे लोग शामिल होते हैं जिनके साथ उनकी मित्रता होती है या जिनका साहचर्य वे पसंद करते हैं। समूह की मुखिया कोई बुजुर्ग मादा होती है जो उस समूह के युवा सांपों का मार्गदर्शन करती है। आम लोगों के अलावा पारिस्थितिकी विज्ञानियों को भी काफी समय तक यही लगता था कि सांप असामाजिक और एकाकी जंतु होते हैं और केवल संभोग और शीतनिद्रा के समय ही साथ आते हैं।

इसका एक कारण यह हो सकता है कि उन पर अध्ययन ही बहुत कम हुए हैं, क्योंकि वे बिलों में या छिपे हुए रहते हैं और उन्हें ढूंढना मुश्किल होता है, लेकिन वर्ष 2020 में, विल्फ्रिड लॉरियर विश्वविद्यालय के व्यवहार पारिस्थितिकीविद मॉर्गन स्किनर और उनके दल ने प्रयोगशाला अध्ययनों में देखा कि कृत्रिम आवासों में रखे गए गार्टर सांप मित्र बनाते हैं, उनके ऐसे साथी होते हैं जिनका साहचर्य वे अन्य की तुलना में अधिक पसंद करते हैं। इसके पहले 2009 में, कनाडा के ओंटारियो परिवहन मंत्रालय ने गार्टर सांपों की सुरक्षा के लिए एक अध्ययन करवाया था। इसमें वैज्ञानिकों ने उनके बिलों पर नजर रखी और उन्हें सड़क निर्माण से सुरक्षित रखने के लिए अन्यत्र स्थानांतरित किया। उन्होंने 250 हैक्टर में फैले अध्ययन क्षेत्र में सांपों को पकड़ा, उन पर पहचान चिन्ह लगाए और 3000 से अधिक सांपों पर 12 साल तक नजर रखी। सांप की पूरी उम्र लगभग इतनी ही होती है, लेकिन निगरानी का मुख्य फोकस यह सुनिश्चित करना था कि स्थानांतरण के बाद गार्टर सांप ठीक से फल-फूल रहे हैं या नहीं। हालिया अध्ययन में स्किनर इन वैज्ञानिकों के साथ जुड़े और 12 वर्षों में उनके द्वारा जुटाए गए डैटा से सांपों की सामाजिक संरचना या जुड़ाव समझने की कोशिश की। सामाजिक जुड़ाव उन्होंने मनुष्यों की नजर से ही देखा। उन्होंने प्रत्येक सांप को एक बिन्दु या नोड कहा और जब दो सांपों को एक ही दिन, एक ही स्थान पर देखा गया तो उन्होंने उन दो बिंदुओं को एक रेखा से जोड़ दिया, डाटा का निष्कर्ष है कि सांप स्वतंत्र रूप से और बेतरतीब ढंग से यहां-वहां भटकने की बजाय समूह बनाते हैं। इस समूह में वे सदस्य होते हैं जिनका साथ वे पसंद करते हैं और इस तरह के एक समूह में औसतन तीन से चार सांप होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में सदस्यों की संख्या 46 तक भी हो सकती है। यह भी देखा गया कि मादा सांप नर की तुलना में अधिक मिलनसार होती हैं और सबसे अधिक बुजुर्ग मादा सांप दोस्तों के साथ दिखती हैं। इसके अलावा वे ही समूह की मुखिया भी होती हैं, और समूह के युवा सदस्य उनका अनुसरण करते हैं। यह भी देखा गया कि उम्र बढ़ने के साथ नर सांप अधिक असामाजिक होते जाते हैं। यह भी पता चला है कि सांप समान लिंग और हम-उम्र सांपों के साथ भी मेल-जोल रखते हैं।

यानी यह मेलजोल सिर्फ संभोग के उद्देश्य से नहीं होता। इसके अलावा, नर और मादा दोनों में ही यह देखा गया है कि जो भी सांप अधिक सामाजिक था वह अधिक स्वस्थ थाय लगता है कि दोस्तियां करने से उन्हें फायदा होता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि समूह में होने से शिकारियों से बचा जा सकता है, या भोजन और शीतनिद्रा के लिए अच्छे स्थान ढूंढने में मदद मिल सकती है। या यह भी हो सकता है कि दोस्तों के करीब घूमने से उन्हें गर्माहट मिलती हो। अब तक सांप-समाजों में मादाओं का महत्व उपेक्षित था। माना जाता है कि नर संभोग के लिए मादाओं की तलाश में रहते हैं, लेकिन मादाएं बच्चे पैदा करने के अलावा कुछ नहीं करतीं। अध्ययन इसे स्पष्ट रूप से गलत सिद्ध करता है, और बच्चों और युवा सांपों के मार्गदर्शन और सुरक्षा में मादाओं की भूमिका उजागर करता है। यह अध्ययन यह समझने कि दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम है कि प्राकृतिक परिस्थितियों में सांपों का समूह कैसे बनता है। स्किनर का मत है कि यदि पारिस्थितिकीविद अपने पूर्व फील्ड नोट्स या अध्ययनों पर दोबारा गौर करेंगे तो सांपों पर ऐसे और भी अध्ययन संभव हो सकेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**



नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह के दौरान उनके साथ केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल।

## मैक्सवेल का संसद की समिति के सवालों का जवाब देने से इन्कार

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की सहयोगी घिसलेन मैक्सवेल ने सोमवार को हाउस कमेटी टॉन ओवरसाइट एंड अकाउंटेबिलिटी के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्सवेल टेक्सास की जेल में बंद है, जहां वह यौन तस्करी के लिए 20 साल की सजा काट रही है। जेल के ही बंद कमरे से वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए समिति के सामने पेश हुई थी। समिति के अध्यक्ष जेम्स कोमर ने कहा कि जैसा कि उम्मीद थी, मैक्सवेल ने पांचवें संशोधन (कानून) का सहारा लेते हुए चुप रहने के अपने अधिकार का उपयोग किया।

# शबाना महमूद होंगी ब्रिटेन की पहली मुस्लिम पीएम!

## कश्मीर मूल की हैं, अमेरिकी यौन अपराधी एपस्टीन फाइल्स विवाद से पीएम स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

**लंदन।** अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े विवादों के कारण ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। अब उनकी अपनी लेबर पार्टी के एक धड़े ने ही इस्तीफे की मांग कर दी है। हालांकि स्टार्मर अभी पद छोड़ने से इन्कार कर रहे हैं। इस बीच, नए प्रधानमंत्री पद की होड़ में गृह मंत्री शबाना महमूद के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री वेस्ट स्ट्रीटिंग और पूर्व उपप्रधानमंत्री अंगेला रेनर का नाम सामने आ रहा है।

कश्मीरी मूल की शबाना महमूद पीओ. के के मीरपुर से हैं। वह ब्रिटेन की गृह मंत्री बनने वाली पहली मुस्लिम महिला हैं। अगर वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो ब्रिटेन की पहली मुस्लिम प्रधानमंत्री भी होंगी। दरअसल, ब्रिटेन में एपस्टीन फाइल से जुड़े विवाद की वजह से पीएम स्टार्मर के सबसे भरोसेमंद सहयोगी और डाउनिंग स्ट्रीट के चीफ आफ स्टाफ मार्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा है। मैकस्वीनी पर आरोप है कि उन्होंने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन का समर्थन करने वाले पीटर मंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाकर भेजा था। मैकस्वीनी ने भी माना है कि यह नियुक्ति गलत थी। अमेरिका में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर के साथ पीटर मंडेलसन। मंडेलसन पर आरोप है कि जेफ्री एपस्टीन को बच्चों के यौन शोषण के मामलों में सजा होने के बाद भी मंडेलसन उसके संपर्क में रहे और उसका समर्थन किया। लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं।



■ लेबर पार्टी के नियमों के अनुसार, अगर कोई कीर स्टार्मर के खिलाफ चुनौती देना चाहता है, तो इसके लिए कुछ सख्त शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं

इनमें सबसे महत्वपूर्ण है कि चुनौती देने वाले उम्मीदवार को पार्टी के संसदीय सदस्यों से कम से कम 20 प्रतिशत का समर्थन हासिल करना जरूरी है। यह नियम 2021 में पार्टी कान्फ्रेंस में बदलाव के बाद लागू हुआ था। पहले यह सीमा सिर्फ 10 प्रतिशत थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है ताकि कोई भी आसानी से लीडरशिप चुनौती न दे सके और पार्टी में स्थिरता बनी रहे। अभी लेबर पार्टी के कुल सांसदों की संख्या लगभग 404-405 के आसपास है, इसलिए किसी भी चुनौती को आगे बढ़ाने के लिए कम से कम 81 लेबर सांसदों का लिखित समर्थन जुटाना पड़ता है। इस राजनीतिक उथल-पुथल के बीच होम मिनिल्टर शबाना महमूद को उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। 45 साल की शबाना महमूद पहले न्याय मंत्री और लार्ड चांसलर रह चुकी हैं। बर्मिंघम में पाकिस्तानी माता-पिता के यहां जन्मी शबाना महमूद ने आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है। वह पेशे से बैरिस्टर हैं। 2010 में रुशानारा अली और यास्मिन कुरैशी के साथ वह ब्रिटेन की पहली महिला मुस्लिम सांसदों में शामिल हुईं। लेबर पार्टी में वे कीर स्टार्मर की करीबी सहयोगी मानी जाती हैं और पार्टी के दक्षिणपंथी (राइट-विंग) गुट से जुड़ी हैं। वे इमिग्रेशन (प्रवासन) नीतियों पर काफी सख्त रवैया रखती हैं और कहती हैं कि ब्रिटेन में रहना एक विशेषाधिकार है। 2010 में संसद पहुंचने के कुछ ही महीनों बाद उन्हें पार्टी की अहम जिम्मेदारी दे दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने कब्जे में लिया वेनेजुएला से जुड़ा तेल का टैंकर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सैनिक हिन्द महासागर में वेनेजुएला से जुड़े एक तेल टैंकर का रात भर पीछा करने के बाद उस पर चढ़ गए। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को यह जानकारी दी। हेगसेथ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि रात भर, अमेरिकी सैन्य बल ने बिना किसी घटना के, 'मुआयने के अधिकार' के तहत समुद्री अवरोध को अंजाम दिया, एक्विला-2 पर चढ़ाई की। यह (जहाज़) भागा, और हमने उसका पीछा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने वेनेजुएला से आने-जाने वाले तेल के टैंकरों पर प्रतिबंध लगाया है और यह टैंकर उस प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहा था।

### जापान में हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत, 604 घायल

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भारी हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत हो गई है और 604 लोग घायल हुए हैं। रूस की संवाद समिति स्पूतनिक के अनुसार, देश की अग्नि एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के आंकड़ों के विश्लेषण में यह जानकारी दी गई है। घायलों में से लगभग एक-तिहाई (193 लोग) गंभीर रूप से घायल हैं। मौतों की सबसे अधिक संख्या निगाटा प्रान्त में दर्ज की गई, जहां 17 लोगों की जान चली गई। जापान में 20 जनवरी से जारी हिमपात की ताजा लहर आठ फरवरी को टोक्यो पहुंची।

### रूस के क्रास्नोडार भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यूरो-मेडिटेरेनियन भूकंप विज्ञान केंद्र (इएमएससी) ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार नोवोरोस्सिय्स्क के महापौर आंद्रेई क्रावचेंको ने मंगलवार को कहा कि भूकंप के झटके शहर से 30 किलोमीटर (18.6 मील) दूर महसूस किए गए और इससे शहर की अवसंरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

# भारत पर रूस से तेल नहीं खरीदने का दबाव: लावरोव

## कहा: अमेरिका एनर्जी सप्लाई कर कंट्रोल चाहता है, ताकि दुनिया के देश उनसे महंगी गैस खरीदें

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत जैसे देशों पर दबाव बना रहा है ताकि वे रूस से सस्ता तेल न खरीदें। लावरोव ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि दुनिया की ऊर्जा सप्लाई उसके कंट्रोल में रहे और देश मजबूर होकर महंगी अमेरिकी गैस खरीदें। उन्होंने यह बातें 9 फरवरी को डिप्लोमैटिक वर्कर्स डे के मौके पर कहीं। लावरोव ने कहा कि अमेरिका ने डॉलर को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। रूस की विदेश में रखी संपत्तियों को फीज कर दिया गया है और रूस के खिलाफ लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात तो करती है, लेकिन जो प्रतिबंध पहले लगाए गए थे, वे अब भी जारी हैं। रूस के मुताबिक, यूक्रेन पर सहमति बनने के बाद भी अमेरिका नए प्रतिबंध लगाता रहा। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्सदेशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं। रूस की तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर रोक लगाई गई है और रूस के व्यापार और निवेश को सीमित करने की कोशिश हो रही है। ये सब गलत और अनुचित तरीके हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अब तेजी से बदल रही है। पहले अमेरिका पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और पैसों के सिस्टम पर हावी था और डॉलर के जरिए अपनी ताकत दिखाता था, लेकिन अब उसकी पकड़ कमजोर हो रही है। वहीं चीन, भारत और ब्राजील जैसे देश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अफ्रीका के देश भी अब सिर्फ कच्चा माल बेचने के बजाय अपने यहां इंडस्ट्री लगाना चाहते हैं। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता पर लावरोव ने कहा कि भारत जिन मुद्दों को आगे बढ़ा रहा है, वे आज की जरूरतों से जुड़े हैं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, खाने और ऊर्जा की सुरक्षा, तकनीक और एआई जैसे विषय अहम हैं। उन्होंने बताया कि भारत फरवरी में एआई पर एक बड़ी बैठक करने वाला है, जिसमें रूस भी शामिल होगा। रूस का कहना है कि एआई को लेकर नियम ऐसे होने चाहिए, जिनमें हर देश की आजादी बनी रहे और कोई एक देश बाकी देशों पर हुक्म न चलाए। लावरोव ने कहा कि पश्चिमी देश अपनी पुरानी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। ट्रम्प सरकार के आने के बाद यह और साफ हो गया है कि अमेरिका ऊर्जा के क्षेत्र में पूरी दुनिया पर कंट्रोल चाहता है और अपने मुकाबले वालों को रोकने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने बताया कि इन हालात का असर रूस के दूसरे देशों के साथ रिश्तों पर भी पड़ रहा है। रूस पर तरह-तरह की पाबंदियां लगाई जा रही हैं। खुले समुद्र में रूसी जहाजों को रोका जा रहा है, जो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के खिलाफ है। कुछ देशों को रूसी तेल और गैस खरीदने पर टैरिफ भी देना पड़ रहा है। लावरोव ने कहा कि रूस के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि देश सुरक्षित रहे और आगे बढ़ता रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि यूरोप में कुछ नेता खुले तौर पर रूस के खिलाफ युद्ध की बात कर रहे हैं। रूस का कहना है कि उसकी सुरक्षा के लिए यह जरूरी है कि यूक्रेन की जमीन से उसे कोई खतरा न हो और क्रीमिया, डोनबास और नोवोरोसिया में रहने वाले रूसी और रूसी भाषा बोलने वाले लोगों की सुरक्षा उसकी जिम्मेदारी है। ब्रिक्स को लेकर लावरोव ने कहा कि इंडोनेशिया के जुड़ने से यह समूह और मजबूत हुआ है। रूस आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और डब्ल्यूटीओ को खत्म नहीं करना चाहता, लेकिन चाहता है कि तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं को इन संस्थानों में उनका सही हक मिले। पश्चिमी देश इसका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से रूस और ब्रिक्स देश मिलकर नए रास्ते तलाश रहे हैं। इसमें अपनी-अपनी करेंसी में व्यापार करना, नए पेमेंट सिस्टम बनाना, निवेश के नए तरीके और अनाज के लिए अलग बाजार तैयार करना शामिल है। लावरोव ने साफ किया कि इसका मकसद किसी के खिलाफ जाना नहीं है, बल्कि खुद को एकतरफा दबाव से बचाना है।



■ अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्स देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं: लावरोव

### ईरान से जुड़े मुद्दे का शांतिपूर्ण हल जरूरी: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ईरान के आसपास के हालात को शांति से सुलझाया जाना चाहिए क्योंकि ताकत का इस्तेमाल करने से सिर्फ़ समस्याएं बढ़ेंगी। लावरोव ने मॉस्को में वल्दाई अंतर्राष्ट्रीय चर्चा क्लब के मौके पर हुए मध्य पूर्व सम्मेलन में कहा कि हम ईरान से जुड़ी कार्यवाही पर करीब से नज़र रख रहे हैं। हम ओमान सल्तनत की तरफ से की गई मध्यस्थता की कोशिशों का स्वागत करते हैं। बेशक, हम इस समझ से आगे बढ़ रहे हैं कि यहां शांतिपूर्ण समझौता होना चाहिए। ट्रम्प प्रशासन ने पश्चिमी एशिया में एक लड़ाकू विमान कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और कई युद्धपोत तैनात किए हैं। अमेरिका ने ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए मजबूर करने की कोशिश में उसे लगातार चेतावनी भी भेजी हैं। लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के भविष्य को लेकर परेशान और चिंतित है, और वह ईरान एवं खाड़ी के अरब देशों के लिए सहयोग परिषद के बीच रिश्तों को पूरी तरह से सामान्य करने में दिलचस्पी रखता है। उनकी राय में, ईरान और सऊदी अरब के बीच राजनयिक रिश्तों की बहाली ने इसके लिए ज़रूरी शर्तें तैयार कर दी हैं।

### ईयू-नाटो के बीच एकजुटता की कमजोरी को दर्शाती है ग्रीनलैंड की स्थिति: लावरोव

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि ग्रीनलैंड के आसपास की स्थिति से उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और यूरोपीय संघ (ईयू) के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि की कमजोरी को उजागर हुआ है। रूसी प्रसारक एनटीवी को दिए साक्षात्कार में लावरोव ने कहा कि यूरोप बिखर गया है। ग्रीनलैंड ने दिखाया है कि नाटो और ईयू दोनों के इर्द-गिर्द निर्मित एकजुटता, पारस्परिक सहायता और समझ की छवि कितनी अस्थिर है। मुझे नहीं पता कि यूरोप क्या करेगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क साम्राज्य का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार-बार कहा है कि यह द्वीप अमेरिका का हिस्सा होना चाहिए।

### भारत और चीन ने संबंधों में सकारात्मक गति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति की मंगलवार को यहां समीक्षा की तथा लोगों के बीच संपर्कों को बढ़ाने तथा संवेदनशील मुद्दों पर लचताओं का समाधान करते हुए इन्हें मजबूत बनाने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां भारत-चीन रणनीतिक संवाद के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। यह वार्ता विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीन के कार्यकारी विदेश उप मंत्री मा झाओश्यू के बीच हुई। यह बातचीत भारत की अध्यक्षता में आयोजित पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक के इतर हुई। मा झाओश्यू ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं। प्रवक्ता के अनुसार दोनों पक्षों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों तथा बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने भी अपनी पोस्ट में कहा कि चीनी मंत्री मा झाओश्यू ने पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लिया। उन्होंने लिखा कि मा झाओश्यू ने उल्लेख किया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने व्यापक ब्रिक्स सहयोग के उच्च-गुणवत्ता वाले विकास की महत्वपूर्ण अवधारणा तथा शांति, नवाचार, हरित विकास, न्याय और लोगों-से-लोगों के बीच घनिष्ठ संपर्क के लिए प्रतिबद्ध ब्रिक्स के निर्माण से संबंधित पांच सहयोगात्मक रूपरेखाएं प्रस्तुत की हैं। इनसे ब्रिक्स तंत्र के भविष्य के विकास की दिशा तय होती है।

## गाजा में फिर गूंजे हवाई हमले, तीन की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी में युद्धविराम के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। इजरायल के ताजा हवाई हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई है। अस्पताल सूत्रों ने मौतों की पुष्टि की है। सीजफायर लागू होने के बावजूद हमले और जवाबी कार्रवाई की घटनाएं जारी हैं।

इससे इलाके में शांति प्रक्रिया पर नए सवाल खड़े हो गए हैं और हालात फिर तनावपूर्ण हो गए हैं। गाजा सिटी के पश्चिमी इलाके में हुए हमलों के बाद घायलों और मृतकों को शिफा अस्पताल लाया गया। अस्पताल प्रशासन ने तीन लोगों की मौत की जानकारी दी। इजरायली सेना ने कहा कि उसने रफाह शहर में अपने सैनिकों पर फायरिंग के जवाब में कार्रवाई की। सेना के मुताबिक यह युद्धविराम का उल्लंघन था और जवाब में सटीक निशानों पर हमला किया गया। करीब चार महीने पहले अमेरिका समर्थित युद्धविराम समझौता लागू हुआ था। यह समझौता हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध को रोकने के लिए बनाया गया था। इस योजना को मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रस्तावित 20 सूत्रीय ढांचे पर आगे बढ़ाया गया था। समझौते के तहत बंधकों और कैदियों की अदला-बदली भी हुई। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर झड़पें और सैन्य कार्रवाई पूरी तरह नहीं रुकी। समझौते के शुरुआती चरण में हमास ने अपने पास मौजूद सभी जीवित बंधकों को रिहा किया।

## बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले हिंदू कारोबारी की हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक और हिंदू व्यापारी की हत्या की गई। सोमवार की रात यह घटना ऐसे समय में हुई, जब दो दिन बाद ही इस दक्षिण एशियाई देश में आम चुनाव के लिए मतदान होना है। घटना मेमेनसिंह जिले में हुई है। इसी जिले में पहले भी दीपू चंद्र दास नाम के एक हिंदू व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई थी। भीड़ ने उसे जीवित जला दिया था। अभी जिनकी हत्या की गई है, उनकी पहचान सुषेन चंद्र सरकार (62 वर्षीय) के रूप में हुई है। वह धान के व्यापारी थे और डाकिनकांडा गांव में रहते थे। उनकी दुकान 'भाई भाई एंटरप्राइज' बोगर बाजार के चौराहे पर थी। पुलिस के अनुसार, हत्या रात 11 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने सुषेन चंद्र सरकार पर तेज हथियार से हमला किया।

# अमेरिका ने बांग्लादेश को दी बड़ी राहत

## व्यापार समझौते के तहत टैरिफ घटकर हुआ 19 प्रतिशत, आरएमजी सेक्टर को फायदा

**वाशिंगटन।** अमेरिका और बंगलादेश के बीच एक पारस्परिक व्यापार समझौता हुआ है, जो बंगलादेशी वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर देगा और कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों पर छूट प्रदान करेगा और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने बताया कि यह समझौता एक ऐसा तंत्र स्थापित करेगा जिसके तहत बंगलादेश के कुछ कपड़ों और परिधान एवं उत्पादों को शून्य पारस्परिक आयात शुल्क प्रदान किया जाएगा।

इसके तहत अमेरिकी मूल की सामग्रियों का उपयोग करके बनाए गए 'कुछ कपड़ा और परिधान उत्पादों के लिए भी छूट' दिया गया है। पात्रा आयात की मात्रा का निर्धारण बंगलादेश द्वारा उपयोग किए गए कपास और मानव निर्मित फाइबर के साथ-साथ अमेरिकी सामग्री के इस्तेमाल के आधार पर किया जाएगा। व्हाइट हाउस के बयान में बताया गया है कि बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 15 वर्षों में लगभग 15 अरब डॉलर ऊर्जा उत्पादों की भी खरीददारी बंगलादेश द्वारा की जाएगी। साथ ही इसमें अमेरिकी विमानों के खरीद का भी उल्लेख किया गया है। यह समझौता 2013 में हस्ताक्षरित अमेरिका-बांग्लादेश व्यापार और निवेश सहयोग मंच समझौते (टीआईसीएफए) पर आधारित है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक-दूसरे के बाजारों तक 'अभूतपूर्व पहुंच' के रूप में वर्णित किया है। अमेरिका और बंगलादेश ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य 'द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को गहरा करना' और दोनों देशों के निर्यातकों के लिए 'बाजार पहुंच का विस्तार करना' है। सौदे के तहत, बंगलादेश, अमेरिकी औद्योगिक और कृषि सामानों के लिए 'महत्वपूर्ण तरजीही बाजार पहुंच' प्रदान करेगा, जिसमें रसायन, चिकित्सा उपकरण, मशीनरी, मोटर वाहन और पुर्जे, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उपकरण, ऊर्जा उत्पाद, सोयाबीन, डेयरी उत्पाद, गोमांस, पोल्ट्री, ट्री नट्स और फल शामिल हैं। दोनों देशों ने 'द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं' को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें बंगलादेश, अमेरिकी वाहन सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों को स्वीकार करने, चिकित्सा उपकरणों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) प्रमाणपत्रों को मान्यता देने और अमेरिकी पुनर्मानिर्मित वस्तुओं और पुर्जों पर प्रतिबंध हटाने के लिए सहमत हुआ है। बंगलादेश ने 'विश्वसनीय सीमाओं के पार डेटा के मुफ्त हस्तांतरण' की अनुमति देने और विश्व व्यापार संगठन में इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण पर सीमा शुल्क पर स्थाई रोक का समर्थन करने पर भी सहमति जताई है।

■ बंगलादेश लगभग 3.5 अरब डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पादों की खरीद करेगा, जिसमें गेहूं, सोया, कपास और मक्का शामिल हैं

# ओमान जाएंगे ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी लारीजानी

## अमेरिका से टकराव के बीच अहम बैठक

**दुबई।** अमेरिका और ईरान के बीच ओमान में परमाणु समझौते पर पहले दौर पर बैठक बेनतीजा रही। हालांकि दोनों ही देशों ने इस वार्ता को सकारात्मक बताया। आने वाले दिनों में फिर से वार्ता की जाएगी।

इससे पहले ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ओमान की राजधानी मस्कट पहुंच रहे हैं। यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है और ओमान लगातार मध्यस्थता कर रहा है। इस बीच इजरायल ने भी ईरान को खुली चेतावनी दी है कि वह बिना अमेरिकी मदद के भी तेहरान पर हमला कर सकता है। बता दें कि इस हफ्ते इजरायली पीएम नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात करने वाले हैं। इस बीच ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी के ओमान दौरे पर सबकी नजर हैं। दरअसल, ओमान ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत में मध्यस्था की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में ईरान की संसद के पूर्व अध्यक्ष और अब देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी और ओमान के सुल्तान हैथम से मुलाकात करेंगे। राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने वार्ता को अहम बताया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि लारीजानी क्या संदेश लेकर ओमान जा रहे हैं। बता दें कि ईरान और अमेरिका ने पिछले सप्ताह ओमान में परमाणु वार्ता की। रविवार को तेहरान में आयोजित शिखर सम्मेलन में राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संकेत दिया कि ईरान यूरेनियम संवर्धन करने की अपनी शर्त पर अडिग रहेगा। यह मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ विवाद का प्रमुख विषय है। इससे पहले तेहरान में एक प्रेस कान्फ्रेंस में ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने बताया था कि परमाणु वार्ता के अगले दौर की तारीख और स्थान ओमान के साथ विचार-विमर्श के बाद तय होगा।



■ राजधानी मस्कट में अली लारीजानी क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करेंगे

## ट्रम्प ने अमेरिका-कनाडा पुल के उद्घाटन को रोकने की धमकी दी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले एक पुल के उद्घाटन को तब तक रोकने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गई प्रत्येक वस्तु के बदले अमेरिका को 'पूर्ण मुआवजा' नहीं मिल जाता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने पर अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विडसर शहर को जोड़ेगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाला 'गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल' को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा कि अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं।

